# भारतेन्दु शिखर

हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू व उत्तराखंड में प्रसारित

आरएनआई नं. HPHIN/2000/02437 | शिमला | मंगलवार, 7 जुलाई 2026 | 23 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 28, अंक 73, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | bhartendunewsmedia@gmail.com | 8894677702


# राम मंदिर चढ़ावा चोरी : चंपत राय व अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## पूर्व आईएफएस कृष्ण मोहन नए महासचिव; ट्रस्ट बोला- घटना से हम शर्मिंदा

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। चढ़ावा चोरी के बाद हुई पहली बैठक 3 घंटे तक चली। बैठक के बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी बोले- चंपत राय ने कहा है कि जब तक अपराधी पकड़े नहीं जाते तब तक पद पर रहना सही नहीं है। जो हुआ वह कष्टदायी है। इससे हम सब दुखी हैं। चढ़ावा चोरी लज्जाजनक घटना है। बैठक में ट्रस्टी के. पाराशरन ने कहा था कि त्यागपत्र देते ही इसे स्वीकार करना ट्रस्ट के संविधान में हैं। इसलिए इस्तीफा स्वीकार किया गया। कृष्ण मोहन ने कहा- चढ़ावा चोरी के आरोपियों को सजा दिलाएंगे। प्रबंधन की कमियों का फायदा उठाया गया, कमियों को दूर करेंगे ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो। समाज में अविश्वास है। विश्वास को दोबारा स्थापित करेंगे।



### प्रबंधन और संचालन में कमियां रह गई थीं, उसे दूर करेंगे : मोहन

**राम** मंदिर ट्रस्ट के नए महासचिव कृष्ण मोहन ने कहा- कहीं न कहीं प्रबंधन और संचालन में कमियां रह गई थीं। जहां कहीं लूप होल्स हैं, अब इसे बंद करना है। इसका पूरा प्रयत्न करूंगा। समाज में जो माहौल बना है, इससे हमारे न्यास की छवि धूमिल हुई है। मेरा प्रयास रहेगा कि हम सभी न्यासी लोग इस धूमिल छवि को सही करने का प्रयास करेंगे। राम जन्म भूमि में जो दर्शनार्थी शिलाएं दान करते हैं। इसका हम सभी न्यासी उस लक्ष्य की प्राप्ति को पारदर्शी रूप से करेंगे। पारदर्शी रूप से हर बात को बताया जाएगा, दिखाया जाएगा। हमारे न्यास के प्रति जो अविश्वास की प्रकृति बनी है, उसे दूर किया जाएगा। आपका साथ चाहिए, मीडिया से निवेदन है, जो सत्य है, वही प्रकाशित करें। न्यास के अधिकृत लोगों से पूछकर ही प्रकाशित करें।

### 22 जुलाई को फिर होगी ट्रस्ट की बैठक

**गोविंद** देव गिरी ने कहा- हमारा काम पूरी पारदर्शिता रखना है। हम 22 जुलाई को फिर से बैठेंगे। तब तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी। एसआईटी अपना काम कर रही है। झूठ के प्रचार से हम लोगों को सावधान करते हैं। हमें कहा जाता है कि वहां केवल दानपात्र की चोरी नहीं हुई। वहां कई वस्तुओं की चोरी हुई। उन सभी वस्तुओं का रजिस्टर हम लाए हैं, जो आपको दिखाएंगे।

### गोविंद देव गिरि बोले- झूठ का प्रपंच खड़ा किया जा रहा




**गोविंद** देव गिरी ने कहा- झूठ का प्रपंच खड़ा किया जा रहा है। अपराधियों को दंड मिलेगा। हमें न्यायालय पर विश्वास है। राम भक्तों का आभार व्यक्त करता हूं। अगर किसी को कोई शिकायत है तो कार्यालय में आकर मिलें। हम सभी सवालों का उत्तर देंगे। आस्था और विश्वास बनाए रखें। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को आधार बनाकर संपूर्ण राष्ट्र में जो हो हल्ला मचाया गया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### श्रीलंका की नेगोंबो में हिंसक झड़प, 25 मरे

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका की नेगोंबो जेल में कैदियों और जेल सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई हिंसक झड़प में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने गोलीबारी की और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए। घटना के बाद पूरे जेल परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा हिंसा के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि मृतकों में पांच जेल अधिकारी और 20 कैदी शामिल हैं। घायलों को कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल के अलावा आसपास के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रिपोर्टों के अनुसार, श्रीलंका के पश्चिमी तट पर स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को शुरू हुआ विवाद सोमवार को फिर हिंसक हो गया।

### कोर्ट ने सलमान खान से पूछा 'पर्सनैलिटी राइट्स' का दायरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता सलमान खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए 'काला हिरण-द बैटल फॉर लीगेसी' फिल्म की रिलीज पर रोक की मांग पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने पूछा कि क्या पर्सनैलिटी राइट्स का दायरा प्रमोशनल कंटेंट तक भी लागू होता है। सलमान पक्ष ने बिना सहमति व्यावसायिक उपयोग का आरोप लगाया। कोर्ट ने फिल्म से सलमान का सीधा संबंध स्पष्ट करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई तय की।

### तमिलनाडु मंदिर से चोरी मूर्तियां बरामद

**एजेंसी, मयिलाडुथुरै/कराईकल।** तमिलनाडु के मयिलाडुथुरै जिले के प्राचीन श्री नीलकंठेश्वरर शिव मंदिर से चोरी हुई लगभग 500 वर्ष पुरानी पंचधातु और कांस्य की मूर्तियां पुलिस ने बरामद कर ली हैं। श्रीलंका तस्करी से पहले कराईकल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामद मूर्तियों में पंचधातु से बनी चार प्रतिमाएं और एक कांस्य दीपक शामिल है, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क श्रीलंका के तस्करों से जुड़ा हुआ था और मंदिर की मूर्तियों को समुद्री मार्ग से बाहर भेजने की तैयारी थी। मोबाइल फोनों की फोरेंसिक जांच में अंतरराष्ट्रीय संपर्कों और तस्करी नेटवर्क के महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जांच कर रही है।

### लद्दाख में बीआरओ फंड गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के धन के कथित गबन से जुड़े चार मामलों में सोमवार को 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 26 स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश व नागालैंड में की गई। सीबीआई के अनुसार मामले लद्दाख के प्रोजेक्ट विजयक व प्रोजेक्ट योजक में कैजुअल मजदूरों की तैनाती व फर्जी मजदूरों के नाम पर भुगतान जारी किए जाने से संबंधित हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर इन मामलों की जांच शुरू की गई। शिकायतें बीआरओ के तकनीकी अधिकारियों के बोर्ड द्वारा की गई आंतरिक जांच के बाद दर्ज कराई गई थीं।

## अमृतसर में नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 13 किलो हेरोइन बरामद

**एजेंसी, अमृतसर।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) ने दो नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करके तीन व्यक्तियों को 13 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि वर्तमान में खेराबाद, अमृतसर में रह रहे खेमकरण (तरन तारन) निवासी अकाशदीप सिंह तथा गांव भोडीवाला, जिला मोगा निवासी मंगल सिंह व बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीमों ने मादक पदार्थ की बरामदगी के अलावा नशा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही हुंडई वर्ना कार (यूपी-14-डीएल-0324) भी जब्त कर ली है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार गिरफ्तार आरोपित विभिन्न स्थानों से हेरोइन की खेप प्राप्त कर उसे पूरे पंजाब में अलग-अलग पार्टियों तक पहुंचाते थे। पहले ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की पुलिस टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि अकाशदीप के पास हेरोइन की बड़ी खेप पहुंची है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खेराबाद, अमृतसर स्थित उसके घर पर छापा मारकर उसके कब्जे से 8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि एक अन्य कार्रवाई में पुलिस को सूचना मिली थी कि दो नशा तस्कर अपनी वर्ना कार में हेरोइन की खेप की सप्लाई करने जा रहे हैं। वाहन की तलाशी के दौरान कार से 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकाली : मुंबई में रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेस-वे बंद

**एजेंसी, भोपाल। देश** के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया। बीएमसी ने सोमवार को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चलती गाड़ी पर पत्थर गिरने से 14 साल की लड़की की मौत हो गई। वहीं गुजरात में अमरेली जिले के राजुला तालुका में पिछले 24 घंटों में 11 इंच बारिश हुई है। इससे घातरवाडी नदी में बाढ़ आ गई है। नदी की बाढ़ का पानी कई गांवों में घुस गया है। वढेरा गांव में कमर तक पानी भरा हुआ है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह आफत बनकर बरस रहा है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के ब्रांदली में बादल फटने से फ्लैश फ्लड ने खेल मैदान और श्मशान घाट को तबाह कर दिया। वहीं, चंबा के भरमौर में चलती कार पर चट्टान गिरने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई।



◆ हिमाचल में बादल फटा चंबा जिले में चट्टान गिरने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत

### मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द

**मुंबई** में लगातार हो रही बारिश का असर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर भी पड़ा है। 6 जुलाई को रात 12 बजे से सुबह 11:30 बजे तक 17 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जबकि 217 उड़ानें देरी से संचालित हुईं। इस बीच लगातार हो रही भारी बारिश के असर से निपटने के लिए अकासा और इंडिगो एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की हैं।

## अंबाला के नए साइंस सेंटर का नाम होगा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर, प्रतिमा भी लगेगी : सीएम सैनी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है।

उनकी जयंती केवल उन्हें स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का अवसर है। मुख्यमंत्री सोमवार को अंबाला में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125 स्मरण पक्ष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अंबाला में 85 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा, साथ ही निर्माणाधीन शहीद स्मारक के नजदीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।




◆ मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक निर्णय डॉ. मुखर्जी के विजन को आगे बढ़ाने वाले: जगत प्रकाश नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रणेता थे।

## प. बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव 24 को

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की 3 रिक्त सीटों पर उपचुनाव 24 जुलाई को कराए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा व उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 27 जुलाई तक संपन्न होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई, जांच 15 जुलाई व नाम वापसी 17 जुलाई तय की गई है। ये सीटें सुखेंदुशेखर राय, सुस्मिता देव और प्रकाशचिक बराइक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार विस में संख्या बल को देखते हुए भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस के लिए मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा।

## सभी 5633 स्कूलों में बनेगी चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी, महीनेभर में पूरी करनी होगी व्यवस्था



**एजेंसी, दिल्ली।** दिल्ली के सभी 5633 सरकारी, सहायता प्राप्त, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंट और निजी स्कूलों में इस महीने के अंत तक चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी का गठन अनिवार्य होगा।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बाल सुरक्षा माह (चाइल्ड प्रोटेक्शन मंथ) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी सुरक्षा उपाय लागू करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े अभियान केवल जुलाई तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सभी संस्थानों में इन्हें स्थायी व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा।

उच्चस्तरीय बैठक में बताया गया कि फिलहाल दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में पॉक्सो कानून के तहत चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटियां गठित हो चुकी हैं। इस पर एलजी और मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राजधानी के सभी 5633 स्कूलों में इसी महीने के भीतर ऐसी समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए।

### पोक्सो मामलों में पुलिस की जवाबदेही बढ़ेगी

**बैठक** में दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया गया कि पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज हर मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ मामलों की जांच और कार्रवाई की निगरानी होगी। प्रत्येक जिले में अतिरिक्त डीसीपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो इस पूरी व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

## अली खामेनेई की अंतिम यात्रा : 10 किमी लंबे रूट पर जुटे लाखों लोग



**एजेंसी, तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई को अंतिम विदाई दी।

छह दिवसीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम की शुक्रवार से शुरू हुई रस्मों के अंतर्गत उनकी शोक यात्रा (जुलूस) में शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है। शोक यात्रा का मार्ग 10 किलोमीटर (6.2) किलोमीटर लंबा था। यह जुलूस पूर्वी तेहरान के इमाम हुसैन स्क्वायर से शुरू हुआ। इसका समापन पश्चिमी हिस्से में स्थित आजादी स्क्वायर पर हुआ। दिवंगत नेता को इराक के नजफ और कर्बला में भी श्रद्धांजलि दी जाएगी। भीड़ की भारी तादाद और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुबह से शुरू जुलूस को पूरा होने में लगभग 10 से 12 घंटे का समय लगेगा। आम दिनों में कार या टैक्सी से हुसैन स्क्वायर से आजादी स्क्वायर पहुंचने में अधिकतम समय लगभग 12 से 45 मिनट लगता है। इसके बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को पवित्र शहर कोम, इराक के शिया धर्मस्थलों और फिर अंतिम संस्कार के लिए उनके जन्मस्थान मशहद ले जाया गया।

## शाहजाद भट्टी नेटवर्क के 6 गुर्गे गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इन मॉड्यूल्स पर दिल्ली में संवेदनशील सरकारी प्रतिष्ठान और पुलिस संस्थानों पर पेट्रोल बम से हमला करने तथा पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी करने की साजिश रचने का आरोप है।

पुलिस ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब से जुड़े कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो कारें, एक चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन उपकरणों से पाकिस्तानी हैंडलरों से हुई बातचीत के डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि यह कार्रवाई नॉर्दर्न रेंज की टीम ने डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी की निगरानी में की। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में सामने आया कि पहला मॉड्यूल आईएसआई से जुड़े हैंडलर राना हुनैन के निर्देश पर काम कर रहा था। इसका उद्देश्य दिल्ली में रेकी कर पेट्रोल बम से हमला करना था। इस मामले में मुजफ्फरनगर निवासी दानिश उर्फ चांद मियां और सलमान को विजय घाट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दूसरा मॉड्यूल पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी में शामिल था, जिसे हसन गुज्जर संचालित कर रहा था। इस नेटवर्क के जरिए पंजाब सीमा पर हथियार गिराए जाते थे, जिन्हें दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सप्लाई किया जाता था।

इस मामले में तैय्यब, जुबैर खान, अली फजल और अमृतसर से मलकीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के मोबाइल से पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के साथ चैट, फोटो और वीडियो मिले हैं, जिनकी फोरेंसिक जांच जारी है। स्पेशल सेल का कहना है कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।



◆ दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम

## पीएम मोदी पहुंचे इंडोनेशिया, हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 दिनों की तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को इंडोनेशिया पहुंच गए। इंडोनेशिया पहुंचने पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया पहुंचने के बाद हवाई अड्डे पर उनके सम्मान में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा। राष्ट्रपति के अलावा विदेश मंत्री, सचिवालय मंत्री और कैबिनेट सचिव सहित चार अन्य मंत्रियों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 6 से 11 जुलाई तक तीन देश इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की है। इंडोनेशिया में वह राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा वह भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे और योग्याकार्ता में प्रसिद्ध प्रंबानन मंदिर परिसर का दौरा करेंगे। इंडोनेशिया के बाद वह ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, जहां मेलबर्न में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा और लोगों के आपसी संबंधों पर चर्चा करेंगे। वहां भारतीय समुदाय से भी संवाद करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड जाएंगे, जहां ऑकलैंड में प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ आर्थिक, व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों को और बेहतर बनाने पर बातचीत करेंगे।

**सुविधा** — मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुल्लू, मंडी और चंडीगढ़ को जोड़ने वाली हवाई सेवाओं का किया शुभारंभ

# 30 मिनट में पूरा होगा मंडी से चंडीगढ़ का सफर, लगेंगे 3500 रुपए

**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने आधिकारिक आवास 'ओकओवर' से मंडी-चंडीगढ़ तथा कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ के बीच रोजाना चलने वाली हेलिकॉप्टर सेवाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया।



भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस-उड़ान) के तहत मंडी-चंडीगढ़ हेलिकॉप्टर सेवा संचालित की जाएगी, जबकि गैर-आरसीएस (बाजार आधारित) मॉडल के तहत कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ के लिए हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस सेवा का संचालन किया जाएगा। कुल्लू से हेलिकॉप्टर की उड़ान प्रातः 9.00 बजे संचालित होगी और 9.10 पर मंडी पहुंचेगी। इसके बाद मंडी से 9.15 पर रवाना होकर हेलीकॉप्टर 9.45 पर चंडीगढ़ पहुंचेगा। वापसी की उड़ान चंडीगढ़ से सुबह 10.00 बजे होगी व 10.30 पर हेलिकॉप्टर मंडी पहुंचेगा तथा मंडी से 10.35 बजे प्रस्थान कर 10.45 बजे कुल्लू पहुंचेगा। ये सेवाएं नव निर्मित कांगनीधार (मंडी) हेलिपोर्ट से संचालित होंगी। आरसीएस-उड़ान योजना के तहत मंडी-चंडीगढ़ सेक्टर के लिए किराया 3,500 रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ सेक्टर के लिए किराया 8,500 रुपए तय किया गया है। आधुनिक यात्री सुविधाओं और आवश्यक अवसंरचना से सुसज्जित कांगनीधार हेलिपोर्ट हवाई सेवाओं के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। मंडी और कुल्लू जिलों के लोगों को हेलिकॉप्टर सेवाओं के शुभारंभ पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के दूर दराज और पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई संपर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन हेलिकॉप्टर सेवाओं की शुरुआत के साथ हवाई संपर्क के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। इन सेवाओं से यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, आपातकालीन सेवाओं की क्षमता मजबूत होगी तथा स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

### जसकोट, रक्कड़, पालमपुर और चंबा के हेलिपोर्ट निर्माण अंतिम चरण में

**सुखविंद्र** सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हेलिपोर्ट के विकास, क्षेत्रीय हवाई संपर्क के विस्तार तथा भारत सरकार एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से आरसीएस-उड़ान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से विमानन अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यटन को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की पहल को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी हेलिपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले के जसकोट, कांगड़ा जिले के रक्कड़ और पालमपुर तथा चंबा के हेलिपोर्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। इन हेलीपोर्ट के बनने से उच्च श्रेणी के पर्यटकों का हिमाचल प्रदेश में आगमन बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए आय और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## नर सेवा को नारायण सेवा मानकर 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हित के लिए कार्य कर रही सरकार : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक फरियादी से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि हमारी सरकार 'नर सेवा को नारायण सेवा' मानकर 25 करोड़ प्रदेशवासियों के हित के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग पर 'जनता दर्शन' के दौरान मुख्यमंत्री खुद फरियादियों तक पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं। अवैध कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामले में समयसीमा के भीतर न्याय दिलाया जाए और मामले का निस्तारण कर पीड़ित की संतुष्टि पर ध्यान दिया जाए।

## हिमाचल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 18 आईएएस और 16 एचएएस अधिकारियों के तबादले

# डॉ. अभिषेक को वित्त आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 आईएएस और 16 हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि कई को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

आईएस अधिकारियों में हिमाचल सरकार में सलाहकार (रेगुलेटरी रिफॉर्म्स) और प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन को वित्त आयुक्त (अपील) का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। उनके पास प्रधान सचिव (वित्त, योजना, अर्थ एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम), प्रधान सचिव (जल शक्ति विभाग) और प्रधान सचिव (तकनीकी शिक्षा) का कार्यभार पहले की तरह रहेगा। सुदेश कुमार मोक्टा को सचिव (सहकारिता) नियुक्त किया गया है। अमरजीत सिंह अब सचिव (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं हाउसिंग) के रूप में कार्य करेंगे। सचिव (गृह) का अतिरिक्त कार्यभार उनके पास पहले की तरह रहेगा। तोरुल एस. रवीश को निदेशक, भू-अभिलेख नियुक्त किया गया है। अभिषेक वर्मा अब निदेशक, हिमाचल मिल्कफेड के रूप में कार्य करेंगे। अजय कुमार यादव को प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन, शिमला नियुक्त किया गया है। महेंद्र पाल गुर्जर को एडीसी ऊना के पद से स्थानांतरित कर निदेशक (कार्मिक एवं वित्त), हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, शिमला बनाया गया है। विनय कुमार एडीसी कांगड़ा के पद पर बने रहेंगे और उन्हें हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, कांगड़ा के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से शिव मोहन सिंह सैनी को मुक्त किया गया है।

- सुदेश कुमार मोक्टा सचिव सहकारिता अमरजीत सिंह देखेंगे टीसीपी
- अभिषेक वर्मा मिल्क फेड और दिव्यांशु डीआरडीए प्रोजेक्ट निदेशक शिल्पी बेक्टा निर्वाचन आयोग सचिव

राहुल जैन को एडीसी सोलन के पद से स्थानांतरित कर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम और महिला विकास निगम, सोलन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्हें डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के रजिस्ट्रार और मानव भारती विश्वविद्यालय, सोलन के प्रशासक का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। दिव्यांशु सिंगल को एडीसी सोलन नियुक्त किया गया है। ओम कांत ठाकुर को प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम, शिमला और गुरसिमर सिंह को प्रबंध निदेशक, जनरल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, शिमला नियुक्त किया गया है। ईशांत जसवाल को एडीसी ऊना, रुपिंदर कौर को एडीसी बिलासपुर, डॉ. राजदीप सिंह को आयुक्त, नगर निगम सोलन और प्रियांशु खाती को एडीसी मंडी नियुक्त किया गया है। डॉ. अंजलि गर्ग को एसडीएम कांगड़ा और चंद्र प्रकाश को एसडीएम मंडी बनाया गया है।

### अभिषेक बरवाल घुमारवीं और पूजा एसडीएम नगरोटा

**एचएएस** अधिकारियों के तबादलों में एडीसी कुल्लू अश्वनी कुमार को परियोजना अधिकारी, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी), केलांग नियुक्त किया गया है। नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा को अतिरिक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान बनाया गया है। संजीव कुमार-प्रथम को सहायक बंदोबस्त अधिकारी, अर्की नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, कांगड़ा शिल्पी बेक्टा को अतिरिक्त सचिव (लोक निर्माण विभाग) बनाया गया है। उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी सभाएं, कांगड़ा का अतिरिक्त कार्यभार उनके पास पहले की तरह रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (विकास)-सह-परियोजना निदेशक (डीआरडीए), कुल्लू नियुक्त किया गया है। हितेश आजाद को सहायक बंदोबस्त अधिकारी, शिमला नियुक्त किया गया है। इस पद पर तैनात संजय कुमार के तबादले के अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। सिद्धार्थ आचार्य को कार्यकारी निदेशक, हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी), शिमला नियुक्त किया गया है। सनी शर्मा को एसडीएम कुपवी और नरेश कुमार वर्मा को श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज, नेरचौक का अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है। चेत सिंह को सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण-सह-अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से नरेश ठाकुर को मुक्त किया गया है। गौरव चौधरी को अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी सभाएं, कांगड़ा नियुक्त किया गया है। विश्रुत भारती को एसडीएम कफोटा और रमन कुमार शर्मा को एसडीएम फतेहपुर बनाया गया है। अभिषेक बरवाल को एसडीएम घुमारवीं तथा पूजा अधिकारी को एसडीएम नगरोटा बगवां नियुक्त किया गया है। इस पद पर तैनात मुनीश कुमार शर्मा के तबादले के अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। अमन कुमार को हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन (एचपीएमसी), शिमला का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है।

# चुने गए किसी भी जन प्रतिनिधि पर संगठन व लोगों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है : पाटिल



**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शिमला जिले के हाल ही में चुने गए जिला परिषद व पंचायत समिति के सदस्यों व शिमला ग्रामीण से नगर निगम शिमला के पार्षदों की एक बैठक को संबोधित करते हुए रजनी पाटिल ने कहा कि भले ही नगर निगम को छोड़ उनके यह चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं हुए हैं पर उनका कांग्रेस से जुड़े रहना व उनका कांग्रेस विचारधारा की जीत ने सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार की नीतियों व निर्णयों के साथ खड़े है।

उन्होंने कहा कि अब उन्हें अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के लिये कार्य करना होगा। शिमला ग्रामीण के विधायक लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को अपनी बधाई दी। उन्होंने कहा कि उन्हें मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी उन पर भी उतनी ही है, जितनी विधायक होने के नाते उन पर। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि उन्हें संगठन की मजबूती के साथ साथ क्षेत्र में संगठन विस्तार अभियान को भी तेज करना होगा, जिससे संगठन और मजबूत हो सकें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिमला ग्रामीण हरिकृष्ण हिमराल ने इन चुने हुए जन प्रतिनिधियों का परिचय देते हुए कहा कि शिमला जिले में कांग्रेस संगठन विस्तार अभियान को तेज करते हुए जल्द ही सदस्यता अभियान भी शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय पूर्व उनकी जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हुई है और वह जल्द ही शिमला ग्रामीण की कार्यकारिणी के गठन को अंतिम रूप देकर इसे पीसीसी की मंजूरी के लिए भेज देंगें। बैठक में एआईसीसी सचिव विदित चौधरी, चेतन चौहान, यशवंत छाजटा, विनोद जिंटा, अमित नंदा, विकास कालटा, शहरी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, जिला परिषद सदस्य आशा कंवर, प्रियंका तंवर, अनुराधा, सुरेंद्र मोगटा, अनीता शर्मा, सुरेंद्र रेक्टा, डिप्टी मेयर उमा कौशल, प्रधान जितेंद्र ठाकुर, बीसीडी अध्यक्ष कौशल्या शर्मा, जीत राम ठाकुर, उपाध्यक्ष भूप राम, विक्रम वर्मा, पूनम चंद्रिका, संजय ठाकुर, सौरभ चौहान, अमित भरमौरी और शिमला ग्रामीण के कई अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

### भाजपा की ग्रामीण विरोधी नीतियों से जनता को करें जागरूक : विनय कुमार

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए भाजपा की केंद्र सरकार की ग्रामीण विरोधी नीतियों से अवगत से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बंद कर दिया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का किसान, बागवान और युवा विरोधी चेहरा अब देश प्रदेश के सामने आ चुका है और इसके लिये लोगों को जागरुक किया जाना चाहिए।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में बड़ा गोलमाल, पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए सरकार : जम्वाल



**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में प्रशासनिक निर्णयों, नियुक्तियों और कंसेंट (अनुमतियां) जारी करने की प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जिनका उत्तर प्रदेश सरकार को देना चाहिए। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जिस अधिकारी को सदस्य सचिव (मेंबर सेक्रेटरी) की जिम्मेदारी दी गई है, उसी व्यवस्था में अपीलीय प्रक्रिया को भी प्रभावित करने की स्थिति दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व प्रशासनिक व्यवस्था में निर्णय लेने वाला अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी अलग-अलग होने चाहिए, ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो यह गंभीर चिंता का विषय है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड में उद्योगों को जारी होने वाले कंसेंट और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पत्राचार का संचालन भी कुछ चुनिंदा अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है। इससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इन निर्णयों का अधिकार किसके पास है और क्या सभी प्रक्रियाओं का पालन नियमों के अनुरूप किया गया है। राकेश जम्वाल ने कहा कि यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप है तो सरकार को स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। जांच से ही यह स्पष्ट होगा कि कहीं प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग या भ्रष्टाचार तो नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा की मांग है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में हुई नियुक्तियों, सदस्य सचिव से जुड़े प्रशासनिक निर्णयों, कंसेंट जारी करने की प्रक्रिया तथा अपीलीय व्यवस्था की विस्तृत जांच कराई जाए।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ठाकुर रामलाल की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा आयोजित

# रामलाल जनता से गहरा जुड़ाव रखने वाले दूरदर्शी नेता थे : रोहित



**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथा जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौ बार निर्वाचित विधायक रहे जननायक स्वर्गीय ठाकुर रामलाल की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कोटखाई में श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप राठौर, पंचायतीराज के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षा मंत्री ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय ठाकुर रामलाल जनता से गहरा जुड़ाव रखने वाले दूरदर्शी, कर्मठ एवं जनप्रिय नेता थे। उन्होंने कहा कि रामलाल हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार के मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री रहे तथा बाद में तीन बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौ बार निर्वाचित होकर कभी चुनाव न हारने का उनका गौरवशाली रिकॉर्ड आज भी प्रदेश की राजनीति में एक मिसाल है। जनता के अटूट विश्वास और स्नेह के बल पर उन्होंने मुख्यमंत्री तथा बाद में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कीं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा, कृषि, बागवानी तथा अनुसंधान को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वर्गीय ठाकुर रामलाल का अमूल्य योगदान रहा। उनके कार्यकाल में जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं संपर्क मार्गों का अभूतपूर्व विस्तार हुआ, जिससे क्षेत्र का सड़क घनत्व उल्लेखनीय रूप से बढ़ा और दूरदराज के गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े। आज भी क्षेत्र में दिखाई देने वाला सड़क नेटवर्क उनके दूरदर्शी नेतृत्व और विकासोन्मुख सोच का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) तथा चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना एवं विकास की आधारशिला रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी।

ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप राठौर ने पूर्व मुख्यमंत्री रामलाल के स्मरणो को याद किया। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से ठाकुर रामलाल जी के साथ कार्य करने का मौका मिला। सरल व सुलझे हुए व्यक्तित्व, जन भावनाओ को समझने वाले तथा सबको साथ लेकर चलना ये उनकी शख्सियत थी। कुलदीप राठौर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल राजनीति के सज्जन पुरूष के रूप में पूरे हिमाचल प्रदेश में जाने जाते थे। उनका जितना बड़ा कद था वे उतने ही नम्र स्वभाव के थे।

## भाखड़ा बांध विस्थापितों को हरियाणा के देसू जोधां में प्लॉट आवंटन, आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा एक माह

**अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए हरियाणा के गांव देसू जोधां, तहसील डबवाली, जिला सिरसा में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्लॉटों का आवंटन कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी आवंटित भाखड़ा बांध विस्थापित को इस प्रक्रिया पर कोई आपत्ति है, तो वह एक माह के भीतर उपायुक्त रिसेटलमेंट कार्यालय, फतेहाबाद (हरियाणा) में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरांत अंतिम आवंटन की प्रक्रिया को पूरा कर दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि गांव देसू जोधां में कुल 27 भाखड़ा बांध विस्थापितों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं। इनमें बड़गांव, तहसील घुमारवीं के आज्ञाराम पुत्र हरया राम, इन्द्र पुत्र काहना, चंदू पुत्र काहना, दुर्गा पुत्र काहना, सीता राम पुत्र काहना, अनंत राम पुत्र लाभू, बाली राम पुत्र लाभू, बीरबल पुत्र लाभू, संतराम पुत्र लाभू, खजाना राम पुत्र जंगी, प्रभदयाल पुत्र सुदामा, रामदयाल पुत्र सुदामा तथा गंगा राम पुत्र सुदामा शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डोहक, तहसील घुमारवीं के ओम प्रकाश पुत्र सीरी राम, परस राम पुत्र सीरी राम, ज्योति प्रकाश पुत्र श्रीराम, भगत राम पुत्र कांशी राम, प्रभा पुत्र सुबा तथा सीता राम पुत्र मुंशी राम को भी प्लॉट आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम बहल फतुआ के अछरु पुत्र बान्ना, गांव कथोन के खजाना पुत्र भोंगी, गांव कुटहेड़ा के बलदेव पुत्र हमीरा, रतन सिंह पुत्र कपूरा तथा शेर सिंह पुत्र कपूरा को भी आवंटन किया गया है। गांव मटला के शिवाला चेला गंगागिर मार्फत पुरुषार्थी कमेटी भाखड़ा औस्टीज देसू जोधां को भी इसमें शामिल किया गया है। साथ ही जिला ऊना के दो विस्थापितों को भी लाभ प्रदान किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रक्रिया उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है।

## फिंगर प्रिंट पहचान प्रणाली को मिलेगा सशक्त आधार

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** फोरेंसिक निदेशालय जुन्गा में सोमवार से फिंगर प्रिंट विज्ञान एवं नेशनल ऑटोमेटेड फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (नैफिस) पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारंभ फोरेंसिक सेवाओं की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने किया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 14 पुलिस फिंगर प्रिंट एनरोलमेंट यूजर तथा राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के तीन विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। केंद्रीय फिंगर प्रिंट ब्यूरो एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के निरीक्षक जतिन कुमार शर्मा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देंगे। डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर के एनरोलमेंट यूजर्स को नैफिस से संबंधित तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी देकर फिंगर प्रिंट डेटाबेस की गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि नैफिस के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों की पहचान अब पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी हो गई है। इससे अंतरराज्यीय अपराधियों की पहचान भी कुछ ही मिनटों में संभव हो रही है।

## सीबीएसई विद्यालयों में नियुक्ति प्रक्रिया से खिलवाड़ बंद करे सरकार : एबीवीपी

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 154 सीबीएसई विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध करवाना था, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां इस उद्देश्य के विपरीत दिखाई दे रही हैं।

प्रदेश सरकार ने सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कार्यरत शिक्षकों से लिखित परीक्षा आयोजित करवाई, परिणाम घोषित किए तथा मेरिट सूची भी जारी कर दी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अब मेरिट एवं शिक्षकों की वरीयता के आधार पर काउंसलिंग कर नियुक्तियां की जानी थीं। यही व्यवस्था संबंधित अधिसूचना में भी वर्णित है। इसके बावजूद सरकार द्वारा प्रक्रिया में बदलाव के संकेत दिए जा रहे हैं, जिससे योग्य एवं परिश्रमी शिक्षकों में असमंजस और रोष व्याप्त है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि यदि मेरिट को दरकिनार कर किसी अन्य आधार पर नियुक्तियां की जाती हैं, तो यह पारदर्शिता, निष्पक्षता व प्रतिभा का खुला अपमान होगा। दूसरी ओर, अनेक अभिभावकों की शिकायत है कि कई सीबीएसई विद्यालयों में अभी तक पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं तथा विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन भी समय पर नहीं मिल पाए हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एबीवीपी प्रदेश सरकार से आग्रह करती है कि किसी भी प्रकार के राजनीतिक या व्यक्तिगत हस्तक्षेप से ऊपर उठकर शीघ्र मेरिट आधारित काउंसलिंग आयोजित कर योग्य शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

विद्यार्थियों का भविष्य किसी भी प्रकार की प्रशासनिक देरी या पक्षपात का शिकार नहीं होना चाहिए यदि सरकार अपने ही निर्धारित मानकों से पीछे हटती है, तो यह योग्य शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के विश्वास के साथ अन्याय होगा। विद्यार्थी परिषद इस विषय पर विद्यार्थियों के हित में निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

## लोगों को किया कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक



**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला शिमला की विभिन्न अनुसूचित जाति बहुल ग्राम पंचायतों में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अनुमोदित सांस्कृतिक दलों द्वारा विशेष प्रचार अभियान किया गया और लोगों को नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा चौपाल द्वारा ग्राम पंचायत नेरवा के गांव धारटुआ तथा ग्राम पंचायत केदी के गांव बटेवड़ी, शिवरंजनी सांस्कृतिक दल बलग के कलाकारों ने ग्राम पंचायत बलग के गांव कोट तथा ग्राम पंचायत जैस और हिम आधार कला मंच नालदेहरा द्वारा ग्राम पंचायत पुजारली-3 तथा पुजारली बाजार में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को प्रदेश सर्कार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर कलाकारों ने बताया कि ऐसे अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम है को अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीन, बढई व लोहार के कार्य के लिए औजार प्रदान किए जाते हैं और स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत अनुसूचित जाती/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को 1 लाख 50 हज़ार रूपए मकान निर्माण के लिए दिए जाते हैं। इसके आलावा बीपीएल व 2 लाख रुपए की वार्षिक आय से कम परिवारों के बच्चों को निःशुल्क पीजीडीसीए/डीटीपी का एक वर्ष का कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत 2 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इस दौरान विकलांग छात्रवृति योजना के तहत ऐसे अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभिभावक जिनकी विकलांगता प्रतिशतता जिला विकलांगता बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक आंकी गई हो को 1150 रुपए प्रतिमाह एवं 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को 1700 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति, एंटी चिट्टा और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुजारली-3 की प्रधान हीना कालटा व उपप्रधान रछपाल शर्मा, जैस ग्राम पंचायत के प्रधान भूपेंद्र हेट्टा व बलग पंचायत के उपप्रधान विकास सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के प्रधान उपस्थित रहे।

## 'धाम व धूमधाम' के बाद शिक्षा मंत्री को स्कूल उद्घाटन से रोकना ही सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन : जयराम



**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ मंडी के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के देयोरी में किराये के चार कमरों में सात कक्षाएं लग रही हैं।

दो नालों के बीच बच्चे जान हथेली पर रखकर शिक्षा लेने को मजबूर हैं। दूसरी तरफ स्कूल का बहुमंजिला भवन तैयार होने के बाद भी सात महीनों से 'दिव्य मुहूर्त' का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा मंत्री ने बच्चों की समस्याओं और अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए 'धाम और पूरे धूमधाम' से उस विद्यालय का उद्घाटन करना चाहा तो राजधानी से फोन गया कि आप उस विद्यालय का उद्घाटन नहीं कर सकते, रुक जाइए। कार्यक्रम रोक दीजिए। लोग इकट्ठा हो चुके थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धाम का भी इंतजाम था। आखिरकार कार्यक्रम रोक दिया गया। मंत्री जी के नाम की उद्घाटन पट्टिका भी लग गई थी, बस उससे पर्दा हटाया जाना बाकी था, जिसे अधिकारियों द्वारा उखड़वा दिया गया। व्यवस्था परिवर्तन की सरकार में एक शिक्षा मंत्री स्कूल भवन का भी उद्घाटन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनने में आ रहा है कि सरकार अपने नंबर बढ़ाने के लिए आलाकमान की नेता प्रियंका गांधी से इस भवन का उद्घाटन करवाना चाह रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सत्ता में आते ही सुक्खू सरकार ने मिशन मोड पर भाजपा सरकार में करवाए गए कार्यों पर लगी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की पट्टिकाएं उखड़वाने का काम किया, क्योंकि सरकार के पास बताने के लिए अपनी कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी। अब सरकार विपक्षी नेताओं की पट्टिकाएं उखाड़ते-उखाड़ते अपने ही मंत्रियों की पट्टिकाएं उखड़वा रही है। उन्होंने कहा कि इस अधूरे रह गए उद्घाटन समारोह में सरकार और प्रशासन द्वारा स्थानीय भाजपा विधायक को भी नहीं बुलाया गया, जबकि मुख्यमंत्री कई बार यह आश्वासन दे चुके हैं कि ऐसे मामलों में स्थानीय विधायक को बुलाया जाएगा, चाहे वह विपक्ष से ही क्यों न हो।

**कार्यक्रम** दलाई लामा के 91वें जन्मदिवस पर तिब्बतन स्कूल परिसर छोटा शिमला में आयोजित हुआ भव्य समारोह

# विद्यार्थी मानवीय मूल्यों को अपनाएं व नशे के दुष्प्रभावों से बचें : विक्रमादित्य



**अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** 14वें दलाई लामा के 91वें जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को छोटा शिमला स्थित तिब्बतन स्कूल परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री ने कहा कि समाज में बढ़ते अपराध, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के गलत और गैर-जिम्मेदाराना उपयोग के कारण समाज में अनेक नकारात्मक प्रवृत्तियां जन्म ले रही हैं, जिनका दुष्प्रभाव आज पूरे देश और हिमाचल प्रदेश में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है, जहां बच्चों के व्यक्तित्व, सोच और जीवन मूल्यों की नींव रखी जाती है। इसलिए शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, साइबर जागरूकता तथा नैतिक मूल्यों के प्रति समय-समय पर जागरूक करें। उन्होंने विद्यालय प्रशासन से विद्यार्थियों के बीच नियमित जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया ताकि वह सही और गलत में अंतर समझ सकें। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में रासायनिक नशे, शराब तथा अन्य मादक पदार्थों का बढ़ता प्रचलन युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने हाल ही में शिमला के एक विद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरे समाज के लिए चिंता का विषय हैं और इनसे सबक लेते हुए युवाओं को सही दिशा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकास केवल सड़कों, भवनों, पर्यटन व आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक व मनोवैज्ञानिक विकास को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए।

आज यह समझना आवश्यक है कि विद्यार्थियों के मन में क्या चल रहा है व वह किन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। यदि उनके मानसिक स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों की अनदेखी की गई तो भौतिक विकास के बावजूद समाज मानवीय संवेदनाओं से रिक्त हो जाएगा। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सड़कों और आधारभूत ढांचे का निर्माण आवश्यक है, लेकिन यह विकास पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई जनहानि, घरों का क्षतिग्रस्त होना तथा अनेक परिवारों का विस्थापन केवल प्राकृतिक घटना नहीं है, बल्कि इसके पीछे वर्षों से चली आ रही अव्यवस्थित विकास प्रक्रिया और पर्यावरणीय असंतुलन भी एक प्रमुख कारण है। इसलिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है।

### दलाईलामा की वजह से हिमाचल को मिली दुनिया में अलग पहचान

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि विश्व के अनेक देशों के वर्तमान एवं पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, नीति-निर्माता, अंतरराष्ट्रीय हस्तियां तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व नियमित रूप से धर्मशाला पहुंचकर दलाई लामा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा उनके करुणा और मानवता के मार्ग से प्रेरणा लेते हैं। यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इस वजह से आज हिमाचल को दुनिया भर में दलाईलामा के कारण अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा दलाई लामा को भारत में शरण प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय मानवता और भारतीय संस्कृति की उदार परंपरा का प्रतीक है। निर्वासन के बाद धर्मशाला को अपना निवास बनाने के साथ ही यह नगर आज विश्वभर में लिटिल ल्हासा के नाम से भी जाना जाता है।

# प्रदेश कांग्रेस सरकार ने केंद्रीय सहायता का नहीं किया सदुपयोग : संजय टंडन



**भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश, विशेषकर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग दिया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विकास, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगातें दी हैं, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा नेता संजय टंडन ने यह बात सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला पालमपुर-जालंधर-धर्मशाला के प्रशिक्षण वर्ग में बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को एम्स बिलासपुर, मेडिकल डिवाइस पार्क, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार सहित हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं समर्पित की हैं। वहीं हाल ही में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 3,920 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता भी उपलब्ध कराई है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के लिए 2,247 करोड़ रुपये की लागत से 294 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें केंद्र सरकार का लगभग 2,019 करोड़ रुपउ का योगदान है। संजय टंडन ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के समय भी हिमाचल प्रदेश को हरसंभव सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं प्रदेश का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 1,500 करोड़ रुपए के विशेष सहायता पैकेज की घोषणा की तथा राष्ट्रीय राजमार्गों, प्रधानमंत्री आवास योजना, एसडीआरएफ और किसानों के लिए अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केंद्र से प्राप्त धनराशि का समुचित उपयोग करने में असफल रही है, जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित है, जबकि धरातल पर जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा।

## 'हरेला' पर हरिद्वार में होगा 30 हजार पौधों का रोपण



**भारतेंदु संवाददाता, हरिद्वार।** उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर 16 जुलाई को हरिद्वार जनपद में 30 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक कर सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संकल्प है।

उन्होंने निर्देश दिए कि 10 जुलाई तक गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, जैविक खाद, सिंचाई, ट्री-गार्ड तथा परिवहन की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। साथ ही 11 से 15 जुलाई के बीच सभी चयनित स्थलों का निरीक्षण एवं सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि पौधारोपण के लिए शासकीय कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल, पार्क, सड़क किनारे, नदी-नालों के तट, सामुदायिक एवं सरकारी खाली भूमि को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक स्थल की जियो-टैगिंग कर पौधों की संख्या और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

डीएम ने एक परिवार-दो पौधे अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरित हरिद्वार अभियान के तहत स्थानीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# उत्तराखंड में आठ नए सहकारी संघ होंगे गठित : धन सिंह रावत

### लखपति दीदी से यूथ फेडरेशन तक, उत्तराखंड में सहकारिता का नया मॉडल

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को कहा कि राज्य में सहकारिता के विस्तार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आठ नए सहकारी संघ गठित किए जाएंगे। साथ ही जिला स्तर के बाद अब विधानसभा क्षेत्र स्तर पर भी सहकारिता मेलों का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित 'सहकार मंथन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए लखपति दीदी फेडरेशन, महिला स्वयं सहायता समूह फेडरेशन, वन पंचायत फेडरेशन, स्वास्थ्य फेडरेशन, प्लंबर एवं जल कार्यकर्ता फेडरेशन, भारत टैक्सी फेडरेशन, एविएशन फेडरेशन तथा यूथ फेडरेशन का गठन किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।




**◆प्रदेशभर में सहकारिता मेलों का होगा विस्तार**

उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह फेडरेशन के माध्यम से राज्य के 21 हजार स्वयं सहायता समूहों को अधिक संगठित और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, जबकि लखपति दीदी फेडरेशन महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त करेगा। वन पंचायत फेडरेशन वन आधारित आजीविका और नर्सरी विकास को बढ़ावा देगा। प्लंबर फेडरेशन कुशल कारीगरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा, जबकि भारत टैक्सी फेडरेशन के माध्यम से करीब 47 हजार वाहन चालकों को आधुनिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। यूथ फेडरेशन का लक्ष्य एक वर्ष में एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित सहकारिता मेलों को मिली सफलता के बाद अब प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी ऐसे मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे किसानों, काश्तकारों, कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर अवसर मिल सके।

## उत्तराखंड को मिली नई रेल सुविधा नांदेड़ एक्सप्रेस की शुरुआत



**◆सिख समुदाय की मांग पूरी टनकपुर-नांदेड़ ट्रेन शुरू**

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** टनकपुर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस का संचालन शुरू हो गया है, जिससे उत्तराखंड के तराई क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत और सुविधा मिली है। यह नई रेल सेवा क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि इससे लंबे समय से चली आ रही सीधी रेल कनेक्टिविटी की मांग पूरी हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस सेवा की शुरुआत की जानकारी देते हुए कहा कि यह ट्रेन विशेष रूप से उत्तराखंड के तराई क्षेत्र में रहने वाले सिख भाई-बहनों और अन्य यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी।

इस रेल सेवा के शुरू होने से अब टनकपुर से महाराष्ट्र स्थित हजूर साहिब नांदेड़ तक सीधा आवागमन संभव हो सकेगा, जिससे यात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने या लंबी दूरी की असुविधा से राहत मिलेगी। यह कनेक्टिविटी धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि हजूर साहिब नांदेड़ सिख समुदाय के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है।

स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। व्यापारियों और यात्रियों का मानना है कि इस ट्रेन सेवा से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे विभाग के अनुसार, इस सेवा से उत्तराखंड और महाराष्ट्र के बीच संपर्क और मजबूत होगा तथा लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

### कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दिए सख्त निर्देश

## कांवड़ यात्रा : 25 जुलाई तक पूरी हों सभी तैयारियां

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा का सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सकुशल संचालन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और 25 जुलाई तक सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध तरीके से करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सिंचाई विभाग को कांवड़ पटरी मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जिला पंचायत को झाड़ियों की कटाई, शौचालयों और स्नान गृहों की साफ-सफाई व मरम्मत के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को कांवड़ मार्ग पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और झूलते बिजली के तारों को तत्काल दुरुस्त करने के लिए कहा गया। वहीं जल संस्थान को पर्याप्त पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को मार्ग पर स्वास्थ्य शिविर, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाइयों एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया।



### विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए

**जिलाधिकारी** ने पुलिस विभाग को प्रभावी यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाने के निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ पटरी मार्ग पर बिजली के पोलों के नीचे किसी भी प्रकार के अस्थायी स्टॉल या फड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वन विभाग को आवश्यक स्थानों पर पेड़ों की शाखाओं की छंटाई (लॉपिंग) समय से कराने, जबकि नगर निगम और जिला पंचायत को यात्रा मार्गों, शिविर स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## तेजी से बढ़ा अलकनंदा का जलस्तर, रुद्रप्रयाग में डूबी शिव मूर्ति, श्रीनगर में घाट तक पहुंचा पानी

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उत्तराखंड की प्रमुख नदियों में से एक अलकनंदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे रुद्रप्रयाग और श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र में हालात चिंताजनक बन गए हैं। नदी का जलस्तर बढ़ने से कई स्थानों पर पानी सामान्य सीमा से ऊपर पहुंच गया और निचले इलाकों में इसका असर साफ दिखाई देने लगा। रुद्रप्रयाग में स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब नदी के तेज बहाव के कारण भगवान शिव की मूर्ति पूरी तरह जलमग्न हो गई। यह दृश्य स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के लिए चिंता का विषय बन गया।

श्रीनगर क्षेत्र में भी अलकनंदा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे घाटों तक पानी पहुंच गया। अलकेश्वर घाट की निचली सीढ़ियां पूरी तरह पानी में डूब गईं और वहां आने-जाने वाले लोगों को सतर्कता बरतनी पड़ी। हालांकि दोपहर के बाद जलस्तर में कुछ कमी दर्ज की गई, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। फिर भी सुबह के समय जो स्थिति बनी, उसने लोगों में डर और सतर्कता दोनों बढ़ा दी।



लगातार बारिश से अलकनंदा का जलस्तर तेजी से बढ़ा।

चमोली, रुद्रप्रयाग और ऊपरी पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का सीधा असर अलकनंदा नदी के प्रवाह पर देखने को मिल रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही तेज बारिश के कारण नदी में पानी का बहाव अचानक बढ़ जाता है, जिससे निचले इलाकों में जलस्तर तेजी से ऊपर उठता है। सिंचाई विभाग के अनुसार सोमवार सुबह कुछ ही घंटों में नदी का जलस्तर बढ़कर लगभग 533.60 मीटर तक पहुंच गया। हालांकि विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नदी अभी चेतावनी और खतरे के निशान से नीचे बह रही है, इसलिए फिलहाल किसी बड़े खतरे की स्थिति नहीं है।

इसके बावजूद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों को नदी किनारे न जाने की सलाह दी है। श्रीनगर के आंचल डेयरी, कीर्तिनगर और मलेथा क्षेत्रों में सुबह के समय तेज बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर के अन्य हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

### अलकनंदा का रौद्र रूप आया सामने

**ऊपरी** क्षेत्रों में लगातार बारिश जारी रहने के कारण अलकनंदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिसका असर नीचे के इलाकों में तुरंत देखने को मिला।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ ही घंटों में नदी का पानी तेजी से बढ़कर घाटों तक पहुंच गया, जिससे आसपास रहने वाले लोग सतर्क हो गए। घाटों पर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई और आवाजाही को सीमित कर दिया गया। प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और समय-समय पर जलस्तर की निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर में उतार-चढ़ाव मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि ऊपरी क्षेत्रों में बारिश जारी रहती है तो नदी के जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है। इसी कारण प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बढ़ा दी है और आपदा प्रबंधन टीमों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से घाटों पर न जाने की अपील की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून के दौरान हर साल अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ता है, लेकिन इस बार पानी का बहाव अपेक्षाकृत तेज और अचानक रहा है। इससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों में चिंता का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर लोग अपने घरों और दुकानों के आसपास पानी के बढ़ते स्तर को देखकर सतर्क हो गए हैं।

हालांकि दोपहर के बाद जलस्तर में कुछ कमी आने से स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए अभी भी सतर्कता बरती जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बद्रीनाथ गर्भगृह में कैमरा चलाते पकड़ा गया श्रद्धालु, वीडियो डिलीट

**भारतेंदु संवाददाता, चमोली।** चमोली जिले के बदरीनाथ धाम में एक यात्री को मंदिर के गर्भगृह में स्पाई कैमरे से अवैध रूप से वीडियो और फोटो रिकॉर्डिंग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को रोका और उसके सभी रिकॉर्ड किए गए वीडियो व तस्वीरें डिलीट करवा दीं। आरोपी की पहचान मुंबई निवासी जयप्रकाश पांडे के रूप में हुई है। उसके खिलाफ उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यह घटना मंदिर की सुरक्षा और धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन का मामला है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत, सीसीटीवी में खून की उल्टियां करता दिखा

**भारतेंदु संवाददाता, कोतवाली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बागवान स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। कोतवाली निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक बागवान स्थित पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। देर रात की घटना में वह पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरों में पहले पंप से बाहर जाता हुआ दिखाई दिया। कुछ देर बाद वह दोबारा पेट्रोल पंप की ओर लौटा, लेकिन लौटने के बाद उसे अचानक खून की उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई।

### उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** देहरादून समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में सोमवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्जन, बिजली और तेज बारिश की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों से दूर रहने और भूस्खलन क्षेत्रों में सावधानी बरतने की अपील की है।

### हरिद्वार में बिना लाइसेंस चल रही ट्रैवल एजेंसियों पर बड़ी कार्रवाई, 20 का चालान

**भारतेंदु संवाददाता, हरिद्वार।** हरिद्वार में बिना वैध लाइसेंस सार्वजनिक परिवहन सेवाएं संचालित करने वाले टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटरों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान 20 टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटरों का चालान किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश और संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी के मार्गदर्शन में यह अभियान शहर के शिवमूर्ति क्षेत्र में चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) नेहा झा ने किया।

### हरिद्वार में पंजाब के चार आरोपित गिरफ्तार, हजारों की डमी करंसी बरामद



**भारतेंदु संवाददाता, हरिद्वार।** पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान नकली नोटों के एक और गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पंजाब के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 500 के 169 नकली नोट, कुल 84,500 की डमी करेंसी बरामद हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं और पूरे नेटवर्क की गोपनीय जांच शुरू कर दी गई है। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर जनपदभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस देर रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मेला अस्पताल की ओर से आते चार युवक पुलिस को संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे वापस मुड़कर तेजी से भागने लगे, लेकिन बिल्केश्वर तिराहे से टिबड़ी तिराहे के बीच उन्हें दबोच लिया गया।

### सेवा पखवाड़ा सरकार और जनता के बीच भरोसे का सेतु : महाराज

## बीरोंखाल को मिली तीन करोड़ 20 लाख से अधिक की योजनाओं की सौगात

**भारतेंदु संवाददाता, पौड़ी।** सेवा पखवाड़ा सिर्फ एक आयोजन नहीं, सरकार और जनता के बीच भरोसे का सेतु है। इसके माध्यम से सरकार अपने कार्यों को जनता के सामने रखती है और जनता अपनी समस्याओं को सीधे सरकार के सामने रखती है।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने क्षेत्र भ्रमण के तीसरे दिन सोमवार को विकासखण्ड बीरोंखाल के भरपूर बड़ा, नेग्याणा, कसाणी, हलाड़, सैंधार, भरोलीखाल, कमलिया वल्ला आदि स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन, सशक्त मंडल, सशक्त संगठन के अंतर्गत कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रतिभा करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने 2 करोड़ 71 लाख की धनराशि से बनने वाले भगवती तलिया-कमलिया 5 किमी मोटर मार्ग में आरसीसी सेतु, 39.18 लाख की लागत से सैंधार-नेग्याणा-चोरखिण्डा मोटर मार्ग के सुधारीकरण, डामरीकरण कार्य और ग्राम पंचायत कैलाड़ में 10 लाख धनराशि से निर्मित होने वाले पंचायत भवन का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक और जनसंपर्क कर जनता की समस्याओं को सुनने के अलावा उनका मौके पर समाधान करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सरकार के द्वारा चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में भूमियाखांडा-किंगोड़ीधार पंपिंग पेयजल योजना, डांडा नागराजा ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना, वेदीखाल पंपिंग पेयजल योजना, बरसुण्डा देवता पंपिंग योजना, भैरोंगढ़ी पम्पिंग पेयजल योजना, जूनीसेरा चौबट्टाखाल पंपिंग पेयजल योजना और हलूणी पेयजल योजनाओं सहित करोड़ों रुपए की कई प्रमुख पेयजल और सिंचाई पंपिंग योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## श्री सीमेंट ने चार विद्यालयों में बांटे स्कूल बैग

**भारतेंदु संवाददाता, हरिद्वार।** शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से श्री फाउंडेशन ट्रस्ट (श्री सीमेंट लिमिटेड) ने क्षेत्र के चार सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। नए बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर ऊद, मिडिल स्कूल अकबरपुर ऊद, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर तथा प्राथमिक विद्यालय पीपली के विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के एचआर हेड शिवराज ने कहा कि सरकारी स्कूलों में घटते नामांकन और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल स्कूल बैग वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में शिक्षा सामग्री, कंप्यूटर शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर बच्चों की पढ़ाई को और बेहतर बनाना भी है।

# गुरमीत सिंह बने उत्तराखंड के सबसे लंबे कार्यकाल वाले राज्यपाल

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** उत्तराखंड में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए राज्य के वर्तमान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने सबसे लंबे कार्यकाल वाले राज्यपाल का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने पूर्व राज्यपाल सुदर्शन अग्रवाल के 1,755 दिनों के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए 1,756 दिनों का सेवाकाल पूरा कर यह महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ ही वे उत्तराखंड के इतिहास में सबसे लंबे समय तक राज्यपाल पद पर रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं।

15 सितंबर 2021 को राज्यपाल पद की जिम्मेदारी संभालने वाले का कार्यकाल अब निरंतर बढ़ते हुए एक नए ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंच गया है। उनका जीवन और व्यक्तित्व सैन्य अनुशासन, रणनीतिक अनुभव और प्रशासनिक दक्षता का अनूठा संगम माना जाता है। 1 फरवरी 1956 को पंजाब के अमृतसर जिले के जलाल उस्मान गांव में जन्मे गुरमीत सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल कपूरथला से प्राप्त की, जहां से उनमें अनुशासन और नेतृत्व की मजबूत नींव पड़ी।



उनके परिवार का सैन्य पृष्ठभूमि से गहरा संबंध रहा है, जिससे उनमें देशसेवा की भावना बचपन से ही विकसित हुई। लगभग चार दशकों के लंबे सैन्य करियर में उन्होंने भारतीय सेना में डिप्टी आर्मी चीफ जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई अहम अभियानों में योगदान दिया। चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा प्रबंधन, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में उनका अनुभव बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

अपने सेवा काल में उन्हें चार प्रतिष्ठित राष्ट्रपति सम्मान—परम विशिष्ट सेवा मेडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल—से भी सम्मानित किया गया, जो उनकी उत्कृष्ट सैन्य सेवाओं का प्रमाण हैं। वहीं पूर्व राज्यपाल सुदर्शन अग्रवाल का 1,755 दिनों का रिकॉर्ड अब पीछे छूट चुका है। गुरमीत सिंह का यह रिकॉर्ड न केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि है, बल्कि यह उनके लंबे अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

**बदलाव** | पिथौरागढ़ में हंगामा करने वाले तीन कांग्रेस नेता पार्टी से हुए बाहर

# कांग्रेस के 3 वरिष्ठ नेता 6 साल के लिए निष्कासित

**भारतेंदु संवाददाता, देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनहीनता के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वरिष्ठ नेताओं को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई उस घटना के बाद की गई है जो 30 जून को आयोजित 'परिवर्तन संकल्प सम्मेलन' के दौरान सामने आई थी। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के नेताओं का विरोध और मंच पर कथित अभद्रता किए जाने के आरोप लगे थे, जिसके बाद पार्टी संगठन ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सख्त कदम उठाया।

निष्कासित किए गए नेताओं में पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह लुंठी, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष भावना नगरकोटी और दीपक लुंठी शामिल हैं। प्रदेश कांग्रेस संगठन की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन नेताओं का व्यवहार पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के विपरीत था, जिससे संगठन की छवि को नुकसान पहुंचा।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन राजेंद्र सिंह भंडारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि सम्मेलन के दौरान मंच पर हुई गतिविधियों और प्रदेश स्तरीय नेतृत्व के प्रति विरोध को गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई है और ऐसे समय में संगठन किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करना चाहती। इसी कारण पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन की एकता और अनुशासन सर्वोपरि है तथा किसी भी स्तर पर इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**◆अनुशासन तोड़ने पर तीन नेता निष्कासित**

**◆परिवर्तन संकल्प सम्मेलन में विवाद के बाद कांग्रेस का बड़ा एक्शन**

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान कुछ नेताओं ने मंच संचालन और प्रदेश नेतृत्व की कार्यशैली को लेकर आपत्ति जताई थी, जो बाद में विवाद में बदल गई। इस घटना के बाद संगठन स्तर पर जांच की गई और प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर तीनों नेताओं को दोषी पाया गया। इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया।

कांग्रेस के इस कदम को आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से संगठन को मजबूत करने और अनुशासन बनाए रखने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि चुनावी माहौल में किसी भी प्रकार की अंदरूनी कलह या अनुशासनहीनता से जनता के बीच गलत संदेश जाता है, जिससे संगठन की साख प्रभावित हो सकती है।

वहीं, इस कार्रवाई के बाद पिथौरागढ़ जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और स्थानीय स्तर पर विभिन्न राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे पार्टी का सही कदम बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे आंतरिक असहमति को दबाने की कार्रवाई के रूप में देख रहे हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस पार्टी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संगठनात्मक अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह की घटनाओं पर कठोर कदम उठाए जाएंगे, ताकि पार्टी की एकता और चुनावी रणनीति प्रभावित न हो।

## मसूरी की सड़कों पर क्रेंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने अफसरों संग चलाई साइकिल

**भारतेंदु संवाददाता, मसूरी।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सोमवार सुबह मसूरी स्थित आईएएस अकादमी में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों (बैच-2024) के साथ मिलकर साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य फिटनेस, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी परिसर से हुई, जहां से साइकिल यात्रा अकादमी रोड, हालोक मार्ग और कंपनी गार्डन होते हुए पुनः अकादमी रोड पर समाप्त हुई। इस दौरान पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों का स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया।

डॉ. मंडाविया स्वयं भी साइकिल चलाते हुए पूरी यात्रा में प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफल और प्रभावी नेतृत्व की नींव होता है। यदि कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से फिट रहता है तो उसकी कार्यक्षमता, निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक संतुलन बेहतर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में लोग स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो रहे हैं, जिससे अनेक बीमारियां बढ़ रही हैं।

**◆प्रशिक्षु आईएएस बैच-2024 के साथ मसूरी में साइकिल यात्रा, लोगों ने किया स्वागत**

केंद्रीय मंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि भविष्य में वे देश की प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे, इसलिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि देश का हर नागरिक अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, साइकिलिंग, योग या पैदल चलने जैसी गतिविधियों को शामिल करे तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम किया जा सकता है।

इस अवसर पर आईएएस अकादमी के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अधिकारियों में टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करते हैं।

# पीजीआई में नए चिकित्सा केंद्रों का होगा भव्य उद्‍घाटन

## 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीजीआई में दो अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्रों का उद्‍घाटन कर देंगे नई सौगात

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में शुमार पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई), चंडीगढ़ का देश के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों के साथ दशकों पुराना ऐतिहासिक संबंध रहा है। संस्थान की स्थापना से लेकर इसके लगातार विस्तार तक कई राष्ट्रीय नेताओं ने इसकी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन कर इसे नई पहचान दिलाई।




अब इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे के दौरान पीजीआई में तैयार हुए एडवांस्ड न्यूरो साइंस सेंटर (एएनसी) और मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर (एमसीसी) का उद्घाटन किए जाने की संभावना है। इन दोनों अत्याधुनिक केंद्रों के शुरू होने से न केवल पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और चंडीगढ़ बल्कि पूरे उत्तर भारत के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

पीजीआई चंडीगढ़ की आधारशिला चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उच्चस्तरीय उपचार को एक साथ विकसित करने के उद्देश्य से रखी गई थी। संस्थान का औपचारिक उद्घाटन 7 जुलाई 1963 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। उद्घाटन समारोह में संस्थान के पहले निदेशक प्रो. पी.एन. चुट्टानी, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. तुलसी दास, डॉ. संतोख सिंह आनंद सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर, फैकल्टी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। नेहरू के इस उद्घाटन ने पीजीआई को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई और इसे देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में शामिल होने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान किया।

इसके बाद 30 नवंबर 1968 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पीजीआई के ब्लॉक-बी और कॉलेज ऑफ नर्सिंग का उद्घाटन किया। इस परियोजना के शुरू होने से संस्थान में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ नर्सिंग शिक्षा को भी नई दिशा मिली। आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तैयार करने में इस कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इंदिरा गांधी के इस दौरे के बाद पीजीआई में विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं के विकास को और अधिक गति मिली।

पीजीआई के विकास में देश के राष्ट्रपतियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने संस्थान के रिसर्च ब्लॉक-ए और पुस्तकालय का उद्घाटन किया था। इस अवसर ने पीजीआई में चिकित्सा अनुसंधान, उच्च शिक्षा और अकादमिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान की। अत्याधुनिक शोध सुविधाओं और समृद्ध पुस्तकालय के कारण संस्थान की वैज्ञानिक और शैक्षणिक पहचान पूरे देश में और अधिक मजबूत हुई।

इसके बाद मई 1997 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर का उद्घाटन किया। इस केंद्र के शुरू होने से बच्चों को एक ही छत के नीचे विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होने लगीं। यह केंद्र आज भी उत्तर भारत में बाल चिकित्सा के प्रमुख संस्थानों में गिना जाता है।

# ओटीटी से हटी फिल्म 'सतलुज', भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष उठाएगी मामला

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

पंजाबी अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाए जाने का मामला अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा है कि वह इस पूरे घटनाक्रम को जल्द ही पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और संबंधित केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाने के पीछे क्या कारण रहे, इसकी पूरी जानकारी ली जाएगी और यदि किसी प्रकार की गलतफहमी या तथ्यात्मक स्थिति सामने आती है तो उसे भी सार्वजनिक किया जाएगा।



मीडिया से बातचीत के दौरान केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि फिल्म को हटाए जाने के फैसले ने कई सवाल खड़े किए हैं। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जानकारी सामने आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर किन परिस्थितियों में यह निर्णय लिया गया। इसलिए वह जल्द ही संबंधित केंद्रीय मंत्री और पार्टी नेतृत्व से मुलाकात कर पूरे मामले पर चर्चा करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह एक संवेदनशील विषय है और इससे जुड़े सभी पहलुओं की पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उनका कहना था कि यदि फिल्म को हटाने के पीछे कोई तकनीकी, कानूनी या प्रशासनिक कारण हैं तो उन्हें भी स्पष्ट किया जाना चाहिए, ताकि लोगों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा तथ्यों के आधार पर ही इस विषय पर अपना पक्ष रखेगी और केंद्र सरकार से पूरी प्रक्रिया की जानकारी मांगेगी। ढिल्लों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी विवाद को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि वास्तविक स्थिति को सामने लाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर पर हमला

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के पीजीआई स्थित एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर में सोमवार सुबह ड्यूटी के दौरान एक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार, डॉक्टर अपनी नियमित ड्यूटी निभा रहे थे, तभी किसी बात को लेकर परिजनों के साथ कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे बढ़कर हिंसक झड़प में बदल गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और रेजिडेंट डॉक्टरों में भारी रोष फैल गया। एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। डॉक्टरों ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों पर हमला गंभीर मामला है और इससे चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित होती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए। फिलहाल मामले की जांच जारी है। रेजिडेंट डॉक्टरों ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।




### चंडीगढ़ में इमारत ढही, सपने जमींदोजः मासूम ने पूछा- पापा सफेद चादर में कवर क्यों हैं ?

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 स्थित प्लॉट नंबर-28 पर मरम्मत कार्य के दौरान 54 साल पुरानी दो मंजिला इमारत ढह गई, जिसमें दो उद्यमियों तरुण जैन और तरुण कौशिक की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब भवन में मरम्मत का काम चल रहा था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। तरुण जैन का अंतिम संस्कार उनके पैतृक शहर मेरठ (उत्तर प्रदेश) में और तरुण कौशिक का अंतिम संस्कार सोलन (हिमाचल प्रदेश) में किया जाएगा। दोनों अपने पीछे अपने-अपने परिवार छोड़ गए हैं, जिससे परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जीएमसीएच-32 की मोर्चरी के बाहर भावुक दृश्य देखने को मिला, जब तरुण कौशिक की बेटी ने मासूमियत से पूछा कि पापा सफेद चादर में क्यों हैं। इस सवाल पर मां फूट-फूटकर रो पड़ीं और वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।

### फौजी ग्राउंड में युवक की चाकू मारकर हत्या

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने कलाग्राम के पीछे स्थित फौजी ग्राउंड में रविवार शाम रायपुर कलां निवासी 28 वर्षीय आशीष की तीन अज्ञात हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। आशीष कमांड हॉस्पिटल में माली के रूप में कार्यरत था। मौत से कुछ मिनट पहले उसने अपनी पत्नी के भाई सोनू को फोन कर मदद की गुहार लगाई और कहा कि उसे बचा लिया जाए, लेकिन जब परिजन मौके पर पहुंचे तो वह गंभीर रूप से घायल पड़ा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया है क्योंकि वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान कर वारदात के कारणों का पता लगाया जा सके।

# माता बगलामुखी दर्शन के बाद बृजेन्द्र सिंह की राजनीतिक सक्रियता हुई तेज

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़।**

हरियाणा की राजनीति में पूर्व सांसद एवं पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बृजेन्द्र सिंह एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ हिमाचल प्रदेश स्थित प्रसिद्ध माता बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया, जिससे उनकी राजनीतिक सक्रियता को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा कर आम जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। इस यात्रा का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और लोगों की समस्याओं को समझना बताया गया है। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष भूपिंदर सिंह हुड्डा ने इसे निजी यात्रा कहा, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे सुनियोजित जनसंपर्क अभियान मान रहे हैं। इस पदयात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी ने इसे और अधिक राजनीतिक महत्व प्रदान किया।



### भविष्य की राजनीति में बृजेन्द्र सिंह भूमिका

**हरियाणा** की राजनीति में आने वाले समय में बड़े बदलाव और नए नेतृत्व की संभावनाएं लगातार चर्चा में हैं। ऐसे में पूर्व सांसद एवं पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बृजेन्द्र सिंह का नाम एक महत्वपूर्ण चेहरे के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। उनकी हालिया राजनीतिक सक्रियता, प्रदेशव्यापी पदयात्रा और जनता से सीधे संवाद की रणनीति ने उन्हें कांग्रेस संगठन में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि हरियाणा कांग्रेस में वर्तमान में नेतृत्व और संगठनात्मक संतुलन को लेकर कई स्तरों पर मंथन चल रहा है। इस स्थिति में प्रशासनिक अनुभव, संसदीय कार्यकाल और साफ-सुथरी छवि वाले नेता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

# मानसून में बढ़े 'करैत सांप' के हमले लोहगढ़ जलभराव से लोग हुए परेशान

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

मानसून की शुरुआत के साथ ही मोहाली जिले में जहरीले करैत (क्रेट) सांप के काटने के मामलों में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण सांप अपने बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। सिविल अस्पताल में जुलाई के पहले सप्ताह से ही सांप के काटने के कई मरीज उपचार के लिए पहुंचने लगे हैं। इसी बीच जीरकपुर के लोहगढ़ क्षेत्र में हर बारिश के बाद होने वाले जलभराव ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।



हाल ही में बरियाली गांव की 12 वर्षीय शिल्पी को घर के पास करैत सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तुरंत मोहाली के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बच्ची को आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर पर रखा। समय पर उपचार और उचित चिकित्सा मिलने से अब उसकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है और जल्द अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है।

सिविल अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. साहिल विकास ने बताया कि बाल रोग विभाग में सांप के काटने के बाद किसी बच्चे को वेंटिलेटर पर रखने का यह पहला मामला है। पहले ऐसे गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर करना पड़ता था। लेकिन अब अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम (सांप रोधी जहर), आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे गंभीर मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार करैत सांप का जहर बेहद खतरनाक होता है और यह सीधे तंत्रिका तंत्र पर असर डालता है। इसके काटने पर शुरुआत में आंखों की पलकें झुकने लगती हैं, आंखें ठीक से नहीं खुलतीं है। धीरे-धीरे शरीर में कमजोरी, लकवे जैसे लक्षण और सांस लेने में कठिनाई शुरू हो सकती है।

# पंजाब के स्कूलों में नशा रोकथाम का वैज्ञानिक अभियान, सामने आए सकारात्मक परिणाम

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ अपनी लड़ाई को नया और व्यापक स्वरूप देते हुए अब स्कूलों को इस अभियान का सबसे मजबूत केंद्र बनाया है। सरकार का मानना है कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान केवल कार्रवाई और इलाज से नहीं, बल्कि बच्चों और किशोरों में समय रहते जागरूकता और सही सोच विकसित करने से संभव है।

इसी सोच के तहत पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने स्कूल स्तर पर वैज्ञानिक और प्रमाण-आधारित (एविडेंस-बेस्ड) एंटी-ड्रग पाठ्यक्रम लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें ऐसी परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना भी है।

राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष अगस्त में शुरू किए गए इस विशेष पाठ्यक्रम को आगामी माह में एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस दौरान पंजाब के 3,658 सरकारी स्कूलों के लगभग आठ लाख विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ा गया है। इसके सफल संचालन के लिए 6,500 से अधिक शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम जे-पैल साउथ एशिया, व्यवहार वैज्ञानिकों और शिक्षा विशेषज्ञों के सहयोग से विकसित किया गया है तथा इसे भारत का पहला वैज्ञानिक और प्रमाण-आधारित एंटी-ड्रग पाठ्यक्रम माना जा रहा है।



इस पाठ्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल नशे के नुकसान गिनाने तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से छात्रों को जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किशोरों को साथियों के दबाव का सामना करने, तनावपूर्ण परिस्थितियों में सही निर्णय लेने, आत्मविश्वास बढ़ाने और नशे के प्रलोभन को दृढ़ता से ठुकराने जैसे व्यावहारिक कौशल सिखाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही सही सोच और निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो जाए तो वे नशे जैसी बुराइयों से आसानी से बच सकते हैं।

इस अभियान में शिक्षकों को सबसे महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। पंजाब सरकार ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के सहयोग से शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया है। नौ जिलों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों के 1,400 से अधिक स्कूल प्रमुखों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें किशोरों में नशे की शुरुआती पहचान, संवेदनशील संवाद, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझने और समय रहते उचित हस्तक्षेप करने की तकनीकों से अवगत कराया गया।

# चंडीगढ़ हत्या केस में हथियार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार कैमिस्ट के कैशियर जानकी दास की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। इस हत्याकांड में इस्तेमाल की गई जिगाना पिस्तौल मुहैया कराने वाले तीन युवकों को पुलिस ने तरनतारन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश कुमार उर्फ मनी, गुरमीत उर्फ बादशाह और सचिन उर्फ सिलवेस्टर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। फिलहाल तीनों आरोपी क्राइम ब्रांच की रिमांड पर हैं और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है।



◆ जिगाना पिस्तौल सप्लाई करने वाले तीन आरोपी तरनतारन से पुलिस ने पकड़े

जांच के दौरान सामने आया है कि हत्या की साजिश में शामिल एक अन्य आरोपी अमित पहले से ही पुलिस रिमांड पर है। अमित को सेक्टर-11 थाना पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया हुआ है, जो सोमवार को समाप्त हो रहा है। पुलिस उससे पूरे नेटवर्क और साजिश में शामिल अन्य लोगों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। हालांकि सूत्रों के अनुसार, अमित की निशानदेही पर अब तक कोई बड़ी बरामदगी नहीं हो सकी है।

क्राइम ब्रांच की टीम इस पूरे मामले को एक संगठित अपराध नेटवर्क के रूप में देख रही है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# बलटाना में दूषित पानी से हुए लोग परेशान, प्रशासन ने सुधारा फॉल्ट

**भारतेन्दु संवाददाता, जीरकपुर**

बलटाना के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में बरसाती पानी मिलने से स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों में दूषित पानी की आपूर्ति होने के कारण लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया। हालांकि शिकायतों के बाद प्रशासन ने जांच कर पाइपलाइन में आई तकनीकी खराबी का पता लगाया और उसे ठीक करने का दावा किया है, लेकिन क्षेत्र के लोग अभी भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं और साफ पानी की नियमित आपूर्ति की मांग कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार बलटाना के गणेश विहार सहित आसपास के कई इलाकों में पिछले कुछ समय से नलों से गंदा और बदरंग पानी आ रहा था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पानी से दुर्गंध भी आ रही थी, जिससे उन्हें संदेह हुआ कि इसमें सीवरेज या बरसाती पानी का मिश्रण हो गया है। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य समस्या मानकर नजरअंदाज किया, लेकिन जब कई परिवारों के सदस्य पेट संबंधी परेशानियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित होने लगे तो लोगों की चिंता बढ़ गई।

स्थानीय लोगों ने पानी की जांच कराई, जिसमें पानी दूषित पाया गया। इसके बाद निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग को शिकायत देकर तत्काल समाधान की मांग की। लोगों का आरोप है कि शुरुआती शिकायतों पर विभाग की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिसके कारण समस्या कई दिनों तक बनी रही और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्र की निवासी दीप्ति, अनुष्का, लक्ष्मी, सुनीता, रजनी, सरबजीत कौर, सुनीता पाठक, मधु बिष्ट, सोनू, चांदनी, नीलू और प्रीति ढिल्लों ने बताया कि दूषित पानी के कारण उन्हें पीने और घरेलू उपयोग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। कई परिवार बाजार से पानी खरीदने या पानी उबालकर उपयोग करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में इस तरह की घटनाएं स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं, इसलिए जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की जानी चाहिए।

# एसजीपीसी सम्मेलन में मान से इस्तीफा और माफी की मांग

## एसजीपीसी सम्मेलन में मुख्यमंत्री भगवंत मान से सार्वजनिक माफी एवं इस्तीफे की मांग, पंथक संघर्ष होगा तेज

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा मंजी साहिब दीवान हॉल में आयोजित पंथक सम्मेलन में मुख्यमंत्री भगवंत मान से सार्वजनिक माफी और नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि वे श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से मुख्यमंत्री को लेकर लिए गए निर्णयों के समर्थन में हैं और यदि मांगें पूरी नहीं होती हैं तो पंथक स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा तथा गांव-गांव में संघर्ष समितियां गठित की जाएंगी।

सम्मेलन की अध्यक्षता शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने की। उन्होंने कहा कि यह बैठक 15 जून को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा जारी आदेश के अनुरूप केवल 'गुरु दोखी' के मुद्दे पर केंद्रित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मंच पर बेअदबी विधेयक पर चर्चा नहीं की जाएगी क्योंकि यह विषय अभी श्री अकाल तख्त साहिब के विचाराधीन है।



श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार बाबा टेक सिंह धनौला ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन श्री अकाल तख्त साहिब की मर्यादा और सर्वोच्चता सदैव कायम रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के बयानों से विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई है और सरकारों को गुरुद्वारा मामलों में हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

पंथक नेताओं और वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग सरकार के समर्थन में बोलकर श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही कथित भ्रामक सूचनाओं पर भी चिंता जताई और पंथ को एकजुट रहने का आह्वान किया।

### मांग उठाने के पीछे मुख्य कारण

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा मंजी साहिब दीवान हॉल में आयोजित पंथक सम्मेलन में मुख्यमंत्री भगवंत मान से सार्वजनिक माफी और नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की गई। यह मांग मुख्य रूप से उस विवाद के बाद उठी है, जिसमें सिख संगठनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री के कुछ बयानों और टिप्पणियों से श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता और धार्मिक मर्यादा को ठेस पहुंची है। पंथक प्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने हालिया समय में ऐसे बयान दिए, जिन्हें सिख परंपराओं और धार्मिक संस्थाओं के खिलाफ माना गया, जिसके कारण समुदाय में असंतोष बढ़ा। सम्मेलन में यह भी कहा गया कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा लिए गए निर्णयों का पालन न होने और सरकार की कथित टिप्पणी को लेकर पंथक स्तर पर नाराजगी है। इसी कारण मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग उठाई गई है।

सम्मेलन में पारित प्रस्तावों में श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई गई। साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में पंथक सम्मेलन आयोजित करने, गांव स्तर पर गुरसिख कमेटियां और संघर्ष समितियां बनाने तथा विभिन्न सिख संगठनों को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में पंथ की एकता और मजबूत करने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही धार्मिक स्थलों पर विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि संघर्ष शांतिपूर्ण रहेगा लेकिन मांगों को लेकर दबाव लगातार बनाए रखा जाएगा।

# फर्द केंद्र कर्मचारियों ने अनिश्चितकाल के लिए किया हड़ताल का ऐलान

**भारतेन्दु संवाददाता, लुधियाना**

फर्द केंद्र ऑपरेटर्स एसोसिएशन पंजाब (रजिस्टर्ड नंबर 132) ने सरकार और विभाग के खिलाफ अपने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है। इस संबंध में लुधियाना के रख्ख बाग में यूनियन की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सरकार और संबंधित विभाग के कथित अड़ियल रवैये पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया।

यूनियन के प्रधान रमनदीप सिंह चकेरियां ने कहा कि फर्द केंद्र कर्मचारियों की समस्याएं लंबे समय से अनसुनी की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारी लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है और वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि फर्द केंद्रों का संचालन करने वाली निजी कंपनी सीएमएस का अनुबंध पंद्रह मई दो हजार छब्बीस को समाप्त हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। यूनियन का कहना है कि कंपनी द्वारा कर्मचारियों को एक महीने की बकाया वेतन राशि, ग्रेच्युटी निधि और अनुभव प्रमाण पत्र तक नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ रहा है।

बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि पंजाब परियोजना प्रबंधक राजीव मेहता लगातार कर्मचारियों को मुंबई स्थित कंपनी के प्रधान कार्यालय से संपर्क करने की बात कह रहे हैं, लेकिन वहां से किसी प्रकार का जवाब या संपर्क नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ गया है।

यूनियन नेताओं ने कहा कि बार-बार शिकायतों और मांगों के बावजूद कोई समाधान न निकलने के कारण अब आंदोलन को और व्यापक रूप देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है। इसी क्रम में यूनियन ने घोषणा की है कि पंद्रह और सोलह जुलाई को जालंधर स्थित डी एल आर कार्यालय के सामने बड़ा धरना प्रदर्शन और ध्वज मार्च किया जाएगा। इसके साथ ही कामकाज पूरी तरह बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का भी फैसला लिया गया है।

यूनियन का कहना है कि यह कदम मजबूरी में उठाया जा रहा है क्योंकि लंबे समय से उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रधान रमनदीप सिंह ने कहा कि यह लड़ाई केवल वेतन या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों और उनके भविष्य से जुड़ी हुई है।

**हड़ताल का कारण**

फर्द केंद्र कर्मचारियों को बकाया वेतन, ग्रेच्युटी और अनुभव प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। कंपनी और विभाग की अनदेखी तथा लंबे समय से समाधान न होने से कर्मचारियों में भारी असंतोष है, जिससे वे हड़ताल को मजबूर हुए।

# पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला रजिस्ट्रेशन में डिजिटल जन्म प्रमाण जरूरी

**भारतेन्दु संवाददाता, लुधियाना ।** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आठवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसका सीधा असर हजारों छात्रों और स्कूलों पर पड़ेगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अब इन दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। इस नए नियम का उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना बताया जा रहा है।

**◆ पंजीकरण में डिजिटल प्रमाण अनिवार्य**

हालांकि विद्यार्थियों और स्कूलों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने राहत भी दी है। जिन विद्यार्थियों के पास अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं है या जिनका प्रमाण पत्र डिजिटल रूप में अपडेट नहीं हुआ है, उनके लिए बोर्ड के पोर्टल पर अंडरटेकिंग का विकल्प शुरू किया गया है।

इस सुविधा के तहत स्कूल संबंधित विद्यार्थी की ओर से आवश्यक घोषणा अपलोड कर सकेंगे, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया बिना रुकावट जारी रह सकेगी। बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रक्रिया का पालन गंभीरता से करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण पूरा करें। इसके साथ ही बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बिना विलंब शुल्क के पंजीकरण की अंतिम तिथि दस जुलाई दो हजार छब्बीस निर्धारित की गई है, जबकि ऑनलाइन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि पंद्रह जुलाई दो हजार छब्बीस तय की गई है।

बोर्ड के इस निर्णय से जहां दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सुधार की उम्मीद है, वहीं स्कूलों को समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी करने की चुनौती भी मिलेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और छात्र रिकॉर्ड अधिक सटीक व सुरक्षित रहेंगे।

# चन्नी-वड़िंग गुटबाजी से कांग्रेस में बढ़ा तनाव

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**



2021 जैसी स्थिति उभरने के संकेत, 2027 चुनाव से पहले कांग्रेस में गुटबाजी

पंजाब कांग्रेस एक बार फिर उसी राजनीतिक संकट के दौर में फंसती नजर आ रही है, जिसने वर्ष 2021 में पार्टी को गहरे आंतरिक विवाद में धकेल दिया था। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच लंबी खींचतान ने कांग्रेस सरकार की नींव कमजोर कर दी थी। अब 2026 में स्थिति कुछ वैसी ही बनती दिख रही है, फर्क केवल इतना है कि इस बार सत्ता संघर्ष पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बीच केंद्रित है।

पंजाब कांग्रेस में हाल ही में हुए संगठनात्मक पुनर्गठन के बाद असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। चन्नी समर्थक लगातार नेतृत्व और संगठनात्मक फैसलों पर सवाल उठा रहे हैं। मोरिंडा स्थित चन्नी के आवास पर पूर्व विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की हुई बैठक ने पार्टी के भीतर असंतुष्ट गुट की सक्रियता को और स्पष्ट कर दिया है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं का समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं, जिससे दोनों खेमों के बीच दूरी और बढ़ती जा रही है।

स्थिति कई हद तक 2021 जैसे हालात की याद दिलाती है, जब संगठनात्मक मतभेद, नेतृत्व विवाद और राजनीतिक मुद्दों पर असहमति ने कांग्रेस को संकट में डाल दिया था। अंततः हाईकमान के हस्तक्षेप के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था और बाद में उन्होंने पार्टी से भी किनारा कर लिया था। इसका सीधा असर आगामी चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन पर पड़ा था। इस बार विवाद का मुख्य केंद्र संगठन का पुनर्गठन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति है। चन्नी समर्थक मांग कर रहे हैं कि पार्टी जल्द मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करे, जिसमें वे चन्नी को सबसे मजबूत दावेदार मानते हैं। दूसरी ओर, वड़िंग समर्थक सामूहिक नेतृत्व और संगठन को मजबूत करने की बात कर रहे हैं।

इस बीच नवजोत सिंह सिद्धू से जुड़े नेताओं की बढ़ती सक्रियता ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।

# कनाडा में पंजाबी गैंगस्टर गिरफ्तार हथियार और ड्रग्स हुए बरामद

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**



कनाडा के एडमॉन्टन शहर में पंजाबी मूल के एक युवक सफलदीप सिंह से जुड़े बड़े आपराधिक मामले का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार, एडमॉन्टन पुलिस ने तेज रफ्तार से चल रही एक संदिग्ध कार को रोककर जांच की थी। तलाशी के दौरान कार से अवैध हथियार और भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुए, जिसके बाद पुलिस ने कार चालक सफलदीप सिंह, उसके दो सहयोगियों संदीप सिंह और दिव्यांशु को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों ने अदालत में जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद सफलदीप सिंह ने अपना ठिकाना बदल लिया और दूसरे शहर में जाकर छिप गया। इसके बाद पुलिस ने जब उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला, तो सामने आया कि वह पहले से ही कनाडाई एजेंसियों की निगरानी में रहा एक कथित गैंगस्टर है।

जांच में यह भी पता चला कि सफलदीप सिंह अपने साथियों के साथ पढ़ाई के बहाने कनाडा आया था, लेकिन जल्द अमीर बनने की चाह में वह फोर ब्रदर्स गैंग से जुड़ गया। इसके बाद वह संगठित अपराध में शामिल हो गया और भारतीय मूल के लोगों को धमकाकर उनसे कथित रूप से फिरौती वसूलने लगा।

# दिलकुशा मार्केट में बिजली समस्या पर व्यापारियों का गुस्सा

**भारतेन्दु संवाददाता, जालंधर**



दिलकुशा मार्केट में लगातार बिजली कटौती, कम वोल्टेज और ट्रांसफॉर्मर की खराबी से परेशान दुकानदारों ने अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। बुधवार को कंपनी बाग चौक में धरना देने का ऐलान किया गया है, जिससे क्षेत्र में प्रशासन और बिजली विभाग पर दबाव बढ़ गया है।

मार्केट एसोसिएशन के प्रधान रिशु वर्मा ने बताया कि दिलकुशा मार्केट दोआबा क्षेत्र की सबसे बड़ी दवा मंडी मानी जाती है, जहां दवाइयों का बड़ा स्टॉक रखा जाता है। इन दवाइयों को सुरक्षित रखने के लिए रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर का लगातार चलना जरूरी होता है, लेकिन पिछले लंबे समय से बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण यह व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली कटने और कम वोल्टेज की समस्या ने व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई बार दवाइयां के खराब होने का खतरा भी उत्पन्न हो चुका है, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उनकी पूरी सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है।

रिशु वर्मा ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से इस समस्या को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इस दौरान एसडीओ, एक्सईएन, जेई और अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

मार्केट एसोसिएशन के अनुसार, पिछले सप्ताह लगातार दो दिनों तक बिजली पूरी तरह बंद रही थी। उस समय बिजली विभाग ने मरम्मत और सुधार कार्य के बाद स्थिति सामान्य होने का दावा किया था, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। सोमवार सुबह एक बार फिर ट्रांसफॉर्मर से तेज आवाजें आने लगीं, जिन्हें दुकानदारों ने पटाखों जैसी आवाज बताया। इसके बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और पूरा बाजार प्रभावित हो गया।

दुकानदारों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर की खराबी और ओवरलोडिंग की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन विभाग द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी नुकसान पहुंच रहा है।

एसोसिएशन ने बिजली विभाग को आज शाम तक समस्या का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बिजली व्यवस्था ठीक नहीं की गई, तो बुधवार को कंपनी बाग चौक में बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# गुरदासपुर में ऑपरेशन प्रहार तीसरा चरण, नशा तस्करों पर शिकंजा

**भारतेन्दु संवाददाता, गुरदासपुर**



गुरदासपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पंजाब पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार' का तीसरा चरण शुरू कर दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य में नशे के नेटवर्क को खत्म करना, नशा तस्करों की धरपकड़ करना और लंबे समय से फरार चल रहे भगौड़े आरोपियों को गिरफ्तार करना है।

इसी क्रम में गुरदासपुर जिले में थाना सिटी और थाना सदर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कई संवेदनशील और नशे के लिए बदनाम इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई गुरदासपुर के मोहल्ला इस्लामाबाद, चानन शाह श्मशान घाट क्षेत्र और मान कौर सिंह इलाके में की गई, जहां पुलिस टीमों ने हर गली, घर के आसपास के संदिग्ध स्थानों और संभावित ठिकानों की बारीकी से जांच की। यह पूरा अभियान डी.एस.पी. शाहबाज सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है।

हालांकि अभी तक बरामदगी और गिरफ्तारियों के सटीक आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन पुलिस ने संकेत दिया है कि विस्तृत जानकारी जल्द ही मीडिया के साथ साझा की जाएगी। डी.एस.पी. शाहबाज सिंह ने बताया कि ऑपरेशन का उद्देश्य केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इलाके में नशे के युवाओं को नशे की चपेट से बचाना भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुखबीर बादल ने विदेश यात्रा की मांगी अनुमति

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरविंदर सिद्धू की अदालत में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने विदेश यात्रा की अनुमति के लिए अर्जी दायर की है। यह अर्जी पंजाब सरकार बनाम प्रकाश सिंह बादल से जुड़े लंबित मामले के संबंध में दाखिल की गई है। सुखबीर सिंह बादल ने 7 जुलाई से 11 जुलाई तक विदेश यात्रा की अनुमति मांगी है। अर्जी में कहा गया है कि मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को तय है और उससे पहले उन्हें निजी पारिवारिक कार्यक्रम के कारण विदेश जाना है।



उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया है कि वे सुनवाई से पहले वापस लौट आएंगे। यह मामला 2018 में कोटकपूरा थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें विभिन्न धाराएं और शस्त्र अधिनियम शामिल हैं। अर्जी में यह भी उल्लेख किया गया है कि बादल सर्वोच्च सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं और उन्हें आतंकी संगठनों से खतरा है, इसलिए यात्रा विवरण गोपनीय रखा गया है।

### पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी तेज, चन्नी गुट सक्रिय

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़ ।** पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान लगातार गहराती जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाले गुट ने सोमवार को अपने समर्थक नेताओं के साथ अहम बैठक की। इस दौरान चन्नी गुट ने पार्टी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल से मुलाकात से दूरी बनाए रखी। सूत्रों के अनुसार, यह गुट अब अपनी बात सीधे राहुल गांधी के सामने रखने की रणनीति पर काम कर रहा है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर लौटे कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा भी खुलकर चन्नी के समर्थन में आ गए हैं। मोहाली में हुई बैठक में विधायक परगट सिंह, संगत सिंह गिलजियां, बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु और पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह ढिल्लों सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# राखी भेजने के लिए अवकाश में भी खुले रहेंगे पोस्ट ऑफिस

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**



रक्षाबंधन के त्योहार को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। 15 जुलाई से 28 अगस्त तक होशियारपुर मंडल के कई प्रमुख पोस्ट ऑफिस रविवार और सरकारी छुट्टियों के दिन भी खुले रहेंगे। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग त्योहार के अवसर पर आसानी से अपनी डाक सेवाओं का लाभ उठा सकें और समय पर राखी तथा अन्य पार्सल भेज सकें।

प्रवर अधीक्षक डाकघर होशियारपुर मंडल संदीप कुमार शोरी ने जानकारी दी कि इस अवधि में चयनित पोस्ट ऑफिसों के एम.पी.सी.एम. काउंटर सभी रविवार और अवकाश के दिनों में सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक कार्यरत रहेंगे। इन काउंटरों पर आम लोगों को सभी प्रकार की मेल और पार्सल बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। विशेष रूप से रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए राखी पार्सल भेजने की व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई है।

इसके अलावा आधार से संबंधित सेवाएं जैसे आधार एनरोलमेंट और अपडेटेशन भी इन खुले पोस्ट ऑफिसों में उपलब्ध रहेंगी, जिससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विभाग का मानना है कि त्योहार के समय इन सेवाओं की मांग बढ़ जाती है, इसलिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

इस सुविधा के तहत होशियारपुर हेड पोस्ट ऑफिस, दसूहा, बलाचौर, गढ़शंकर, गढ़दीवाला, मुकेरियां, तलवाड़ा और उड़मुड़ पोस्ट ऑफिस को शामिल किया गया है। इन सभी केंद्रों पर ग्राहकों की सुविधा के लिए, पर्याप्त स्टाफ तैनात रहेगा ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। डाक विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन पोस्ट ऑफिसों में पार्सल पैकेजिंग मैटीरियल आसानी से उपलब्ध हो।

नगर निगम लुधियाना ने इंजीनियरिंग विंग में फेरबदल कर अधिकारियों को नए कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियां सौंपी

# नगर निगम लुधियाना में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**भारतेन्दु संवाददाता, लुधियाना**




लुधियाना नगर निगम ने तुरंत प्रभाव से किए तबादले

महानगर में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से नगर निगम लुधियाना ने इंजीनियरिंग विंग में बड़ा फेरबदल किया है। यह बदलाव कमिश्नर की मंजूरी के बाद संयुक्त कमिश्नर (ए) द्वारा जारी आदेशों के तहत किया गया है। आदेशों को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे संबंधित क्षेत्रों में नए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी संभाल सकें।

जारी आदेशों के अनुसार कई वरिष्ठ अधिकारियों, एस.डी.ओ. और जे.ई. स्तर के कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह आदेश पत्र संख्या 371/जे.सी.(ए) दिनांक 04.07.2026 और डायरी नंबर 263/एम.ओ. दिनांक 06.07.2026 के तहत जारी किए गए हैं।

आदेशों के अनुसार किरनजीत सिंह, जो एस.डी.ओ. (बी एंड आर) हैं, को वार्ड नंबर 9, 10, 30, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84 और 85 का व्यापक प्रभार सौंपा गया है। यह एक बड़ा कार्यक्षेत्र माना जा रहा है, जिसमें कई विकास और निर्माण कार्य शामिल हैं।

अवतार सिंह, एस.डी.ओ. (बी एंड आर) को सब-जोन बी-4 की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मनविंदर सिंह को उनके मौजूदा कार्य के साथ-साथ हॉट मिक्स प्लांट का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसी तरह बलविंदर सिंह को भी सब-जोन बी-4 में तैनात किया गया है ताकि कार्यों में समन्वय बना रहे। आउटसोर्स आधार पर कार्यरत अंकुश गोगना को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ वार्ड नंबर 61 का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं अंकुश शर्मा, जो जे.ई. (बी एंड आर) हैं, को अपने मौजूदा कार्य के साथ सब-जोन बी-4 की जिम्मेदारी निभानी होगी। भूपिंदर सिंह, जे.ई. (बी एंड आर) को सब-जोन बी-2 का कार्यभार सौंपा गया है।

नगर निगम प्रशासन ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे बिना किसी देरी के अपने-अपने नए क्षेत्रों में कार्यभार संभालें। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि शहर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आनी चाहिए ।

# फरीदकोट में पुलिस जवान के बेटे की हत्या

**भारतेन्दु संवाददाता, फरीदकोट।** फरीदकोट के गांव पीपली में पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते में तैनात एक जवान के बेटे अर्शदीप सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसका शव एक घर के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला, जबकि उसके हाथ-पैर और मुंह रस्सियों से बंधे हुए थे। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

पुलिस के अनुसार अर्शदीप को हरप्रीत कौर नाम की महिला लगातार फोन कर संबंध बनाने का दबाव डाल रही थी, जिससे वह परेशान था। इस बात की जानकारी उसने अपने पिता हरनेक सिंह को दी थी। हरनेक सिंह ने पंचायत और ग्रामीणों के साथ मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन उससे पहले ही यह वारदात हो गई।

पुलिस को मौके से खून से सने कपड़ों में भागते तीन आरोपी दिखे, जिनकी पहचान हरप्रीत कौर के पिता, भाई और पति के रूप में हुई। शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सीबीएसई 10वीं रिजल्ट देरी से छात्रों में बढ़ी चिंता

**भारतेन्दु संवाददाता, लुधियाना**



सी.बी.एस.ई. की कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में हो रही देरी ने देशभर में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। रिजल्ट में देरी के कारण न केवल छात्रों की आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि 11वीं कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया भी बाधित हो गई है। स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों और एडमिशन की अंतिम तिथियां नजदीक होने के बावजूद परिणाम जारी न होने से स्थिति असमंजसपूर्ण बनी हुई है।

मई माह में आयोजित दूसरी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया 30 मई तक पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी सी.बी.एस.ई. की ओर से परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं। इससे लाखों विद्यार्थी प्रभावित हैं, जो पहली और दूसरी परीक्षा में से बेहतर अंकों के आधार पर अपना अंतिम परिणाम चाहते हैं।

विद्यार्थियों और अभिभावकों का कहना है कि बोर्ड का ध्यान मुख्य रूप से कक्षा 12वीं के परिणामों और अन्य प्रवेश परीक्षाओं पर है, जबकि 10वीं के छात्रों को नजरअंदाज किया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी कई छात्रों ने नाराजगी जताते हुए जल्द परिणाम जारी करने की मांग की है।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बिना मूल अंकपत्र के 11वीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स जैसे विषयों का चयन करना संभव नहीं है। कई स्कूलों में अस्थायी रूप से एडमिशन दिए जा रहे हैं, लेकिन अंतिम पुष्टि रिजल्ट आने के बाद ही होगी।

**आंदोलन** किसान संगठनों ने तत्काल समाधान और पारदर्शी नीति की मांग की

# गन्ना भुगतान के लिए किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी

**भारतेन्दु संवाददाता, गुरदासपुर**



गन्ने के करोड़ों रुपये के बकाया भुगतान, कृषि नीतियों और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कृषि समझौते के विरोध में रविवार को विभिन्न किसान संगठनों ने गुरदासपुर-श्री हरगोबिंदपुर रोड स्थित हरचोवाल में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम रखी, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस विरोध प्रदर्शन में लोक इंसाफ मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां, किसान मजदूर संघर्ष कमेटी, पगड़ी संभाल आंदोलन सहित कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। प्रदर्शनकारी किसानों ने केंद्र और पंजाब सरकार दोनों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को तत्काल पूरा करने की चेतावनी दी। सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ कृषि विविधीकरण की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ किसानों के गन्ने के भुगतान को वर्षों से लंबित रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से गन्ना किसानों को उनका बकाया नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है।

नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मिल मालिकों को भुगतान किया जा रहा है, लेकिन किसानों के खातों तक पैसा नहीं पहुंच रहा, जिससे व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। किसान नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किए जा रहे कृषि समझौते पर भी कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि यह समझौता पंजाब और देश के कृषि क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित होगा। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित होगी, बल्कि राज्य की कृषि आधारित इंडस्ट्री भी बुरी तरह से प्रभावित होकर खत्म होने की कगार पर पहुंच जाएगी।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि गन्ने का बकाया जल्द जारी नहीं किया गया और अमेरिका के साथ हुए कृषि समझौते में बदलाव नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि अगला चरण केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे ट्रैकों को भी जाम किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने लगातार तीन घंटे तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात पूरी तरह रोक दिया।

# पंजाब में चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

**भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**



पंजाब में अगले चार दिनों तक मौसम के बिगड़े रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और खराब मौसम के दौरान पूरी सतर्कता बरतें, क्योंकि तेज बारिश और आंधी के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है तथा पेड़ों के गिरने और अन्य हादसों का खतरा बना रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार 6 जुलाई को पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर और रूपनगर जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, मोगा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

इसके बाद **7 जुलाई** को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है। इस दिन **पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर, रूपनगर** और **एसएएस नगर** (मोहाली) में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

**8 जुलाई** को मौसम और अधिक सक्रिय रहने की संभावना है। इस दिन **पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला** और **एसएएस नगर** (मोहाली) में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। पूरे राज्य में इस दौरान रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है।

**9 जुलाई** को भी स्थिति लगभग ऐसी ही बनी रहने का अनुमान है। इस दिन **पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर** और **एसएएस नगर** (मोहाली) में भारी बारिश और गरज-चमक का येलो अलर्ट रहेगा, जबकि पूरे पंजाब में बारिश की संभावना बनी रहेगी।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो सकता है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

# जो संघर्ष से नहीं डरते, वही सफलता की नई ऊंचाइयों को छूकर इतिहास रचते हैं

आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त कर ऊंचाइयों को छूना चाहता है, लेकिन सफलता का मार्ग कभी आसान नहीं होता। इसके लिए कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतर संघर्ष की आवश्यकता होती है। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने जीवन में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं, उनकी सफलता के पीछे संघर्ष की लंबी कहानी छिपी होती है। वास्तव में संघर्ष ही सफलता का सबसे सशक्त मार्ग है। प्रकृति स्वयं हमें संघर्ष का पाठ पढ़ाती है। एक छोटा-सा बीज विशाल वृक्ष बनने के लिए धरती की कठोर परतों को चीरता है। नदी पर्वतों और चट्टानों से टकराकर भी रुकती नहीं, बल्कि अपना रास्ता स्वयं बनाती है। सोना अग्नि में तपकर ही कुंदन बनता है। इसी प्रकार मनुष्य भी संघर्ष की भट्ठी में तपकर निखरता है और अपने व्यक्तित्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। महान आविष्कारक थॉमस एडिसन का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। बचपन में उन्हें कमजोर छात्र माना जाता था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। हजारों असफल प्रयोगों के बाद उन्होंने विद्युत बल्ब का आविष्कार किया। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि असफलताएं सफलता की राह में आने वाले पड़ाव मात्र हैं, मंजिल नहीं।





धर्म देवा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
गांव धारना, जिला चंबा

इसी प्रकार स्टीव जॉब्स का जीवन भी प्रेरणा का स्रोत है। जिस कंपनी की स्थापना उन्होंने स्वयं की थी, उसी से उन्हें बाहर कर दिया गया। यह उनके जीवन का कठिन दौर था, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के आगे घुटने नहीं टेके। उन्होंने नए प्रयोग किए और अंततः पहले से अधिक सफलता प्राप्त की। उनका जीवन बताता है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत हो सकती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में पाणिनि का उदाहरण भी अत्यंत प्रेरणादायक है। साधारण परिस्थितियों में जन्म लेने वाले पाणिनि ने अपने परिश्रम और अध्ययन के बल पर ऐसा व्याकरण रचा, जो आज भी विश्वभर में सम्मान के साथ पढ़ा जाता है। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा का विकास निरंतर अभ्यास और समर्पण से होता है।

संघर्ष के समय सबसे बड़ी चुनौती परिस्थितियां नहीं, बल्कि हमारा दृष्टिकोण होता है। विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक बने रहना सफलता की पहली शर्त है। जब जीवन में कठिनाइयां आती हैं, तब हमें विश्वास बनाए रखना चाहिए कि हर अंधेरी रात के बाद उजाला अवश्य आता है। आशा व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति देती है, जबकि निराशा उसकी क्षमता को कमजोर कर देती है।

सकारात्मक सोच का अर्थ समस्याओं से आंखें मूंद लेना नहीं, बल्कि उनके समाधान खोजने की क्षमता विकसित करना है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी अवसर तलाश लेता है, वही सफलता के नए आयाम स्थापित करता है। इतिहास में जितने भी महान व्यक्तित्व हुए हैं, उन्होंने परिस्थितियों को दोष देने के बजाय स्वयं को परिस्थितियों के अनुरूप ढाला और आगे बढ़ते रहे।

आज की युवा पीढ़ी को समझना होगा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जो सफलता संघर्ष, अनुशासन और धैर्य से प्राप्त होती है, वही स्थायी और सार्थक होती है। संघर्ष केवल लक्ष्य प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी निर्माण करता है।

अतः हमें जीवन की चुनौतियों से डरने के बजाय उनका सामना करना चाहिए। कठिनाइयां हमें रोकने के लिए नहीं, बल्कि हमारी क्षमताओं को पहचानने के लिए आती हैं। जो व्यक्ति संघर्ष को अपना साथी बना लेता है, वह हर परिस्थिति में सफलता प्राप्त करने की क्षमता विकसित कर लेता है। संघर्ष जीवन की बाधा नहीं, बल्कि सफलता का सेतु है। यह व्यक्ति को साधारण से असाधारण बनाता है और उसे अपने लक्ष्य तक पहुंचने की शक्ति प्रदान करता है। इसलिए संघर्ष से घबराने के बजाय उसे सफलता की पहली सीढ़ी मानकर आगे बढ़ना चाहिए।

आज के डिजिटल और प्रतिस्पर्धी युग में चुनौतियाँ पहले की अपेक्षा अधिक जटिल हो गई हैं। शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक जीवन—हर क्षेत्र में निरंतर सीखने और स्वयं को समय के अनुरूप ढालने की आवश्यकता है। ऐसे समय में केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि कठिन परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और संघर्ष ही व्यक्ति को भीड़ से अलग पहचान दिलाते हैं। जो लोग असफलताओं से सीखते हैं, अपनी गलतियों को सुधारते हैं और हर दिन स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, वही अंततः अपने लक्ष्य तक पहुँचते हैं। इसलिए हमें संघर्ष को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानकर उसका स्वागत करना चाहिए। याद रखना चाहिए कि सफलता केवल मंजिल तक पहुँचने का नाम नहीं है, बल्कि उस यात्रा का भी सम्मान है जिसमें व्यक्ति अपने चरित्र, अनुभव और आत्मविश्वास को निरंतर विकसित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनता जनार्दन का सम्मान ही लोकतंत्र की पहचान मतदान से मजबूत होती है लोकतांत्रिक व्यवस्था

जनता जनार्दन सर्वोपरि है जिसका अर्थ है कि आम जनता ही भगवान (जनार्दन) है और उसका स्थान व निर्णय सबसे ऊपर है। चुनाव के दिनों में आमतौर पर इस वाक्य का प्रयोग किया जाता है। प्रत्याशी लोगों के घर द्वार जाकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मत मांगते हैं। और मतदानकर्ता अपने विवेक के हिसाब से अपने मत का गोपनीय रूप से प्रयोग करता है। लोकतंत्र में जिसे सबसे अधिक मत मिलेंगे वही विजय घोषित होगा। जनता जनार्दन जिसे अपना समर्थन देगी वही लोकतंत्र में जीतेगा। हार जीत तो जिंदगी में चली ही रहती है।




लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है तथा सभी लोगों को मत देने का भी पूर्ण अधिकार है। विश्व और भारत में कई ऐसे जननायक हुए हैं जिन्हें जनता ने निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और करिश्माई व्यक्तित्व के कारण अपार प्यार दिया। महात्मा गांधी, भगत सिंह, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महान विभूतियों ने राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई और आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। हमें इन सब महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके पदचिन्ह पर चलकर देश सेवा करनी चाहिए। मूलतः जनार्दन शब्द नारायण यानी भगवान विष्णु के लिए प्रयुक्त है। इस शब्द का एक अर्थ ही भगवान श्री कृष्ण के नाम पर है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

आमतौर पर चुनावी दौर में यहां सुनने को मिलता है की जनता जनार्दन है। जो जनता का निर्णय होगा वह लोकतंत्र में सभी को मानना पड़ेगा। जनार्दन नाम बहुत सुंदर और आकर्षक माना जाता है। इतना ही नहीं इसका मतलब में बहुत ही आध्यात्मिक अर्थ छुपा है। जनार्दन नाम का अर्थ भगवान कृष्ण जी से है जो कि प्राणी को जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त करने में मदद करते हैं। आधुनिक दौर में लोकतंत्र जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता के हाथों चुनी गई सरकार की प्रणाली है। इसे लोकतंत्र कहा जाता है। उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान, लोकतंत्र के सिद्धांतकारों के लिए यह चर्चा करना स्वाभाविक था कि कोई देश लोकतंत्र के लिए उपयुक्त है या नहीं। यह सोच बीसवीं शताब्दी में ही बदली, जब यह स्वीकार किया गया कि प्रश्न ही गलत था ।

किसी देश को लोकतंत्र के लिए उपयुक्त माना जाना आवश्यक नहीं है बल्कि उसे लोकतंत्र के माध्यम से उपयुक्त बनना पड़ता है । यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो लोकतंत्र की संभावित पहुंच को अरबों लोगों तक विस्तारित करता है जिनमें विविध इतिहास, संस्कृति और समृद्धि के अलग-अलग स्तर शामिल हैं। देश में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और 73वें-74वें संविधान संशोधन के अंतर्गत पंचायती राज और नगर निकायों की व्यवस्था है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के वोट देने का अधिकार प्राप्त है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है भारत में 26 जनवरी 1950 को जब संविधान लागू हुआ इस समय पूर्ण रूप से लोकतंत्र की नींव रखी गई। यह संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है संविधान में लोकतंत्र की संपूर्ण व्याख्या की गई है लोकतंत्र के मौलिक उद्देश्यों और विशेषताओं में जनता की संपूर्ण व सर्वोच्च भागीदारी एक प्रमुख है।

भारत में प्रत्येक नागरिक को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार और कर्तव्य है। मतदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें योग्य व्यक्ति चुनाव में किसी विशेष उम्मीदवार या निर्णय के प्रति अपनी पसंद व्यक्त करते हैं। चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का एक स्वाभाविक हिस्सा है और इसे खेल भावना के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

> **जैसे** दीपक का प्रकाश घने अंधकार के बाद दिखाई देता है उसी प्रकार सुख का अनुभव भी दु:ख के बाद ही होता है।
>
> **-शूद्रक**

## संपादकीय

# आतंकवाद पर निरंतर सख्त कार्रवाई जरूरी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी हाफिज सईद के दो करीबी सहयोगियों सहित 23 आतंकियों को आतंकवादी घोषित किया जाना भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम माना जा सकता है। यह कार्रवाई केवल कुछ व्यक्तियों को सूचीबद्ध करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके माध्यम से भारत आतंकवाद के पूरे नेटवर्क को कमजोर करने और उसके आर्थिक, वैचारिक तथा तकनीकी ढांचे को ध्वस्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। इस सूची में जम्मू-कश्मीर से लेकर देश के अन्य राज्यों तक सक्रिय ऐसे तत्व शामिल हैं, जिन पर आतंकवादी गतिविधियों, युवाओं की भर्ती, कट्टरपंथी विचारधारा के प्रचार, वित्तीय सहायता जुटाने और आतंकी संगठनों को सहयोग देने के आरोप हैं। इससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी स्तर पर समझौता करने के पक्ष में नहीं है। आतंकवाद लंबे समय से भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक रहा है। देश ने पिछले कई दशकों में अनेक बड़े आतंकी हमलों का सामना किया है, जिनमें हजारों निर्दोष नागरिकों, सुरक्षा बलों के जवानों और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा। संसद पर हमला, मुंबई पर 26/11 का आतंकी हमला, पुलवामा जैसी घटनाएं आज भी देश की सामूहिक स्मृति में दर्ज हैं। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित खतरा नहीं है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए गंभीर चुनौती है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनी रणनीति में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। पहले जहां अधिकतर ध्यान आतंकी घटनाओं के बाद जवाबी कार्रवाई तक सीमित रहता था, वहीं अब आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की नीति अपनाई गई है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, आधुनिक निगरानी तकनीकों का उपयोग, साइबर इंटेलिजेंस, वित्तीय लेन-देन की निगरानी और सीमा प्रबंधन को मजबूत करने जैसे कदमों ने आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगाया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय, खुफिया ब्यूरो तथा अन्य सुरक्षा संस्थानों के बीच तालमेल ने कई बड़े आतंकी मॉड्यूल समय रहते नष्ट किए हैं। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी अनेक कदम उठाए गए हैं। संवैधानिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के बाद सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ी है तथा स्थानीय स्तर पर आतंकवाद के समर्थन तंत्र को कमजोर करने के प्रयास किए गए हैं। सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए आधुनिक निगरानी उपकरणों, ड्रोन, थर्मल कैमरों और अन्य तकनीकों का उपयोग बढ़ाया गया है। इससे आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिली है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क बनी हुई हैं क्योंकि खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

आज आतंकवाद का स्वरूप पहले की तुलना में अधिक जटिल और तकनीकी हो चुका है। पहले जहां आतंकवादी संगठन प्रत्यक्ष संपर्क और पारंपरिक माध्यमों से भर्ती करते थे, वहीं अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल भुगतान प्रणाली और इंटरनेट आधारित प्रचार का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इंटरनेट के माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित करने, भ्रामक सूचनाएं फैलाने और उन्हें हिंसक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के प्रयास लगातार बढ़े हैं। यही कारण है कि आधुनिक आतंकवाद केवल सुरक्षा बलों की चुनौती नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा, सूचना प्रबंधन और सामाजिक जागरूकता का भी विषय बन गया है। युवाओं को कट्टरपंथ से बचाना आज आतंकवाद विरोधी अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है। किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। यदि उन्हें शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और सकारात्मक अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन यदि उन्हें झूठे प्रचार, धार्मिक या वैचारिक उन्माद और नफरत फैलाने वाले संगठनों का शिकार बनने दिया जाए तो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। इसलिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, परिवारों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संस्थाओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच, सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करें।

आतंकवाद का आर्थिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। किसी भी आतंकी संगठन की गतिविधियां धन के बिना संचालित नहीं हो सकतीं। हथियारों की खरीद, प्रशिक्षण, प्रचार, यात्रा और नेटवर्क संचालन के लिए बड़े वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। इसलिए आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों पर प्रहार करना अत्यंत आवश्यक है। संदिग्ध लेन-देन की निगरानी, हवाला नेटवर्क पर कार्रवाई, अवैध फंडिंग पर रोक और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ कठोर कदम आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी कारण सुरक्षा एजेंसियां अब केवल हथियारबंद आतंकियों पर ही नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक सहायता देने वाले पूरे नेटवर्क पर भी कार्रवाई कर रही हैं। भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आतंकवाद के खिलाफ मजबूत आवाज उठाता रहा है। संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न वैश्विक संगठनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध समान और निष्पक्ष नीति अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। अनेक देशों के साथ खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, संयुक्त प्रशिक्षण और आतंकवाद विरोधी सहयोग भी बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर यह समझ विकसित हुई है कि आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए खतरा है। इसलिए इसके विरुद्ध सामूहिक प्रयास ही प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं।

**-शिवांश धाकड़**

# भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन


छह जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष रहा। इस दिन हमने हर साल की भांति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं।



नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री

श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया, लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है।



डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी।

डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया और ऐसी व्यवस्थाएं बनाईं, जो उस समय की सोच से काफी आगे थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। शिक्षाविदों के एक सम्मेलन में डॉ. मुखर्जी ने कहा था, 'शिक्षण संस्थानों को केवल बाबू या कम वेतन वाले कर्मचारी तैयार करने की फैक्ट्री समझना गलत है। हमें विद्यार्थियों को ऐसे तैयार करना होगा ताकि वे नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। हमारी स्वशासी संस्थाओं जैसे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन्स, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिकाओं में बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो सकें। इसके साथ ही वे वित्त, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।''

कलकत्ता विश्वविद्यालय में अपने नेतृत्व में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें लाइब्रेरी की सुविधाओं में सुधार, विज्ञान में रिसर्च को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक वस्तुओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि से जुड़े पाठ्य, म शुरू करना शामिल था। उन्होंने खेलकूद, टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट वेलफेयर जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उस समय कांग्रेस का वर्चस्व था, लेकिन उन्होंने देश को एक ऐसे वैचारिक विकल्प की आवश्यकता महसूस की जो विकास के साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ा हो। इसी सोच के प्रतीक के रूप में जनसंघ का चुनाव चिन्ह 'दीपक' रखा गया, जो आशा, प्रकाश और परिवर्तन का संदेश देता है। स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने आधुनिक औद्योगिक भारत की मजबूत नींव रखी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## व्यक्तित्व विशेष

### महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी




महेंद्र सिंह धोनी

**महेंद्र सिंह** धोनी का जन्म 7 जुलाई 1981 को झारखंड की राजधानी रांची में हुआ था। अपनी शांत सोच, बेहतरीन नेतृत्व क्षमता और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की अद्भुत योग्यता के कारण उन्हें दुनिया भर में 'कैप्टन कूल' के नाम से जाना जाता है।

साधारण परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शिखर तक पहुंचने वाले धोनी आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह साबित किया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता।



कविता

## जिधर भी देखिए

शिव राज सन्याल
मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा (हि.प्र.)

**तेल** तमाशा हो गया, करती गैस कमाल।
दिन दिन महंगी हो रही, रोटी सब्जी दाल।
महंगाई का दौर है, हर कोई मजबूर।
कीमत पैसे की घटी, हुआ पहुंच से दूर।
आज जिधर भी देखिए, जन जीवन बेहाल।
टैक्सों की हर मार से, उधड़ रही है खाल।
महंगाई बढ़ती गई, देश हुआ कंगाल।
मरता आज गरीब है, नेता मालामाल।
सच्चा सौदा देखिए, नाच नचाता तेल।
जलडमरू के खेल ने, दिया सभी को पेल।
अमरीका ईरान का, बना हठी है योग।
जन जीवन बेहाल है, दुखी हुए हर लोग।
चौपट धंधे हो गए, अर्थ व्यवस्था फेल।
जीवन का संकट बना, आज गैस अरु तेल।
विश्व युद्ध की खार को, टालो अब भगवान।
प्रेम भाव से 'शिव' रहें, इस जग के इंसान।

# क्षमा और संवाद से मजबूत बनेगा विश्व, 7 जुलाई का खास संदेश

हर वर्ष 7 जुलाई को दुनिया भर में कई महत्वपूर्ण दिवस मनाए जाते हैं, जिनमें वैश्विक क्षमा दिवस और विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस विशेष महत्व रखते हैं। ये दोनों दिवस मानव जीवन के अलग-अलग पहलुओं को उजागर करते हैं, लेकिन इनका मूल उद्देश्य लोगों के बीच आपसी समझ, सम्मान, सहयोग और एकता को बढ़ावा देना है। एक ओर वैश्विक क्षमा दिवस लोगों को मनमुटाव भुलाकर रिश्तों को मजबूत बनाने का संदेश देता है, वहीं दूसरी ओर विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस भाषाई विविधता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का महत्व बताता है।

क्षमा मानवता के सबसे श्रेष्ठ गुणों में से एक मानी जाती है। जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं जब लोग अनजाने या जानबूझकर एक-दूसरे को दुख पहुंचा देते हैं। इन घटनाओं के कारण मन में क्रोध, कटुता और नकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं। यदि इन भावनाओं को लंबे समय तक मन में रखा जाए तो वे व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि क्षमा केवल दूसरे व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की शांति और खुशी के लिए भी आवश्यक है। क्षमा करने से मन का बोझ हल्का होता है, तनाव कम होता है और रिश्तों में मधुरता आती है।

आज की तेज रफ्तार और प्रतिस्पर्धी दुनिया में लोग छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाते हैं। परिवारों, मित्रों, सहकर्मियों और समाज में बढ़ते विवादों के बीच यह दिवस हमें याद दिलाता है कि क्षमा ही वह शक्ति है जो टूटे हुए रिश्तों को जोड़ सकती है। कई धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं में भी क्षमा को सर्वोच्च गुण माना गया है। चाहे वह हिंदू धर्म हो, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, इस्लाम या ईसाई धर्म, सभी में क्षमा को शांति और आत्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है।

क्षमा का अर्थ गलत कार्यों को स्वीकार करना नहीं है, बल्कि मन में बसे क्रोध और द्वेष को त्यागकर आगे बढ़ना है। जब व्यक्ति क्षमा करता है तो वह अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यही कारण है कि मनोवैज्ञानिक भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्षमाशीलता को महत्वपूर्ण मानते हैं।

आज समाज में बढ़ती असहिष्णुता, हिंसा और तनाव के बीच क्षमा का महत्व और भी बढ़ गया है। यदि लोग एक-दूसरे की गलतियों को समझने और माफ करने की भावना विकसित करें, तो कई सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव हो सकता है। क्षमा लोगों के बीच विश्वास को मजबूत करती है और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है।

विद्यालयों, परिवारों और कार्यस्थलों पर भी क्षमा की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। बच्चों को बचपन से ही सहनशीलता, समझदारी और क्षमा का महत्व सिखाया जाना चाहिए, ताकि वे बेहतर नागरिक बन सकें। वैश्विक क्षमा दिवस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो लोगों को प्रेम, दया और करुणा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

7 जुलाई को ही विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस भी मनाया जाता है। यह दिवस अफ्रीका की प्रमुख भाषाओं में से एक किस्वाहिली के महत्व को पहचान देने और उसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। किस्वाहिली भाषा पूर्वी और मध्य अफ्रीका के कई देशों में बोली जाती है और करोड़ों लोगों के बीच संवाद का माध्यम है।

किस्वाहिली भाषा का इतिहास बहुत पुराना और समृद्ध है। यह विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों से विकसित हुई है और अफ्रीका के व्यापार, शिक्षा, साहित्य और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। इस भाषा ने अलग-अलग समुदायों को जोड़ने का कार्य किया है और क्षेत्रीय एकता को मजबूत बनाया है।



विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस कोमान्यता प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और दुनिया की विभिन्न भाषाओं के संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना है। यह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के अंतर्गत किसी अफ्रीकी भाषा को समर्पित पहला अंतरराष्ट्रीय दिवस माना जाता है।

यूनेस्को का मानना है कि भाषाएं केवल संचार का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और सामुदायिक पहचान की वाहक भी होती हैं। किसी भाषा का संरक्षण वास्तव में उस समाज की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना है।

आज किस्वाहिली केवल अफ्रीका तक सीमित नहीं है। दुनिया के अनेक विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में इस भाषा का अध्ययन कराया जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक योगदान को भी सराहा जा रहा है।

किस्वाहिली भाषा ने विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह भाषा इस बात का उदाहरण है कि भाषाएं लोगों को जोड़ने का कार्य करती हैं और विविधता में एकता को मजबूत बनाती हैं।

विश्व में हजारों भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन समय के साथ कई भाषाएं विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। वैश्वीकरण और तकनीकी विकास के दौर में कुछ प्रमुख भाषाओं का प्रभाव बढ़ा है, जिससे छोटी भाषाओं और बोलियों के अस्तित्व पर संकट पैदा हुआ है।

ऐसे में विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर भाषा महत्वपूर्ण है। प्रत्येक भाषा अपने साथ अनूठा ज्ञान, संस्कृति और जीवन दर्शन लेकर चलती है। भाषाई विविधता मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जिसका संरक्षण आवश्यक है। यद्यपि वैश्विक क्षमा दिवस और विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस अलग-अलग विषयों पर आधारित हैं, लेकिन दोनों का मूल संदेश एक ही है—मानवता को जोड़ना।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

'भारतेन्दु शिखर

प्रकाशक, मुद्रक, संपादक एवं स्वामी शिवांश धाकड़ द्वारा शर्मा भवन, न्यू रणजीत नगर, एप्पल फ्रूट मंडी, नजदीक ढली टनल, शिमला (हि.प्र.) 171006 से प्रकाशित एवं बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद शिमला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/2000/02437
ई-मेल : bhartendunewsmedia@gmail.com, फोन नंबर : 88946-77702

# देवरिया में रहस्यमय तरीके से चली गोली से युवक घायल, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर

**एजेंसी, देवरिया**

उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के लार थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब 30 वर्षीय युवक को गर्दन में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लार पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। घायल युवक की पहचान आदर्श नगर पिण्डी निवासी प्रकाश यादव पुत्र स्वर्गीय राम बाबू यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश यादव सोमवार को अचानक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। गोली उनकी गर्दन में लगी, जिससे उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

सूचना मिलते ही लार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के लोगों तथा परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली किसने और किन परिस्थितियों में चलाई। पुलिस सभी संभावित एंगल से जांच कर रही है, जिसमें आपसी रंजिश, व्यक्तिगत विवाद या अन्य कारण शामिल हो सकते हैं।

थानेदार राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है और न ही इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग इस गोलीकांड को लेकर चर्चा कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और संभावित संदिग्धों की पहचान के लिए टीम गठित की गई है। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी जांच में शामिल किया गया है ताकि गोली चलने के सटीक कारणों और हथियार की जानकारी मिल सके। घायल युवक के परिजनों से भी लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी तरह की अफरा-तफरी न हो।

# उप्र का जलालाबाद अब 'परशुरामपुरी' के नाम से जाना जाएगा

## लखनऊ में हुई बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर,खेल प्रतिभाओं को सीधी भर्ती से नौकरी देने के प्रस्ताव को स्वीकृति

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में सबसे प्रमुख निर्णय शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद कस्बे का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' किए जाने से जुड़ा रहा, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जलालाबाद कस्बा भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध माना जाता है। उन्होंने कहा कि पौराणिक ग्रंथों और कथाओं में इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है और लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा जनता की ओर से नाम परिवर्तन की मांग की जा रही थी। केंद्र सरकार से अनापत्ति मिलने के बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है। अब जलालाबाद का नाम आधिकारिक रूप से 'परशुरामपुरी' किया जाएगा। बैठक में खेल प्रतिभाओं से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से सरकारी सेवा में अवसर दिया जाएगा।

इस निर्णय के तहत क्रीड़ाधिकारी के 9 पद, जिला युवा कल्याण अधिकारी के 3 पद और उप क्रीड़ाधिकारी के 23 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। सरकार का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना बताया गया है। इसके अलावा नगर निगम गोरखपुर और मुरादाबाद के लिए म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही



अवस्थापना विकास निधि के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

सरकार का मानना है कि इस कदम से शहरी विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और नगर निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। गोरखपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 100 बेड के अस्पताल की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इस अस्पताल के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और इलाज की सुविधाओं में सुधार होगा। बैठक में होमगार्ड विभाग से संबंधित एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।

इसके तहत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों और उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। इस निर्णय से हजारों होमगार्ड कर्मियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति समेत कई अन्य विकास योजनाओं को भी हरी झंडी दी गई। सरकार का कहना है कि डाटा सेंटर नीति से राज्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

कुल मिलाकर इस कैबिनेट बैठक में नाम परिवर्तन से लेकर खेल, स्वास्थ्य, शहरी विकास और डिजिटल नीति तक कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिनका असर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देने की संभावना है। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनता को सीधे लाभ पहुंचाने वाली योजनाएं मजबूत होंगी। वहीं विपक्ष इन निर्णयों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकता है, जिससे आने वाले दिनों में राजनीतिक बहस और तेज होने की संभावना है।

# न्यूज ब्रीफ

## कंटेनर ने ट्रैफिक सिपाहियों को कुचला ट्रैफिक सिपाही और कंटेनर ड्राइवर दोनों की मौत

**एजेंसी, कानपुर।** सड़क पर ट्रक के दस्तावेजों की जांच कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ एक दर्दनाक हादसा हो गया। चेकिंग के दौरान अचानक एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में दो ट्रैफिक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कंटेनर चालक की भी इस दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में लापरवाही और तेज रफ्तार को कारण माना जा रहा है।

## प्रयागराज में पति ने वीडियो बनाकर की आत्महत्या, पत्नी पर आरोप

**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां घरेलू कलह से परेशान एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक ने फांसी लगाने से पहले एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उसकी मौत के बाद उसे कोई लाभ न मिले। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में घरेलू विवाद को ही आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।

## मायके बुलाकर रेप करने लगता था सौतेला पिता, थाने में हार्टअटैक से पिता की मौत

**एजेंसी, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने अपने सौतेले पिता पर मायके बुलाकर दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ शुरू कर दी थी। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे हार्टअटैक आ गया। पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला विवाहिता का शव ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**एजेंसी, उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के वीरपुरा गांव में रविवार देर रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने बताया कि शादी को केवल चार महीने ही हुए थे और उन्हें अचानक मौत की सूचना मिली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## जालौन की चार पंचायतों में 1.28 करोड़ की वित्तीय अनियमितता उजागर

**एजेंसी, उरई।** जालौन जनपद में ग्राम पंचायतों के वर्ष 2019-20 के ऑडिट में सामने आई वित्तीय अनियमितताओं पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उन्होंने जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सचिव प्रशांत सुभाष दुबे तथा पूर्व ग्राम प्रधानों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। ऑडिट रिपोर्ट में नदीगांव ब्लॉक की चार ग्राम पंचायतों में कुल 1.28 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितता पाई गई है। जांच में कैशबुक, माप पुस्तिका और अन्य अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे खर्च की पुष्टि नहीं हो सकी। जिलाधिकारी ने शासकीय धन की वसूली भू-राजस्व की भांति करने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



# नौ सेना प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास, 5 कालिदास मार्ग पर संपन्न हुई। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा ढांचा और राज्य तथा सशस्त्र बलों के बीच समन्वय जैसे मुद्दे शामिल रहे।

सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात औपचारिक और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। नौसेना प्रमुख ने मुख्यमंत्री को भारतीय नौसेना की वर्तमान तैयारियों, आधुनिकीकरण कार्यक्रमों और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नौसेना के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश एक भू-आबद्ध राज्य होने के बावजूद राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र में सक्रिय सहयोग करता है और रक्षा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय को बढ़ावा देता है। बैठक के



दौरान आपदा प्रबंधन, प्रशिक्षण सहयोग और तकनीकी आदान-प्रदान जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

माना जा रहा है कि इस तरह की शिष्टाचार भेंटें केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को मजबूत करती हैं और सुरक्षा ढांचे को और अधिक प्रभावी बनाती हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने मुख्यमंत्री को भविष्य में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। यह मुलाकात लगभग सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और नौसेना के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद दोनों पक्षों ने सकारात्मक और रचनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मुलाकात में भविष्य में संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास, आपदा राहत अभियानों में सहयोग और तकनीकी नवाचारों के साझा उपयोग पर भी सहमति बनी। दोनों पक्षों ने रक्षा क्षेत्र में बेहतर समन्वय को राष्ट्रीय हित में आवश्यक बताया और इसे और मजबूत करने पर जोर दिया।

# सड़क किनारे बने गड्ढे में मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला युवक का शव

**एजेंसी,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। युवक का शव सड़क किनारे बने गड्ढे में उसकी मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि युवक की सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई।





गोसाईंगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचसरा के पास यह घटना हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सड़क किनारे बने गड्ढे में अपनी मोटरसाइकिल के नीचे दबा पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां युवक मृत अवस्था में पाया गया। मृतक की पहचान सीतापुर जिले के ग्राम रसूलपुर निवासी विनीत कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि यह एक दुर्घटना है। संभावना जताई जा रही है कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गई, जिससे यह हादसा हुआ और युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों के पहुंचने के बाद आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या अन्य कारण सामने आते हैं तो उसके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

# बांदा में अव्यवस्था से नाराज गल्ला मंडी के व्यापारियों ने किया प्रदर्शन , जिलाधिकारी व एसपी को सौंपा ज्ञापन

**एजेंसी, बांदा**

उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद स्थित गल्ला मंडी में अव्यवस्थाओं और हाल ही में हुई लाखों रुपये की चोरी को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों ने मंडी सचिव पर अभद्र व्यवहार, अनियमितताओं और कर्मचारियों से निजी कार्य कराने जैसे आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।



◆ गल्ला मंडी की अव्यवस्था से व्यापारी परेशान,बांदा गल्ला मंडी में अव्यवस्था पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा

व्यापारियों के अनुसार, 4 जुलाई 2026 को गल्ला मंडी में एक व्यापारी की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने तिजोरी से 6 लाख 33 हजार 218 रुपये नकद चुरा लिए थे। इस घटना के बाद पुलिस जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर अपने साथ ले गई, लेकिन अब तक चोरों का कोई खुलासा नहीं हो सका है, जिससे व्यापारियों में असंतोष और बढ़ गया है। व्यापार मंडल ने मंडी की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आठ सफाई कर्मचारियों की तैनाती के बावजूद मंडी परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहता है। आरोप है कि अधिकांश कर्मचारी मंडी सचिव के निजी कार्यों में लगाए जाते हैं, जिससे मूलभूत सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंताएं जताई गई हैं।

मंडी में तीन सुरक्षा गार्ड तैनात हैं, लेकिन नियमित रूप से केवल एक ही ड्यूटी करता है, जबकि बाकी गार्ड अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। इस लापरवाही के कारण चोरी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यापारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मंडी सचिव व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और मेंटेनेंस के नाम पर लगभग 20 प्रतिशत तक शुल्क वसूला जाता है, जबकि इसके बदले कोई बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक घायल

**एजेंसी, उरई**

जालौन जिले में सोमवार सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह घटना औरैया की ओर से चित्रकूट जा रहे एक ट्रक के साथ हुई, जो अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। हादसा जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेसवे के 210.9 किलोमीटर पॉइंट के पास हुआ।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक चालक को चलते समय झपकी आ गई, जिसके कारण वाहन पर उसका नियंत्रण पूरी तरह से बिगड़ गया और यह दुर्घटना हो गई। ट्रक में सवार चालक अब्दुल हमीद (55 वर्ष), पुत्र अब्दुल अजीज, निवासी मालेगांव (महाराष्ट्र) इस हादसे में घायल हो गए। वहीं वाहन में मौजूद हेल्पर सुभान सुरक्षित बच गया, हालांकि उसे मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही छिरिया चौकी प्रभारी आलोक पाल पुलिस टीम और एक्सप्रेसवे राहत दल के साथ



मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया और घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। ट्रक के पलटने से एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था।

बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात को फिर से सामान्य कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि लंबी दूरी की यात्राओं के दौरान चालकों को पर्याप्त आराम करना बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। समय पर राहत एवं बचाव कार्य होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और स्थिति नियंत्रण में रही।


स्थानीय लोगों और प्रशासन ने मौके पर तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य तेज किया, जिससे स्थिति और गंभीर नहीं हुई। हादसे के बाद कुछ समय तक एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहन हटाकर यातायात बहाल कराया और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# मानसिक तनाव के चलते नोएडा में दो लोगों ने लगाई फांसी

**एजेंसी, नोएडा**

नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले एक किशोरी समेत दो लोगों द्वारा मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। दोनों घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि पहली घटना हैबतपुर गांव की है, जहां 16 वर्षीय किशोरी लक्ष्मी तिवारी ने आज सुबह अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने जब उसे देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण मानसिक तनाव बताया जा रहा है, हालांकि इसके पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। दूसरी घटना रोजा जलालपुर



गांव की है, जहां 35 वर्षीय आजाद मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**विवाद** यूपी में औद्योगिक विकास और बंद हो रहे संस्थानों पर सपा का सवाल

# अखिलेश यादव का आरोप: पुराने कार्यों पर भाजपा ले रही श्रेय

**एजेंसी, लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में जितने भी बड़े विकास कार्य समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के दौरान शुरू किए गए थे, उन्हें मौजूदा सरकार केवल उद्घाटन और श्रेय लेने तक सीमित रखे हुए है।

अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, लखनऊ मेट्रो, रिवरफ्रंट और ग्रीन कॉरिडोर जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट उनकी सरकार की देन हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने के बजाय रोक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ मेट्रो जिस स्तर पर सपा सरकार ने छोड़ी थी, वह आगे नहीं बढ़ पाई। पूर्व मुख्यमंत्री ने



यह भी दावा किया कि सपा सरकार के समय प्रदेश में कई बड़े औद्योगिक और सामाजिक ढांचे तैयार किए गए थे।

इनमें अमूल और पराग के प्लांट, एचसीएल, आईआईआईटी, डायल 100 सेवा, पुलिस हेडक्वार्टर और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम इकाना जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लखनऊ को एक बड़े इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने कई योजनाओं को या तो कमजोर किया या अनदेखा किया।

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि जेपीएनआईसी और जनेश्वर मिश्र पार्क जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महापुरुषों के नाम पर बने संस्थानों के प्रति उदासीन है।

किसानों के मुद्दे उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद और डीएपी की भारी कमी है, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने किसानों की उपज का सही मूल्य सुनिश्चित नहीं किया, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। अयोध्या से जुड़े 'चढ़ावा प्रकरण' पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है और इसे व्यापक स्तर पर संज्ञान में लिया जाना चाहिए। अंत में उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और मौजूदा शासन व्यवस्था से असंतुष्ट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और विकास दोनों ही मुद्दों पर सरकार विफल दिख रही है।

# सुनार को घायल कर करोड़ों का सामान लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

◆ डेढ़ करोड़ की ज्वैलरी बरामद सीसीटीवी और सर्विलांस से खुला राज

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई सनसनीखेज सुनार लूटकांड का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने सोमवार तड़के दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश अभी जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और एक पिस्टल मय कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह घटना 23 जून की है, जब पीड़ित सचिन कुमार वर्मा अपनी ज्वैलर्स की दुकान से स्कूटी पर आभूषण लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान बंथरा भवानी मंदिर के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पैर में गोली मार दी और बैग व स्कूटी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने चार टीमों का गठन किया और जांच शुरू की। लगभग 600 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और सर्विलांस की मदद से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए गए। इसी आधार पर पुलिस ने दहेगामऊ अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जौनपुर निवासी शिवम यादव उर्फ कुंदन और अंकुल यादव उर्फ गोले के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एक अन्य आरोपी सोनू यादव की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ज्वैलर्स की रेकी कर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे और विरोध करने पर गोली चला देते थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पहले भी हजरतगंज, रायबरेली और चंदौली में ऐसी वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस अब पूरे गिरोह की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

# कांग्रेस को संगठन बनाना बीजेपी से सीखना चाहिए : ओपी धनखड़

**भारतेंन्दु संवाददाता, झज्जर**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने पन्ना प्रमुखों को लेकर कांग्रेस के एक नेता के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन किसी एक व्यक्ति या केवल आंकड़ों के सहारे नहीं चलता, बल्कि मजबूत कार्यकर्ता-आधारित संरचना पर खड़ा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के पन्ना प्रमुख राष्ट्रीय कार्यालय तक पंजीकृत होते हैं और यही संगठनात्मक मजबूती पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

धनखड़ ने कहा कि इसी सुदृढ़ संगठन के बल पर भाजपा ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में भी पार्टी के पन्ना प्रमुख और समर्पित कार्यकर्ता भाजपा को चौथी बार सत्ता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस को संगठन खड़ा करने और उसे प्रभावी ढंग से चलाने की आदत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस के कुछ नेता अहंकार में भाजपा के पन्ना प्रमुखों को लेकर बयानबाजी कर रहे थे, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई।

उनके अनुसार, भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी चुनावी सफलता का प्रमुख आधार है, जबकि कांग्रेस अपनी आंतरिक कमजोरियों के कारण सत्ता से दूर रह गई। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक मॉडल कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुशासन पर आधारित है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है।

# कुरुक्षेत्र के दिवस राठी ने 14.27 सेकंड में एशिया के सभी देशों के नाम गिनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया

## दिवस राठी ने अपनी असाधारण स्मरण शक्ति से विश्व रिकॉर्ड बनाकर प्रदेश का नाम रोशन किया

**भारतेंन्दु संवाददाता, कुरुक्षेत्र**

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र दिवस राठी ने अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति और तेज प्रस्तुति के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने मात्र 14.27 सेकंड में एशिया के सभी देशों के नाम गिनाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनकी इस असाधारण उपलब्धि को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने आधिकारिक रूप से विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया है।



इस सफलता के बाद गुरुकुल, परिवार और पूरे हरियाणा में खुशी का माहौल है। दिवस राठी मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र के धनाना गांव के निवासी हैं। वह वर्तमान में गुरुकुल कुरुक्षेत्र में नौवीं कक्षा के छात्र हैं। बचपन से ही उनकी स्मरण शक्ति तेज रही है और सामान्य ज्ञान के प्रति उनकी विशेष रुचि रही है। लगातार अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

दिवस के पिता एक अध्यापक हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। माता-पिता ने हमेशा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया और पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान तथा स्मरण क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। परिवार का कहना है कि दिवस शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और हर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं।

गुरुकुल के आचार्यों और शिक्षकों ने भी दिवस की सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यह उपलब्धि न केवल गुरुकुल के लिए बल्कि पूरे हरियाणा और देश के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों के लिए दिवस की सफलता प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर मेहनत करने की सीख देगी।

विश्व रिकॉर्ड बनने की खबर मिलते ही गुरुकुल परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की। साथियों ने दिवस को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

परिवार के घर भी शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। गांव के लोगों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि दिवस ने अपनी प्रतिभा से पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। दिवस राठी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुओं और नियमित अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में भी ऐसे नए कीर्तिमान स्थापित कर देश का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा करना है। उनकी यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है।

# मानसिक तनाव में युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**भारतेंन्दु संवाददाता, कैथल।** हरियाणा के कैथल जिले में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार, मृतक परिवार का इकलौता भाई था और उसकी छह बहनें हैं। परिवार का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। हालांकि तनाव के कारणों के संबंध में परिजनों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और आसपास के लोग भी उन्हें सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच के दौरान किसी अन्य तथ्य का पता चलता है तो उसके आधार पर भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक का व्यवहार पिछले कुछ समय से सामान्य नहीं था। पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि वह किन परिस्थितियों से गुजर रहा था। साथ ही उसके मोबाइल फोन और अन्य उपलब्ध जानकारी की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना से पहले की परिस्थितियों को समझा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि घटना को लेकर किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी या अफवाहें सोशल मीडिया पर साझा न करें। जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मानसिक तनाव या भावनात्मक कठिनाइयों से जूझ रहे लोगों के लिए समय पर परिवार, मित्रों या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बातचीत करना महत्वपूर्ण हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में सहयोग और संवाद कई बार बड़ी मदद साबित होते है पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### महेंद्रगढ़ के अग्निवीर शंकर को अंतिम विदाई, सर्विस पिस्तौल से चली गोली



**भारतेंन्दु संवाददाता, महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी अग्निवीर शंकर का सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन और स्थानीय लोग पहुंचे। बताया जा रहा है कि शंकर की मौत सर्विस पिस्तौल से गोली चलने के कारण हुई थी। घटना की जांच संबंधित सैन्य अधिकारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शंकर की सेवा के अभी लगभग 16 महीने शेष थे। परिवार पर पहले से ही दुखों का पहाड़ टूटा हुआ था, क्योंकि करीब एक माह पहले उनकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। लगातार दो बड़ी घटनाओं से परिवार गहरे सदमे में है। फिलहाल मौत के कारणों की विस्तृत जांच जारी है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### गाड़ी धीरे चलाने की नसीहत पर युवक पर किया तलवारों से हमला

**भारतेंन्दु संवाददाता, सिरसा।** गांव सिकंदरपुर में गली में तेज रफ्तार से वाहन चलाने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि गाड़ी धीरे चलाने की बात कहने पर कुछ लोगों ने एक युवक पर तलवार और डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपियों ने हथियारों से हमला कर दिया। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### तीसरा अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस 13 जुलाई को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा

**भारतेंन्दु संवाददाता, झज्जर।** 13 जुलाई को तीसरा अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक देसी खुराक चूरमा को वैश्विक पहचान दिलाना और लोगों को स्थानीय व पौष्टिक भोजन की ओर आकर्षित करना है। आयोजकों के अनुसार आधुनिक जीवनशैली में फास्ट फूड के बढ़ते चलन के बीच देसी व्यंजनों का महत्व कम होता जा रहा है, जिसे पुनः स्थापित करने के लिए यह पहल की गई है। चूरमा दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शनी और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और स्थानीय कारीगरों को भी इसमें विशेष रूप से जोड़ा जाएगा।

### 13 साल बड़ी गर्लफ्रेंड के लिए पत्नी की हत्या का चौंकाने वाला मामला

**भारतेंन्दु संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम के मानेसर में हुए मधु हत्याकांड में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। 25 वर्षीय अंकित और उसकी 38 वर्षीय प्रेमिका रजनी पिछले तीन वर्षों से लिव-इन रिलेशन में थे। परिवार के दबाव में अंकित की शादी मधु से कर दी गई, जिससे रिश्तों में तनाव बढ़ गया। रजनी ने शादी को बाधा मानते हुए हत्या की साजिश रची। 21 मई को अंकित ने पत्नी मधु को बहाने से रजनी के कमरे में बुलाया, जहां उसे गोली मार दी गई और शव छिपा दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से हत्या की योजना बना रहे थे। मोबाइल चैट और कॉल रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं। परिवारों से पूछताछ जारी है।

# यमुनानगर में तेज रफ्तार कार ने पेंटर को कुचला

**भारतेंन्दु संवाददाता, यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में सड़क हादसे में एक पेंटर की मौत हो गई। मृतक अपने भाई के साथ काम पर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो बच्चों का पिता था और परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा माना जाता था। उसकी अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिरसा में जमीन के फर्जी सौदे से 9 लाख हड़पे तीन आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**भारतेंन्दु संवाददाता, सिरसा**

जिले के गांव पोहड़कां में कृषि भूमि के सौदे के नाम पर नौ लाख रुपये लेकर रजिस्ट्री नहीं कराने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस को दी शिकायत में मोहल्ला जेल ग्राउंड निवासी अनिल गोयल ने बताया कि वर्ष 2020 में उसने गांव पोहड़कां निवासी मदन लाल, साहब राम उर्फ साबा तथा उनके पिता मांगे राम से 18 कनाल कृषि भूमि खरीदने का सौदा 18 लाख रुपये में किया था। 22 सितंबर 2020 को दोनों पक्षों के बीच इकरारनामा भी हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार, सौदे के दौरान उसने आरोपितों को नौ लाख रुपये बतौर अग्रिम राशि दे दिए थे।

शिकायत में कहा गया है कि आरोपितों ने उस समय बताया था कि संबंधित भूमि का मामला न्यायालय में लंबित है और स्टे हटते ही रजिस्ट्री उसके नाम कर दी जाएगी। लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई गई और न ही अग्रिम राशि वापस लौटाई गई। जब शिकायतकर्ता ने कई बार आरोपितों से संपर्क कर अपने पैसे या रजिस्ट्री की मांग की तो उसे कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

इसके बाद अनिल गोयल ने मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत की जांच के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# तीन साल पहले लव मैरिज, पति से विवाद के बीच लापता हुई विवाहिता

**भारतेंन्दु संवाददाता, करनाल**

हरियाणा के करनाल में एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला की स्कूटी नहर किनारे लावारिस हालत में मिलने के बाद पुलिस और परिजनों की चिंता बढ़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में महिला की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम को बुलाया गया।

फिलहाल सर्च अभियान लगातार जारी है, लेकिन महिला का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाहिता ने करीब तीन वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि पिछले दो वर्षों से उसका अपने पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच उसके अचानक लापता होने से मामला और भी रहस्यमय हो गया है। पुलिस पारिवारिक विवाद सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

घटनास्थल से महिला की स्कूटी बरामद होने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया और मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। नहर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि महिला आखिरी बार कब और किसके साथ देखी गई थी। परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। महिला की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम लगातार नहर में सर्च अभियान चला रही है। साथ ही तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# जनऔषधि केंद्र की लोकेशन पर सांसद भड़के, दो साल से बंद पड़ी सोलर परियोजना, अधिकारियों को लगाई फटकार



**भारतेंन्दु संवाददाता, पंचकूला**

पंचकूला में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने जनऔषधि केंद्र की लोकेशन और लंबे समय से निष्क्रिय पड़े सोलर पैनलों को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा के लिए शुरू की जाने वाली योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन होना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने पाया कि जनऔषधि केंद्र का चयनित स्थान आम लोगों की सुविधा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से केंद्र की लोकेशन पर पुनर्विचार करने और ऐसी जगह का चयन करने के निर्देश दिए, जहां लोगों की पहुंच आसान हो तथा अधिक से अधिक नागरिकों को सस्ती दवाइयों का लाभ मिल सके। इस दौरान सांसद की नजर परिसर में लगे उन सोलर पैनलों पर भी पड़ी, जो पिछले करीब दो वर्षों से बिजली कनेक्शन के अभाव में उपयोग में नहीं आ सके हैं।

उन्होंने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी धन से स्थापित परियोजनाओं का वर्षों तक निष्क्रिय रहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से देरी के कारणों की जानकारी ली और जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराकर सोलर पैनलों को चालू करने के निर्देश दिए। सांसद ने विशेष रूप से पर्यटन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों में समन्वय की कमी और उदासीनता के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी आवश्यक है, ताकि सार्वजनिक धन का सही उपयोग हो और नागरिकों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। अधिकारियों ने सांसद को आश्वासन दिया कि सभी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा और लंबित कार्य जल्द पूरे किए जाएंगे। समीक्षा बैठक के दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं की प्रगति की नियमित मॉ नटरिंग की जाए और प्रत्येक कार्य की समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# झूठे मुकदमे और प्रताड़ना के आरोप, युवक की मौत के बाद सात लोगों पर केस दर्ज

**भारतेंन्दु संवाददाता, पलवल**

बहीन थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि युवक को झूठे मुकदमे में फंसाकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके कारण वह गहरे तनाव में था। घटना के बाद परिवार ने संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों द्वारा युवक पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था और उसे कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर परेशान किया जा रहा था। परिवार का कहना है कि इसी मानसिक तनाव के चलते यह दुखद घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उपलब्ध दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया कि शिकायत में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच पूरी होने के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है और सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले में सभी आरोपों की बारीकी से जांच की जा रही है। डिजिटल साक्ष्य, कॉल डिटेल्स और गवाहों के बयान भी जुटाए जा रहे हैं ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**भारतेंन्दु संवाददाता, सिरसा।** जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। ढाणी ख्योंवाली निवासी सिकंदर सिंह की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिकंदर अपने ननिहाल रानियां में आया हुआ था, जहां उसने एक मेडिकल स्टोर से नशीली दवाएं खरीदीं और खेल स्टेडियम में सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर सीआईए कालांवाली पुलिस ने गदराना क्षेत्र में छापेमारी कर 2600 नशीली गोलियां व कैप्सूल सहित एक युवक लवप्रीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ड्रग विभाग को बरामद माल सौंप दिया है और आगे की जांच जारी है। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है और लगातार अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की जा रही है। प्रशासन ने भी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर मिले दो शव, हत्या करके फेंकने की आशंका

## घटनास्थल से पाइप, ड्रम और लोहे का पाना बरामद, टायरों के निशानों ने हत्या के बाद शव लाकर फेंके जाने का शक बढ़ाया

**भारतेंन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

हरियाणा के झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर सोमवार तड़के दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों शव सड़क किनारे सहवाग इंटरनेशनल स्कूल के पास पड़े मिले। मृतकों के अर्धनग्न शवों पर चोट के कई गंभीर निशान पाए गए हैं, जिससे पुलिस को आशंका है कि दोनों की हत्या किसी अन्य स्थान पर करने के बाद सबूत मिटाने की नीयत से शवों को यहां लाकर फेंका गया है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें जांच में जुट गई हैं। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे राहगीरों ने सड़क किनारे दो शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस, सीआईए, स्पेशल स्टाफ तथा फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में पुलिस को घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

जांच के दौरान घटनास्थल पर वाहन के टायरों के निशान मिले हैं। इसके अलावा शवों के पास एक पाइप, एक ड्रम और लोहे का पाना (रिंच) भी बरामद हुआ है। पुलिस इन वस्तुओं की भी जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका वारदात से कोई संबंध है या नहीं।

एफएसएल टीम ने मौके से विभिन्न नमूने और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए झज्जर के नागरिक अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वास्तविक कारण और हत्या के तरीके के बारे में अधिक स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल शरीर पर मिले चोटों के निशान हत्या की आशंका को मजबूत कर रहे हैं।

पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जांच अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि शवों को किस वाहन से लाया गया, घटनास्थल पर कब फेंका गया और वारदात में कितने लोग शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिल सके। झज्जर सदर थाना प्रभारी परमजीत ने बताया कि फिलहाल दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया दोनों दूसरे राज्य के निवासी प्रतीत हो रहे हैं। उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के जिलों और पड़ोसी राज्यों के गुमशुदगी रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस मृतकों के फोटो और अन्य विवरण विभिन्न थानों को भी भेज रही है, ताकि जल्द से जल्द उनकी पहचान हो सके।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच हर पहलू को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि वैज्ञानिक जांच और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जल्द ही इस दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली जाएगी और आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। पुलिस का कहना है कि पहचान होने के बाद मृतकों के परिजनों से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों और संभावित दुश्मनी की भी जांच की जाएगी।

# हरियाणा में मानसून मेहरबान, 15 जिलों में बारिश का अलर्ट, 11 जुलाई तक मौसम बिगड़ेगा

**भारतेंन्दु संवाददाता, चंडीगढ़**

हरियाणा में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। सोमवार को पंचकूला, सोनीपत समेत कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव और यातायात प्रभावित होने की स्थिति भी बनी रही। मौसम विभाग ने प्रदेश के 15 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से हरियाणा में अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। विभाग का अनुमान है कि 11 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर तेज बारिश भी हो सकती है। इस दौरान गरज-चमक, तेज हवाएं और कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान, बाजरा और मक्का की बुवाई के लिए लाभदायक मानी जा रही है।

हालांकि जिन क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश होगी, वहां जलभराव से फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। नगर निकायों को जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम करने को कहा गया है।

लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों के नीचे खड़े न हों। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। ऐसे में नागरिकों को मौसम संबंधी ताजा अपडेट पर नजर रखने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

# पर्सनैलिटी राइट्स मामले में सलमान खान से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

## सलमान खान ने फिल्म 'काला हिरण-द बैटल फॉर लीगेसी' की रिलीज और प्रचार पर रोक लगाने की मांग की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लीगेसी को लेकर दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एक महत्वपूर्ण कानूनी सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या किसी व्यक्ति के 'पर्सनैलिटी राइट्स' (व्यक्तित्व अधिकार) का दायरा फिल्म के प्रचार-प्रसार (प्रमोशनल कंटेंट) तक भी विस्तारित होता है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई के लिए निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान सलमान खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रवि प्रकाश ने अदालत से फिल्म और उसके ट्रेलर के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि फिल्म निर्माता अभिनेता की अनुमति के बिना उनके व्यक्तित्व, पहचान और लोकप्रिय छवि का व्यावसायिक लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने दलील दी कि फिल्म के प्रचार में भी सलमान खान के नाम और उनकी पहचान से जुड़े प्रतीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो उनके व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन है। हालांकि अदालत ने इस पर कई सवाल उठाए। न्यायालय ने पूछा कि फिल्म और सलमान खान के बीच ऐसा कौन-सा प्रत्यक्ष संबंध है, जिससे यह स्पष्ट हो कि फिल्म वास्तव में उन्हीं पर आधारित है।

इस पर याचिकाकर्ता की ओर से सलमान खान के प्रसिद्ध ब्रेसलेट का हवाला दिया गया। वकील ने कहा कि फिल्म में मुख्य किरदार वैसा ही ब्रेसलेट पहने दिखाई देता है और फिल्म निर्माता ने कुछ इंटरव्यू में भी यह संकेत दिया है कि फिल्म सलमान खान से प्रेरित है। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल किसी के ब्रेसलेट या पहनावे की समानता के आधार पर व्यक्तित्व अधिकारों का दावा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि कोई



पगड़ी पहनता है या कोई विशेष आभूषण धारण करता है, तो मात्र उसी आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उसके व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। अदालत ने याचिकाकर्ता से स्पष्ट और प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने को कहा। इसके बाद सलमान खान के वकील ने फिल्म निर्माता के इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख किया, जिनमें कथित रूप से अभिनेता का संदर्भ दिया गया था। अदालत ने कहा कि वह केवल याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करेगी और फिल्म निर्माता को निर्देश दिया कि जिन वीडियो और सामग्रियों पर वह भरोसा कर रहे हैं, उन्हें अदालत और याचिकाकर्ता के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि उनकी सत्यता की जांच की जा सके।

# दिल्ली के सभी 5633 स्कूलों में बाल सुरक्षा कमेटी गठन अनिवार्य

**एजेंसी ,नई दिल्ली**



पॉक्सो कानून के तहत स्कूलों में सुरक्षा समितियां हुई अनिवार्य

दिल्ली सरकार ने राजधानी के सभी 5633 स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंट और निजी स्कूलों में इसी महीने के अंत तक पॉक्सो कानून के तहत चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटियों का गठन अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि फिलहाल दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में ये समितियां गठित हो चुकी हैं, लेकिन अब लक्ष्य सभी स्कूलों को इस व्यवस्था के तहत लाना है।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े ये कदम केवल अस्थायी नहीं होंगे, बल्कि इन्हें स्थायी संस्थागत व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में सुरक्षा से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही दिल्ली पुलिस को भी निर्देश दिया गया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज हर मामले में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक जिले में अतिरिक्त डीसीपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मामलों की निगरानी करेंगे और विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी स्कूलों में स्टूडेंट सेफ्टी चेकलिस्ट लागू की जाएगी और पॉक्सो मामलों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन अनिवार्य होगा। शिक्षकों और मास्टर ट्रेनरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि वे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों को बेहतर तरीके से संभाल सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### जिमखाना केसः सुनवाई 28 जुलाई तक टली

**एजेंसी ,नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली जिमखाना क्लब से जुड़े परिसर खाली करने के केंद्र सरकार के नोटिस के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई 28 जुलाई तक टाल दी है। सोमवार को केंद्र सरकार ने अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे जस्टिस अवनीश झींगन की बेंच ने स्वीकार कर लिया। इस मामले में क्लब के सदस्य विजय खुराना और क्लब स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भी नई याचिकाएं दायर की गई हैं। भूमि एवं संपदा कार्यालय के इस्टेट अधिकारी ने पिछले सप्ताह क्लब को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। केंद्र सरकार ने भी क्लब को परिसर खाली कराने की अनुमति मांगते हुए याचिका दायर की है। कोर्ट ने पहले 26 मई को नोटिस पर केंद्र को जवाब देने के लिए कहा था, लेकिन अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। केंद्र का कहना है कि क्लब का 27.3 एकड़ परिसर प्रधानमंत्री आवास और अन्य सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास स्थित है, इसलिए यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। सरकार ने कहा है कि रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए इस भूमि की आवश्यकता है।

### 'आप' ने एलएनजेपी अस्पताल पर घोटाले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**एजेंसी ,नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कथित 650 करोड़ रुपये के दवा घोटाले को लेकर लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और असली दोषियों को बचाया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि इस कथित घोटाले के 'मास्टरमाइंड' राजीव रंगीला हैं और सरकार उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि डीजीएचएस के पद पर डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति नियमों को दरकिनार कर की गई।विधायक संजीव झा ने कहा कि एसीबी की रिपोर्ट के अनुसार कागजों पर 400 करोड़ की खरीद दिखाई गई जबकि असल में केवल 100 करोड़ की दवाएं खरीदी गईं। आप नेताओं ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छह देशों के राजदूतों के परिचय-पत्र किए स्वीकार

**एजेंसी ,नई दिल्ली।** नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में छह देशों के नवनियुक्त राजदूतों और उच्चायुक्तों से उनके परिचय-पत्र (क्रेडेंशियल्स) स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति ने मोजाम्बिक के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ की राजदूत नदेस्का इमारा कथबर्ट कार्लसन, सूरीनाम की राजदूत हनीशा जयराम, गैबोन के उच्चायुक्त ऑरेलियन-मार्सेल मिंट्सा न्गुएमा, मंगोलिया के राजदूत डॉ. उल्जीत लुव्सानजाव और बहामास के उच्चायुक्त पीटर निकोलस साइमोनेट के परिचय-पत्र स्वीकार किए। यह संवैधानिक और राजनयिक प्रक्रिया किसी भी देश के नवनियुक्त राजदूत या उच्चायुक्त के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। परिचय-पत्र स्वीकार होने के बाद संबंधित राजनयिक भारत में आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल सकते हैं। इस अवसर पर भारत और इन छह देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग तथा कूटनीतिक संवाद को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई। यह प्रक्रिया मित्र देशों के साथ भारत के राजनयिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जाती है।

### नंद नगरी में अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी ,नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी जसवीर सिंह के कब्जे से 198 क्वार्टर (करीब 35.64 लीटर) अवैध शराब, तस्करी में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी और दो लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फरार आरोपी सन्नी के लिए अवैध शराब की सप्लाई करता था। पुलिस ने सन्नी के घर पर छापेमारी कर नकदी बरामद की और उसकी तलाश जारी है। मामले में दिल्ली आबकारी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर पूरे तस्करी नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# सिर्फ 100 में बनते थे नकली दस्तावेज, साइबर ठगी का पर्दाफाश

**एजेंसी ,नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में संगठित साइबर जालसाजी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने एक ऐसे अंतर राज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जो एक वेबसाइट के जरिए फर्जी सरकारी पहचान पत्र बनाने और उन्हें ऑनलाइन बेचने के अवैध कारोबार में सक्रिय था।

यह गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था और सोशल मीडिया तथा डार्क वेब जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ग्राहकों तक पहुंच बना रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क कम कीमत पर यानी मात्र 100 रुपये जैसे मामूली शुल्क में फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी और अन्य सरकारी दस्तावेज तैयार कर उपलब्ध कराता था। पुलिस के अनुसार, इस रैकेट का संचालन कई राज्यों में फैला हुआ था और इसमें तकनीकी



विशेषज्ञों की भी भूमिका सामने आई है। गिरोह के सदस्य डिजिटल टूल्स और एडवांस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर असली जैसे दिखने वाले दस्तावेज तैयार करते थे, जिससे आम लोगों को इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता था।

इस कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सर्वर तथा बैंकिंग लेनदेन की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस रैकेट के तार अन्य राज्यों और संभवत: विदेशों से भी जुड़े हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है और इसके मास्टरमाइंड तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं।

# 35 किमी लंबे मेट्रो रूट से गुरुग्राम को नई रफ्तार, 28 स्टेशन होंगे तैयार

**एजेंसी ,नई दिल्ली**

गुरुग्राम को विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मेट्रो विस्तार परियोजना पर विशेष जोर दे रही है। इसी क्रम में सेक्टर-56 से लेकर दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित पचगांव तक प्रस्तावित नए मेट्रो रूट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को जल्द ही सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

इस प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर का उद्देश्य गुरुग्राम के तेजी से विकसित हो रहे आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों को आपस में जोड़ना है। इस रूट के तहत ग्लोबल सिटी जैसे प्रमुख विकास क्षेत्र को भी कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी, जिससे शहर की परिवहन व्यवस्था



और अधिक सुगम और प्रभावी बन सकेगी। जानकारी के अनुसार, यह मेट्रो रूट लगभग 35 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें करीब 28 स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं।

इन स्टेशनों के माध्यम से शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण सेक्टरों, बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों को जोड़ा जाएगा। इससे न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि सड़क यातायात पर भी दबाव कम होगा। सरकार का मानना है कि इस परियोजना से गुरुग्राम में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश के अवसर बढ़ेंगे और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी।

साथ ही, पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। प्रस्तावित मेट्रो विस्तार को शहर के भविष्य के विकास की रीढ़ के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, डीपीआर को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और जल्द ही इसे राज्य सरकार की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की लोधी कॉलोनी में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को एनडीएमसी फ्लैट्स की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद 28 वर्षीय आकृति सुतार गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें तुरंत एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आकृति दक्षिण दिल्ली के पुष्प विहार की रहने वाली थीं और छतरपुर स्थित एक निजी कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थीं। उनकी शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को अरस्तु सिक्का से हुई थी, और शादी को अभी ढाई महीने ही हुए थे। मामले में नया मोड़ तब आया जब आकृति के परिवार ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाया। परिवार का कहना है कि इस घटना को आत्महत्या का रूप देकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

# विनेश फोगाट को दिए गए कारण बताओ नोटिस पर दो हफ्ते में फैसला करे डब्ल्यूएफआई




**एजेंसी ,नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघको निर्देश दिया है कि वह महिला पहलवान विनेश फोगाट को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर दो सप्ताह के भीतर निर्णय ले। यह आदेश न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने सुनाया, जिसने मामले से जुड़ी याचिका का निस्तारण करते हुए यह स्पष्ट निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान विनेश फोगाट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि यह मामला केवल अनुशासनात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें चयन प्रक्रिया और नियमों की व्याख्या जैसे व्यापक मुद्दे भी शामिल हैं। इस पर अदालत ने कहा कि चयन प्रक्रिया को चुनौती देने के लिए अलग से याचिका दाखिल करनी होगी, जबकि वर्तमान मामले में फोकस केवल कारण बताओ नोटिस पर है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय कुश्ती संघ को अपने नोटिस पर समयबद्ध निर्णय लेना होगा और इस प्रक्रिया में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके साथ ही अदालत ने याचिका को समाप्त कर दिया। इससे पहले भी इस मामले में कई कानूनी चरण देखने को मिले हैं। सिंगल बेंच ने 18 मई को विनेश फोगाट को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था और उन्हें नोटिस का विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया था। इसके बाद फोगाट ने डिवीजन बेंच में अपील की, जहां 23 मई को उन्हें एशियन गेम्स ट्रायल में भाग लेने की अनुमति मिल गई।

इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां भारतीय कुश्ती संघ की याचिका खारिज कर दी गई और फोगाट को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति बरकरार रखी गई। 30 मई को उन्होंने ट्रायल में हिस्सा लिया, हालांकि वे चयन में सफल नहीं हो सकीं। भारतीय कुश्ती संघ ने 12 मई को उन्हें अनुशासनहीनता, एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन और रिटायरमेंट के बाद वापसी के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन न करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# शेयर की कमजोर लिस्टिंग के बाद निवेशकों को निराश कर गई आस्था स्पिनटेक्स

**एजेंसी ,नई दिल्ली**

कॉटन यार्न का उत्पादन करने वाली कंपनी आस्था स्पिनटेक्स ने आज शेयर बाजार में गिरावट के साथ लिस्टिंग करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश किया। कंपनी के आईपीओ के तहत शेयर 136 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे, लेकिन बीएसई और एनएसई पर इसकी शुरुआत 4.41 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 130 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद शेयर में उतार चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में खरीदारी का समर्थन मिलने पर यह शेयर कुछ समय के लिए 136.50 रुपये के अपर सर्किट तक पहुंच गया, लेकिन बाद में बिकवाली हावी हो गई और तेजी पर ब्रेक लग गया। दिन के अंत में आस्था स्पिनटेक्स का शेयर 136.49 रुपये पर बंद हुआ, जिससे मामूली बढ़त दर्ज हुई। इस प्रकार, डिस्काउंट लिस्टिंग के बावजूद निवेशकों को पहले दिन के कारोबार में प्रति शेयर लगभग 49




पैसे यानी 0.36 प्रतिशत का हल्का लाभ मिला। हालांकि दिनभर का प्रदर्शन अस्थिर रहा और निवेशकों को उम्मीद के अनुसार स्थिर रिटर्न नहीं मिला। कंपनी का 170 करोड़ रुपये का आईपीओ 29 जून से 1 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

इसे निवेशकों की ओर से औसत प्रतिक्रिया मिली और कुल मिलाकर यह 5.05 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का हिस्सा 3.59 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का 8.29 गुना, रिटेल निवेशकों का 2.54 गुना और कर्मचारियों का हिस्सा 5.43 गुना सब्सक्राइब हुआ।

आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 1.25 करोड़ नए शेयर जारी किए गए। जुटाई गई राशि का उपयोग कंपनी फाल्कन यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण, वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। भारी सब्सक्रिप्शन के बावजूद आस्था स्पिनटेक्स का डेब्यू रहा फीका।

# तकनीकी खराबी के कारण रेड लाइन पर मेट्रो सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर सोमवार को सिग्नलिंग फेलियर के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के चलते एक घंटे तक मेट्रो संचालन पूरी तरह प्रभावित रहा, जिससे कई स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई और लोग देरी से परेशान नजर आए। डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन) के अनुसार, यह समस्या रेड लाइन के सिग्नलिंग सिस्टम में अचानक आई खराबी के कारण उत्पन्न हुई, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह तकनीकी गड़बड़ी किस वजह से हुई।

इस दौरान कई ट्रेनें बीच रास्ते में ही रोकनी पड़ीं और कुछ का संचालन धीमी गति से किया गया। यात्रियों ने बताया कि अचानक मेट्रो रुकने से ऑफिस और अन्य जरूरी कामों के लिए जा रहे लोगों को काफी दिक्कत हुई। स्टेशनों पर घोषणाएं की जाती रहीं और सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित



करने की कोशिश की। तकनीकी टीम द्वारा लगातार प्रयासों के बाद सिग्नलिंग सिस्टम को दुरुस्त किया गया और धीरे-धीरे सेवाएं बहाल की गईं।

डीएमआरसी ने कहा कि स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेनों का संचालन फिर से नियमित कर दिया गया है। फिलहाल इस घटना की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो और यात्रियों को असुविधा से बचाया जा सके। यात्रियों की सुरक्षा और समयबद्ध संचालन को प्राथमिकता देते हुए डीएमआरसी ने कहा कि भविष्य में सिस्टम अपग्रेड और मॉनिटरिंग को और मजबूत किया जाएगा ताकि ऐसी तकनीकी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# सब-जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय शिविर के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन

## अंडर-18 एशिया कप विजेता खिलाड़ी शिविर में शामिल,पंजाब विश्वविद्यालय में दो सप्ताह का हाई-परफॉर्मेंस कैंप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाली पहली पुरुष यूथ हॉकी-5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई है। यह शिविर 7 से 18 जुलाई तक पंजाब विश्वविद्यालय, सेक्टर-14, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच की देखरेख में युवा खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों को हॉकी-5एस प्रारूप की तकनीकी, रणनीतिक और तेज गति वाली खेल शैली से परिचित कराया जाएगा, जो आधुनिक हॉकी का एक महत्वपूर्ण और तेजी से लोकप्रिय हो रहा स्वरूप है। चयनित सभी 15 खिलाड़ी हाल ही



में संपन्न अंडर-18 पुरुष एशिया कप 2026 में भारतीय टीम का हिस्सा थे। इस टूर्नामेंट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इस जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है और अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की नई चुनौती के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया का मानना है कि यह शिविर देश के युवा खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार करने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

संगठन का उद्देश्य है कि इन खिलाड़ियों को जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान किया जाए। दो सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को न केवल तकनीकी कौशल बल्कि सामरिक समझ, फिटनेस और तेज निर्णय लेने की क्षमता पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा हॉकी-5एस प्रारूप में छोटे मैदान, तेज गति और अधिक आक्रामक खेल शैली होती है, जिसके लिए अलग रणनीति की आवश्यकता होती है। इसलिए इस शिविर में खिलाड़ियों को इस प्रारूप की बारीकियों से पूरी तरह अवगत कराया जाएगा। हॉकी इंडिया ने इस आयोजन के लिए पंजाब विश्वविद्यालय का विशेष आभार व्यक्त किया है।

# फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बिक्री अदालत आदेश पर केस दर्ज

**एजेंसी ,नई दिल्ली**

नोएडा के दादरी क्षेत्र में धोखाधड़ी से प्लॉट बेचने के एक बड़े मामले में अदालत के आदेश पर तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला चिटहेरा गांव के पास स्थित एक कॉलोनी से जुड़ा है, जहां करीब 10 साल पहले एक परिवार ने प्लॉट खरीदा था।

जानकारी के अनुसार, बिहार के कटिहार जिले के मिचाई वाड़ी गांव निवासी विक्की कुमार दास, जो वर्तमान में नोएडा के गौर सिटी में रहते हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में उनके पिता ने दादरी कोतवाली क्षेत्र की सारिका विहार कॉलोनी में एक प्लॉट खरीदा था। यह प्लॉट जारचा रोड निवासी विकास कुमार से खरीदा गया था और उस समय प्लॉट की नींव भी भर दी गई थी।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विकास कुमार ने शुरुआत में भरोसा दिलाया था कि वह प्लॉट की देखरेख स्वयं करेगा और कोई समस्या नहीं आने देगा। लेकिन बाद में आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर वही प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। इसके बाद विकास कुमार और विजय उर्फ प्रधान ने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया और धमकियां भी दीं।

आरोप यह भी है कि दबाव बनाकर पीड़ित परिवार से जबरन रजिस्ट्री के कागजात ले लिए गए और उन्हें फाड़ दिया गया। इसके बाद कुछ रकम देकर मामले को दबाने की कोशिश की गई। पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

लंबे समय तक न्याय न मिलने पर पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के बाद अब पुलिस ने विकास कुमार, विजय उर्फ प्रधान, जसबीर सहित पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कुपवाड़ा में 5 .57 करोड़ के अनाज घोटाले का खुलासा, 14 पर एफआईआर दर्ज




**भारतेंदु संवाददाता, कुपवाड़ा।** एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी ) ने सोमवार को कहा कि उसने कुपवाड़ा जिले के करनाह इलाके में 5.57 करोड़ रुपये के सरकारी अनाज के कथित गबन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के पांच अधिकारियों और नौ उचित मूल्य की दुकान डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जारी एक बयान में एक प्रवक्ता ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी यानी जे एंड के केंद्र शासित प्रदेश के जनरल प्रशासनिक विभाग से पूर्व मंजूरी मिलने के बाद एसीबी पुलिस स्टेशन बारामूला में एफआईआर नंबर 02/2026 दर्ज की गई है। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित) की धारा 13(1)(ए) और 13(2), और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) और 316(5) के तहत दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह मामला खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, कश्मीर के निदेशक से मिली जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया है। विभागीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन में सरकारी अनाज की भारी कमी पाए जाने के बाद अधिकारियों और डीलरों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई थी। सरकारी बिक्री केंद्रों और उचित मूल्य की दुकानों पर की गई संयुक्त औचक जांच में शुरू में लोंथा गोदाम, करनाह कुपवाड़ा में 4,175.89 क्विंटल चावल की कमी का पता चला था।

प्रवक्ता ने कहा कि इसके बाद विभागीय उप-समिति द्वारा व्यापक भौतिक सत्यापन और एसीबी द्वारा विस्तृत जांच में कुपवाड़ा जिले के तंगधार, करनाह ए और करनाह-बी सर्कल के तहत आने वाले विभिन्न बिक्री केंद्रों और उचित मूल्य की दुकानों पर भारी कमी का पता चला। इससे सरकारी खजाने को 5,57,18,657.25 रुपये (लगभग 5.57 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह एक सुनियोजित आपराधिक साजिश थी जिसमें लोक सेवक और निजी लाभार्थी शामिल थे जिन्होंने गैर-कानूनी आर्थिक लाभ के लिए अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए उन्हें सौंपे गए सरकारी अनाज का बेईमानी से गबन किया और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया।

# विकसित जम्मू-कश्मीर के लिए महिलाओं की भूमिका अहम : मनोज सिन्हा

### कहा-कश्मीर की सामाजिक संरचना में महिलाओं ने हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है




मंच पर प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित महिला फेलो और मुख्य अतिथि की उपस्थिति।

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर प्रतिबंधित की गई किताबों का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आसानी से उपलब्ध होना एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) प्रशासन ने 25 ऐसी पुस्तकों के प्रकाशन, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाया था, जिन पर आरोप था कि वे आतंकवाद का महिमामंडन करती हैं, अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देती हैं तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के विरुद्ध माहौल तैयार करने का प्रयास करती हैं। इसके बावजूद इन पुस्तकों का विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों पर उपलब्ध होना यह दर्शाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करना अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

पांच अगस्त 2025 को जम्मू-कश्मीर गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि इन 25 पुस्तकों का प्रकाशन, बिक्री, वितरण और प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय व्यापक विवाद और सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टों के आधार पर लिया गया था। प्रशासन का मानना था कि इन पुस्तकों में ऐसे विचार और सामग्री मौजूद है, जो युवाओं को भटका सकती है, अलगाववादी सोच को बढ़ावा दे सकती है तथा आतंकवाद के प्रति सहानुभूति पैदा कर सकती है। इसलिए इन पुस्तकों पर रोक को प्रदेश की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द के लिए आवश्यक कदम माना गया था।

प्रतिबंधित पुस्तकों में कई ऐसी किताबें शामिल थीं, जो कश्मीर से जुड़े राजनीतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विषयों पर आधारित हैं। इनमें कुछ लेखकों की रचनाओं को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। प्रशासन का आरोप था कि इन पुस्तकों में घटनाओं को एकतरफा ढंग से प्रस्तुत किया गया है और ऐसी सामग्री प्रकाशित की गई है, जो समाज में भ्रम फैलाने तथा अलगाववादी भावनाओं को मजबूत करने का प्रयास करती है। यही कारण था कि सरकार ने कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर इन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया।

हालांकि, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यदि यही पुस्तकें विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, तो यह कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी पुस्तक पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगाया जा चुका है, तब उसकी ऑनलाइन बिक्री कैसे जारी है। क्या संबंधित ई-कॉमर्स कंपनियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म को इस संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई, या फिर प्रतिबंध को लागू कराने के लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी? डिजिटल युग में किसी भी सामग्री को कुछ ही मिनटों में देश-दुनिया के किसी भी हिस्से तक पहुंचाया जा सकता है।

**प्रतिबंधित किताबों की ऑनलाइन उपलब्धता से फिर उठा सुरक्षा का मुद्दा**

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक रहीं जेएंडके में प्रतिबंधित किताबें, बीते साल एलजी प्रशासन ने लगाई थी रोक

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर प्रतिबंधित की गई किताबों का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आसानी से उपलब्ध होना एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) प्रशासन ने 25 ऐसी पुस्तकों के प्रकाशन, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाया था, जिन पर आरोप था कि वे आतंकवाद का महिमामंडन करती हैं, अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देती हैं तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के विरुद्ध माहौल तैयार करने का प्रयास करती हैं। इसके बावजूद इन पुस्तकों का विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों पर उपलब्ध होना यह दर्शाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करना अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

पांच अगस्त 2025 को जम्मू-कश्मीर गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि इन 25 पुस्तकों का प्रकाशन, बिक्री, वितरण और प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय व्यापक विवाद और सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टों के आधार पर लिया गया था। प्रशासन का मानना था कि इन पुस्तकों में ऐसे विचार और सामग्री मौजूद है, जो युवाओं को भटका सकती है, अलगाववादी सोच को बढ़ावा दे सकती है तथा आतंकवाद के प्रति सहानुभूति पैदा कर सकती है। इसलिए इन पुस्तकों पर रोक को प्रदेश की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द के लिए आवश्यक कदम माना गया था।

प्रतिबंधित पुस्तकों में कई ऐसी किताबें शामिल थीं, जो कश्मीर से जुड़े राजनीतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विषयों पर आधारित हैं। इनमें कुछ लेखकों की रचनाओं को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। प्रशासन का आरोप था कि इन पुस्तकों में घटनाओं को एकतरफा ढंग से प्रस्तुत किया गया है और ऐसी सामग्री प्रकाशित की गई है, जो समाज में भ्रम फैलाने तथा अलगाववादी भावनाओं को मजबूत करने का प्रयास करती है। यही कारण था कि सरकार ने कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर इन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया।

हालांकि, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यदि यही पुस्तकें विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, तो यह कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### डोडा पुलिस ने 2022 के पुराने वीडियो के गलत प्रसार पर दी चेतावनी

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में जनता को भद्रवाह में 2022 में हुई एक घटना से संबंधित एक पुराने वीडियो के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी है। पुलिस का कहना है कि इसे सोशल मीडिया पर भ्रामक और विकृत विवरणों के साथ साझा किया जा रहा है जिससे सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ सकता है। पुलिस के अनुसार यह वीडियो 9 जून 2022 को हुई एक घटना से संबंधित है जिसके लिए भद्रवाह पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

### टीआरएफ और लश्कर नेटवर्क पर एनआईए की नई चार्जशीट तैयार

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-ताइबा प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में उसे भारत के खिलाफ साजिश रचने, सीमा पार आतंकी गतिविधियों को संचालित करने और टीआरएफ नेटवर्क से जुड़े होने का आरोपी बनाया गया है। जांच में वैज्ञानिक और फील्ड सबूत शामिल हैं। यह पहले दाखिल विस्तृत चार्जशीट का विस्तार है। हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की हत्या हुई थी।

### भारी बारिश से उफनाई चिनाब नदी, 1 साल बाद खुले बगलीहार डैम के 3 गेट, डूबेगा पाकिस्तान!



**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** डोडा-किश्तवाड़ इलाके में लगातार बारिश की वजह से चिनाब नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बगलीहार बांध के तीन गेट खोल दिए। प्रशासन ने कहा कि वह मौसम के हालात और नदी के बहाव पर लगातार नज़र रख रहा है और सभी संबंधित विभाग किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट पर हैं। यह घटनाक्रम भारत द्वारा यह दोहराए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और पक्के तौर पर खत्म नहीं कर देता। शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि संधि पर भारत का रुख नहीं बदला है।

### बारामूला में कई दिनों से खुलेआम घूम रहा तेंदुआ, निवासियों में दहशत का माहौल

**भारतेंदु संवाददाता, बारामूला।** बारामूला के उशकरा रंगवार स्थित पी.डी.डी. कॉलोनी में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की लगातार आवाजाही से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, तेंदुए को बीती रात भी कॉलोनी के आसपास देखा गया, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन्यजीव विभाग की टीम तेंदुए का पता लगाने और उसे सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए लगातार अभियान चला रही है। आज सुबह विभाग के अधिकारी पीडीडी कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने इलाके का निरीक्षण किया, स्थिति का जायजा लिया और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी।

### बारामूला के होटल में लगी भयानक आग, मची अफरा-तफरी

**भारतेंदु संवाददाता, बारामूला।** बारामूला के तंगमार्ग के एक होटल में आग लग गई। इस घटना मे होटल के एक अतिथि कक्ष (गेस्ट रूम) और मेहमानों के सामान को नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और न ही कोई घायल हुआ। जानकारी के अनुसार बाबरेशी रोड स्थित जीरन कैंप के निकट रियल शैले विला होटल में रात लगभग 10:35 बजे आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही 29 राष्ट्रीय राइफल्स (आर.आर.) के जवान, जो वर्तमान में निहालपोरा आर्मी कैंप से जीरन आर्मी कैंप में तैनात हैं, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के अभियान में शामिल हो गए।

### अमरनाथ यात्राः बेस कैंप में हादसे से हड़कंप दर्दनाक घटना से अमरनाथ यात्री की मौत

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा चल रही है जिसमें श्रद्धालु उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इसके बीच एक दुखद खबर भी सामने आई है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू में 42 साल के एक अमरनाथ यात्री की सांप के काटने से मौत हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के रहने वाले अमित कुमार को भगवती नगर बेस कैंप में सांप ने काट लिया था। उन्हें तुरंत इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और बाद में उनकी मौत हो गई।

### मई में 7 फीट, अब 1 फीट रह गया बाबा बर्फानी का स्वरूप, श्रद्धालु चिंतित



**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** अमरनाथ गुफा में स्थित पवित्र हिम शिवलिंग के इस वर्ष तेजी से पिघलने की खबर से श्रद्धालुओं में चिंता बढ़ गई है। मई में इसकी ऊंचाई लगभग 7 फीट थी, जो जून के अंत तक घटकर 5 फीट और अब करीब 1 फीट रह गई है। बाबा बर्फानी के स्वरूप में आए इस बदलाव को भक्त आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं अमरनाथ यात्रा के दौरान बिना पंजीकरण पहुंचे करीब पांच हजार श्रद्धालुओं को लखनपुर में रोक दिया गया है। प्रशासन ने केवल पंजीकृत यात्रियों को ही आगे बढ़ने की अनुमति दी है, जिससे यात्रियों में निराशा भी देखी जा रही है।

## श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ान शेड्यूल में बदलाव से यात्रियों की बढ़ी परेशानी




**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** श्रीनगर एयरपोर्ट से सोमवार को किसी भी वाणिज्यिक उड़ान का संचालन नहीं होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट प्राधिकरण के अनुसार एयरलाइंस अपने उड़ान कार्यक्रम को नए सिरे से व्यवस्थित कर रही हैं, जिसके कारण सभी निर्धारित कमर्शियल उड़ानें अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं। इस निर्णय का सबसे अधिक असर उन यात्रियों पर पड़ा, जिन्हें जरूरी कार्य, व्यवसाय, पर्यटन या चिकित्सा कारणों से यात्रा करनी थी।

- सोमवार को श्रीनगर एयरपोर्ट से सभी उड़ानें रहीं स्थगित
- यात्रा से पहले सभी यात्री एयरलाइन से करें पुष्टि

कई यात्री सुबह निर्धारित समय पर एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन उन्हें पता चला कि उनकी उड़ानें संचालित नहीं होंगी। इससे यात्रियों में निराशा के साथ-साथ भ्रम की स्थिति भी देखने को मिली।

हालांकि, इससे पहले सोमवार और मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के रनवे को पूरी तरह बंद रखने के लिए जारी नोटिस टू एयरमेन को वापस ले लिया गया था। इस फैसले के बाद यात्रियों को उम्मीद थी कि सामान्य उड़ान सेवाएं जारी रहेंगी, लेकिन एयरलाइंस को अपने उड़ान शेड्यूल में बदलाव और पुनर्गठन के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता पड़ी। इसी कारण सोमवार को किसी भी कमर्शियल विमान का संचालन नहीं किया गया।

## सिधड़ा में गोवंश तस्करी विफल, तीन पशु बरामद

**भारतेंदु संवाददाता, जम्मू।** जम्मू पुलिस ने ऑपरेशन कामधेनु के तहत कार्रवाई करते हुए सिधड़ा क्षेत्र में गोवंश की कथित तस्करी के एक प्रयास को विफल कर दिया। पुलिस के अनुसार, नियमित नाका जांच के दौरान महिंद्रा लोड कैरियर को रोका गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान वाहन से तीन गोवंशीय पशु बरामद किए गए जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया।

पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में थाना नगरोटा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है।

**सुंदरबनी सेक्टर में ड्रोन जैसी गतिविधि से मचा हड़कंप**

## एलओसी के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल, राजोरी में सर्च ऑपरेशन शुरू

**भारतेंदु संवाददाता, राजोरी।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि देखे जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। सुंदरबनी सेक्टर के मींका और बेरिपट्टन गांवों के आसपास देर रात आकाश में एक चमकदार वस्तु जैसी गतिविधि देखी गई, जिसे स्थानीय लोगों ने ड्रोन होने की आशंका के रूप में रिपोर्ट किया। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके को घेरकर व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

अधिकारियों के अनुसार, यह संदिग्ध गतिविधि देर रात उस समय देखी गई जब आकाश में रोशनी जैसी एक वस्तु कुछ समय के लिए भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करती दिखी और फिर वापस पाकिस्तान की ओर चली गई। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है, क्योंकि हाल के समय में सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार और नशीले पदार्थ गिराए जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी संभावना को देखते हुए सुरक्षाबलों ने किसी भी खतरे से इनकार नहीं करते हुए तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया।

सुरक्षाबलों की टीमों ने पूरे क्षेत्र को घेरकर जंगलों और आसपास के संवेदनशील इलाकों में घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान ड्रोन के संभावित गिराए गए किसी भी हथियार, विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री की तलाश की गई। हालांकि, कई घंटे चले अभियान के बाद भी मौके से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर में 8 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने 8 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर बादल छाए रहने का पूर्वानुमान लगाया है साथ ही कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू डिवीजन में भारी बारिश, कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बौछारें और गरज के साथ तूफान आने की संभावना है खासकर दोपहर बाद, शाम और देर रात से लेकर सुबह तक। विभाग ने बताया कि कश्मीर डिवीजन के कई जिलों में भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है, साथ ही कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बौछारें भी आ सकती हैं खासकर दोपहर और सुबह के समय।

9 जुलाई से 12 जुलाई तक मौसम आमतौर पर गर्म और उमस भरा रहेगा साथ ही कई स्थानों पर एक या दो बार हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ेंगी जबकि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बौछारें और गरज के साथ तूफान आ सकता है।

- जम्मू-कश्मीर में बदला मौसम, कई जगहों पर गरज के साथ बारिश संभव



मौसम विज्ञान केंद्र ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 8 जुलाई के बीच भारी बारिश और तेज बौछारों से चिनाब घाटी और पीर पंजाल पर्वतमाला के संवेदनशील स्थानों पर खासकर दोपहर और सुबह के समय स्थानीय बाढ़, भूस्खलन और कीचड़ का खतरा हो सकता है।

### रामबनः छात्र की सुरक्षा में चूक पूरे स्कूल स्टाफ पर निलंबन

**भारतेंदु संवाददाता, रामबन।** रामबन के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) ने सरकारी मिडिल स्कूल क्रावाह, जोन बनिहाल के पूरे स्टाफ को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई तब की गई जब एक छात्र कई घंटों तक स्कूल परिसर में बंद पाया गया। इस घटना के बाद अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

- मिडिल स्कूल के पूरे स्टाफ को किया निलंबित

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा (किंडरगार्टन-12) सीईओ रामबन द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार यह घटना 4 जुलाई 2026 को हुई जब एक छात्र रात लगभग 8:00 बजे स्कूल भवन में बंद पाया गया। यह समय स्कूल के समय के काफी बाद और ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले का था।

## उफनती तवी से बढ़ा बाढ़ का खतरा, 10 फीट पहुंचा जलस्तर



उफनती तवी ने बढ़ाई चिंता, तटीय बस्तियों पर मंडराया खतरा।

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर अब जम्मू की जीवनदायिनी तवी नदी पर साफ दिखाई देने लगा है। बारिश के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़कर करीब 10 फीट तक पहुंच गया है, जिससे नदी किनारे बसे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। तेज बहाव और पहाड़ों से आ रहे मलबे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

अचानक बढ़ते जलस्तर को देखकर नदी किनारे रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने गुज्जर नगर, जोगी गेट, निक्की तवी, छन्नी हिम्मत और बेलीचराना सहित संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है तथा लोगों को नदी के पास जाने से बचने की सलाह दी है।

- निचले इलाकों में बढ़ी लोगों की चिंता

बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में रुक-रुककर हो रही भारी बारिश के कारण तवी में पानी का बहाव लगातार तेज हो रहा है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें तटबंधों तथा जलस्तर मापने वाले गेज पर लगातार नजर रखे हुए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचता है तो नदी किनारे की बस्तियों को तत्काल खाली कराया जाएगा।

**यात्रा** भगवती नगर से श्रद्धालुओं का नया जत्था पहलगाम-बालटाल रवाना

## अमरनाथ यात्रा में बढ़ा उत्साह, पांचवां जत्था रवाना



मूसलाधार बारिश भी नहीं डिगा सकी श्रद्धालुओं का उत्साह।

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से सोमवार तड़के अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ। इस जत्थे में कुल 5,794 श्रद्धालु शामिल थे, जिनमें 1,211 महिलाएं, 21 बच्चे, 599 साधु और 76 साध्वियां भी शामिल हैं। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

अधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालुओं को अलग-अलग काफिलों में सुबह 3:10 बजे से 3:45 बजे के बीच रवाना किया गया। इनमें से 3,490 श्रद्धालु 139 वाहनों में पारंपरिक पहलगाम स्थित नुनवान आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,304 श्रद्धालु 128 वाहनों के माध्यम से बालटाल आधार शिविर की ओर भेजे गए। दोनों मार्गों पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है और पूरे रास्ते पर निगरानी रखी जा रही है। यात्रा के दौरान चिकित्सा सुविधाएं, आपातकालीन सेवाएं और यातायात प्रबंधन भी सुनिश्चित किया गया है।

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ 3 जुलाई से हुआ है और शुरुआती दिनों से ही श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 60 हजार से अधिक श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा पहुंचकर प्राकृतिक हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यात्रा में भाग ले रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि अनुकूल मौसम और बेहतर व्यवस्थाओं के कारण यात्रा सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है।

अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु दो प्रमुख मार्गों का उपयोग करते हैं। पहला पारंपरिक पहलगाम-नुनवान मार्ग है, जिसकी लंबाई लगभग 48 किलोमीटर है। यह मार्ग अपेक्षाकृत लंबा होने के बावजूद प्राकृतिक सौंदर्य और पड़ावों के कारण अधिक लोकप्रिय माना जाता है। दूसरा बालटाल मार्ग लगभग 14 किलोमीटर लंबा है, जो दूरी में छोटा लेकिन अधिक कठिन और खड़ी चढ़ाई वाला है। श्रद्धालु अपनी सुविधा, स्वास्थ्य और समय के अनुसार इनमें से किसी भी मार्ग का चयन करते हैं।

समुद्र तल से लगभग 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी गुफा में माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य सुनाया था। इसी कारण यहां बनने वाला प्राकृतिक हिम शिवलिंग करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु कठिन पर्वतीय मार्ग पार कर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और आध्यात्मिक शांति का अनुभव करते हैं।

## मचैल यात्रा पर लगी रोक, एनएच पर भूस्खलन के चलते रास्ता हुआ बंद

**भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा-किश्तवाड़ में तेज बारिश के कारण डोडा के प्रेम नगर में भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन की चपेट में कई गाड़ियां आई हैं। प्रशासन ने डोडा-किश्तवाड़ नेशनल हाइवे को बंद करा दिया है। बारिश और भूस्खलन की वजह से मचैल माता की वार्षिक यात्रा भी रुक गई है।

- खराब मौसम के चलते मचैल माता वार्षिक यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित



डोडा और किश्तवाड़ जिला प्रशासन ने सलाह जारी की है। लोगों से कहा गया है कि बिना जरूरत यात्रा न करें और बाढ़, नालों और भूस्खलन (लैंडस्लाइड) की आशंका वाली जगहों से दूर रहें। इसके चलते मचैल यात्रा भी बंद कर दी गई है। मचैल यात्रियों से अपील गई है कि वह ट्रैफिक कंट्रोल रूम डोडा या किश्तवाड़ या जम्मू से पूरी जानकारी लेकर ही फैसला करें।

अधिकारियों के अनुसार, सड़क बहाली का काम चल रहा है। प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने, अफवाहें न फैलाने या उन पर विश्वास न करने और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की सलाह दी है। मचैल माता दुर्गा मां का स्वरूप हैं। माता का मंदिर किश्तवाड़ जिले की पद्दर घाटी के मचैल गांव में चिनाब नदी की सहायक नदियों के पास स्थित है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 976 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला बिलासपुर पुलिस ने पुलिस थाना सदर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कार से 976 ग्राम अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजीव कुमार पुत्र चानण राम, निवासी गांव व डाकघर अजौली, तहसील व जिला ऊना के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। जिला पुलिस बिलासपुर नशा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### लंबित मांगों को लेकर प्राध्यापकों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**भारतेन्दु संवाददाता, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के राज्यव्यापी आह्वान पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थानीय इकाई ने गेट मीटिंग आयोजित कर लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टियां बांधकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्राध्यापकों ने सरकार से महाविद्यालय शिक्षकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) की अधिसूचना शीघ्र जारी करने, सभी पदोन्नति के मार्ग तत्काल खोलने, पात्र शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से अर्हक सेवा के आधार पर पदोन्नति लाभ प्रदान करने तथा लंबित महंगाई भत्ता (डीए) और बकाया एरियर का जल्द भुगतान करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि ये मांगें केवल शिक्षकों के हित तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों के मनोबल और संस्थागत विकास से भी जुड़ी हैं। अंत में प्राध्यापकों ने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सोमवार को झंडूता मंडल भाजपा की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक जीतराम कटवाल मुख्य वक्ता रहे, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद, विचारक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे, जिन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता व स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन के बल पर बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### काउंसलिंग के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसलिंग फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सात जुलाई सायं पांच बजे तक है। तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि पात्र अभ्यर्थी सात जुलाई तक काउंसलिंग का ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। तकनीकी विवि और संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), बीएससी एचएमसीटी/बीएचएमसीटी, बीसीए, बीबीए, एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, एमएससी मौलिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए/एमएससी योग व फार्मा डी के लिए पात्र अभ्यर्थी सात जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि बी आर्क, बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), एमटेक और एम फार्मेसी के लिए अभ्यर्थी 25 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। अभी तक यूजी और पीजी विषयों की काउंसलिंग के लिए 7000 अभ्यर्थियों के आवेदन आ चुके हैं। उपरोक्त सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधित जानकारी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर लगी सूचना विवरणिका में देख सकते हैं, जिसमें सभी विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता का पूरा ब्यौरा दिया है, जिन अभ्यर्थियों ने तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) दी है, उन्हें भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अलावा बीटेक में डायरेक्ट एंट्री के लिए जेईई मेन परीक्षा देने वाले को भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बता दें कि बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की 50 प्रतिशत सीटें एचपीसीईटी और 50 प्रतिशत सीटें जेईई की मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं। जल्द की उपरोक्त विषयों की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### जेओए लाइब्रेरियन में 77 उम्मीदवारों का चयन

**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने स्कूल शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के 78 पदों (ट्रेनी) को भरने के लिए पोस्ट कोड-25024 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 1355 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1051 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 159 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 6 और 8 जून को दस्तावेजों की जांच के बाद 77 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) का एक पद खाली रह गया है। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी सफल उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### सीएम ने डॉ. राज धीमान के निधन पर शोक जताया

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. राज धीमान के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका निधन सोमवार को हमीरपुर जिला के नादौन में हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राज धीमान का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### ग्राम सभा बैठक में सतलाई पंचायत को नशा मुक्त पंचायत बनाने का लिया संकल्प

**भारतेन्दु संवाददाता, शिमला।** नई पंचायतों के गठन के बाद विकास खंड मशोबरा की ग्राम पंचायत सतलाई में पहली ग्राम सभा का आयोजन पंचायत प्रधान जय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। प्रधान ने बताया कि बैठक में ग्राम सभा का कोरम पूर्ण रहा तथा पंचायत क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर बीडीसी सदस्य दौलत राम भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जयसिंह ठाकुर ने लोगों से सतलाई पंचायत को नशा मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। इस मौके पर नशा मुक्ति अभियान, खासकर युवाओं में बढ़ते चिट्टा (हेरोइन) के दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नवगठित पंचायत के झंडी वार्ड में फॉरेस्ट राइट्स एक्ट के तहत समिति का भी गठन किया गया। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रधान ने बताया कि निकट भविष्य में पंचायत की तीन महत्वपूर्ण सड़कों जिसमें सतलाई से कटैंया, कटैंया मझार से जुग्गर तथा चीखर से झंडी स्कूल तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव सरकार को भेजे जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके। बैठक में उपप्रधान जगदीश शर्मा, वार्ड सदस्य विनोद, लीला नंद, अमिता, रुचि वर्मा एवं ममता, पंचायत सचिव नरेश कुमार तथा ग्राम रोजगार सेविका (जीआरएस) रेखा शर्मा सहित पंचायत के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के गृह जिले में भाजपा का ऐतिहासिक परचम, हमीरपुर जिप में भाजपा का पूर्ण बहुमत

# अनीता देवी बनीं अध्यक्ष, गुरुदीप उपाध्यक्ष

**अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में भारतीय जनता पार्टी ने जिला परिषद पर अपना निर्विवाद वर्चस्व कायम रखते हुए एक बार फिर अपनी मजबूत संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया है।

19 में से 18 वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद सोमवार को जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर भी सर्वसम्मति से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का निर्वाचन हुआ। भोरंज के धमरोल वार्ड से निर्वाचित अनीता देवी को जिला परिषद अध्यक्ष तथा बड़सर के करेर वार्ड से निर्वाचित गुरुदीप सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। दोनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिला परिषद में भाजपा को व्यापक समर्थन प्राप्त है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव से पूर्व रविवार को पार्टी स्तर पर कई दौर की विचार-विमर्श बैठकों का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नेताओं व संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से उम्मीदवारों के नाम तय किए गए। संगठन की इस रणनीति का परिणाम सोमवार को निर्विरोध निर्वाचन के रूप में सामने आया। संभावित प्रतिस्पर्धा और दावेदारों के बीच समन्वय स्थापित कर भाजपा ने संगठनात्मक अनुशासन और एकजुटता का प्रभावी संदेश दिया। इससे पहले घोषित जिला परिषद चुनाव परिणामों में भी भाजपा को स्पष्ट जनादेश मिला था।

जिले के 19 वार्डों में कांग्रेस केवल अमलेड़ वार्ड की एकमात्र सीट जीत सकी, जबकि 15 वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी तथा तीन वार्डों में भाजपा की विचारधारा से जुड़े निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए। इस प्रकार कुल 18 सदस्यों के समर्थन के साथ भाजपा ने जिला परिषद में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में भाजपा का यह प्रदर्शन केवल स्थानीय निकाय चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले में पार्टी की मजबूत जनस्वीकृति, प्रभावी चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का भी प्रमाण है। वहीं कांग्रेस का एक सीट तक सिमट जाना जिले में उसके घटते जनाधार और संगठनात्मक कमजोरियों की ओर संकेत करता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता देवी तथा उपाध्यक्ष गुरुदीप सिंह ने सभी जिला परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर जिला परिषद को विकास का सशक्त माध्यम बनाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



### भाजपा की एकजुटता व कार्यकर्ताओं के समर्पण की जीत : राकेश ठाकुर

**हमीरपुर** जिला परिषद में भाजपा की यह ऐतिहासिक सफलता संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के विश्वास का परिणाम है। हमीरपुर जिला अध्यक्ष भाजपा राकेश ठाकुर ने कहा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्वाचित होना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा आज जिले में सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित है। अनीता देवी के अध्यक्ष तथा गुरुदीप सिंह के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी जिला परिषद सदस्यों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हमें पूर्ण विश्वास है कि नई टीम जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए हमीरपुर के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

## भाजपा की यह जीत सिर्फ ट्रेलर है, असली पिक्चर 2027 के विधानसभा चुनाव में दिखाई देगी : राणा

**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर में पंचायतीराज चुनावों के बाद जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर भी विजय प्राप्त कर अपना परचम लहरा दिया है। सोमवार को संपन्न हुए जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित सदस्यों ने दोनों प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से जीत दर्ज कर संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का परिचय दिया।



धमरोल वार्ड से निर्वाचित जिला परिषद सदस्य अनीता देवी को सर्वसम्मति से जिला परिषद अध्यक्ष तथा करेर वार्ड से निर्वाचित गुरदीप सिंह को सर्वसम्मति से जिला परिषद का उपाध्यक्ष चुना गया। भाजपा ने कहा कि जिला परिषद के परिणाम घोषित होने के कई सप्ताह बाद तक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव लंबित रखे गए। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक समीकरण बदलने तथा अनैतिक तरीकों से समीकरण अपने पक्ष में करने की मंशा से इन चुनावों में अनावश्यक विलंब किया, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की दृढ़ता के सामने ऐसे सभी प्रयास विफल रहे तथा अंततः भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने दोनों पदों पर निर्विरोध विजय प्राप्त कर कांग्रेस सरकार की मंशा पर करारा जवाब दिया। चुनाव प्रक्रिया भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा तथा जिला प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव अमित ठाकुर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक आशीष शर्मा, भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान व विजय अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अजय रिंटू, सभी मंडलों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चुनाव परिणाम घोषित होने के उपरांत भाजपा नेताओं के नेतृत्व में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा अन्य विजयी सदस्यों के साथ जिला परिषद भवन से गांधी चौक तक भव्य विजय रैली निकाली गई।

# 91 वर्ष के हुए तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा

**भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु 14वें दलाई लामा का 91वां जन्मदिन मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

इस मौके पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया।



इस मौके पर जिलाधीश कांगड़ा हेम राज बैरवा बतौर मुख्यातिथि रहे। चुगलाखांग मठ के परिसर में निर्वासित तिब्बती लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी मौजूदगी जताते हुए दलाई लामा की लंबी आयु और उनके बेहतर स्वास्थ्य को लेकर प्रार्थना की। हालांकि, धर्मगुरु इन दिनों लेह-लद्धाख के दौरे पर हैं और उनके जन्मदिन पर वहां कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। उधर, सोमवार सुबह मैक्लोडगंज में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत तिब्बती और भारतीय राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर जन्मदिन का केक काटा गया। तिब्बती कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और निर्वासित नेताओं ने आधिकारिक भाषण दिए। मुख्य तिब्बती मंदिर, चुगलाखांग में लगभग तीन से चार हज़ार निर्वासित तिब्बती, जिनमें कुछ स्थानीय भारतीय मित्र और विदेशी समर्थक भी शामिल थे, इकट्ठा हुए थे। कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा मुख्यातिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी प्रतिभागी यहां पंहुचकर खुद को सौभाग्यशाली और खुश महसूस कर रहे थे। दलाई लामा खुद लद्दाख में अपने जन्मदिन के समारोह में शामिल हुए।

तेनजिन और डोलमा नाम की तिब्बती महिलाओं ने कहा कि हम सभी यहां परम पावन दलाई लामा का 91वां जन्मदिन मनाने के लिए इकट्ठा हुए हैं और हम सभी बहुत खुश हैं। हम उनके स्वस्थ और लंबे जीवन की कामना करते हैं। विदेशी अनुयायियों ने भी दलाई लामा के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।

### सीएम ने दलाई लामा को जन्मदिवस पर दी शुभकामनाएं


**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तिब्बतियन सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरू परमपावन दलाई लामा को उनके 91वें जन्म दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि दलाई लामा करुणा, अहिंसा, शांति और मानवीय मूल्यों के प्रतीक हैं तथा उनका पूरा जीवन, मानवता को प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा की उपस्थिति ने हिमाचल प्रदेश को विश्व के आध्यात्मिक मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की ताकि उनके विचार और शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन प्रदान करती रहें।

### ◆ मैक्लोडगंज में केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

## हमीरपुर जिप में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

# जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को किया पूरी तरह खारिज : अनुराग सिंह ठाकुर

**भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर जिला परिषद में सोमवार को भाजपा समर्थित अनीता शर्मा के निर्विरोध अध्यक्ष तथा गुरदीप सिंह के निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर दोनों जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर जिला परिषद में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की यह शानदार जीत प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन, जनविरोधी नीतियों और लगातार गिरते जनाधार पर जनता की स्पष्ट मुहर है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में लगातार हो रहे स्थानीय निकाय एवं पंचायत स्तर के चुनावों में कांग्रेस को मिल रही करारी हार यह दर्शाती है कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में जिला परिषद पर भाजपा का एकतरफा विजय प्राप्त करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होना तय है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जिला परिषद अध्यक्ष अनीता शर्मा एवं उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनसेवा, पारदर्शिता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा हमीरपुर जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। उन्होंने दोनों के सफल, प्रभावी एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की।

## खाद्यान्न परिवहन कार्य के लिए दो वर्षों की ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुरू

**अमर सिंह ठाकुरी, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के थोक भंडार बिलासपुर से हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक भंडार सदर तक खाद्यान्न के परिवहन एवं दुलाई कार्य के लिए वर्ष 2026-27 तथा 2027-28 की अवधि (दो वर्ष) के लिए ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले, बिलासपुर बिजेंद्र पठानिया ने बताया कि इस कार्य के लिए इच्छुक एजेंसियां अपनी निविदाएं केवल ई-टेंडरिंग पोर्टल httpsÑ//hptenders.gov.in के माध्यम से 27 जुलाई को सायं 5 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकती हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त अथवा ऑफलाइन माध्यम से भेजी गई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

## शोध, सुशासन व नीति निर्माण में सांख्यिकी की भूमिका पर हुआ मंथन

**अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर के करियर काउंसलिंग, गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग, बिलासपुर के सहयोग से सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत दो दिवसीय सांख्यिकी जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांख्यिकी के बढ़ते महत्व तथा शोध, सुशासन, नीति निर्माण और राष्ट्रीय विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक बनाना था। यह जानकारी जिला सांख्यिकी अधिकारी ललित ने दी। कार्यशाला के दौरान चार विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया, जिनमें अर्थशास्त्र श्व सांख्यिकी विभाग के एक अधिकारी तथा कॉलेज के तीन प्राध्यापक शामिल रहे। विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को डेटा के महत्व, सांख्यिकीय विश्लेषण, तार्किक निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने की आवश्यकता से अवगत कराया।

## नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर युवाओं को करें जागरूक : अपूर्व देवगन



**भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, एनडीपीएस अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विभागों से आपसी समन्वय से नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों की खेती पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपना विद्यालय योजना के तहत गोद लिए गए स्कूलों में अपनी विजिट्स बढ़ाएं तथा छात्रों को पढ़ाई के टिप्स के साथ साथ नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस, स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण विभाग नगर निगम, नगर निकायों तथा ग्राम पंचायतों की आम बैठकों में भी प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दें व ड्रग्स फ्री हिमाचल ऐप डाउनलोड लोड करवाएं। उन्होंने अति संवेदनशील पंचायतों पर विशेष ध्यान देने तथा शैक्षणिक संस्थानों और पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियां जारी रखने पर भी बल दिया। बैठक में 'भांग उखाड़ो अभियान' के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिले में अवैध भांग एवं अफीम की खेती की पहचान कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# एचपी शिवा परियोजना से बदली लंझता की तस्वीर

**अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत लंझता में एचपी शिवा परियोजना के तहत लीची की व्यावसायिक खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। कुछ वर्ष पहले तक जहां किसान मुख्य रूप से पारंपरिक फसलों पर निर्भर थे, वहीं आज गांव में विकसित हो रहे लीची के बाग किसानों के लिए भविष्य की आय का मजबूत आधार बन रहे हैं।

इस परिवर्तन की शुरुआत वर्ष 2019-20 में हुई, जब लंझता पंचायत का चयन एचपी शिवा परियोजना के तहत फ्रंट लाइन डेमोस्ट्रेशन (एफएलडी) के लिए किया गया। प्रारंभिक चरण में 500 लीची के पौधे लगाए गए। परियोजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2020-21 और 2021-22 में 9,505 अतिरिक्त पौधों का रोपण किया गया। वर्तमान में लगभग 13.5 हेक्टेयर क्षेत्र में 54 किसान आधुनिक तकनीक से लीची की खेती कर रहे हैं। परियोजना के तहत केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि सिंचाई और पौधों के संरक्षण के लिए भी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं। किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक लाख लीटर क्षमता का जल भंडारण टैंक तथा 20-20 हजार लीटर क्षमता के सात अन्य टैंक बनाए गए हैं। इसके अलावा उद्यान विभाग के अधिकारी समय-समय पर किसानों को वैज्ञानिक बागवानी, पौध संरक्षण और फसल प्रबंधन संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं। लाभार्थी किसान प्रकाश चंद ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में लगभग 850 लीची के पौधे लगाए हैं, अब पौधों पर फल आना शुरू हो गया है और उन्हें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यही बाग उनके परिवार की आय का प्रमुख स्रोत बनेगा। वहीं लाभार्थी किसान लता देवी, जिन्होंने 834 पौधे लगाए हैं, का कहना है कि पिछले वर्ष से अच्छी गुणवत्ता के फल मिलने शुरू हो गए हैं। उनके अनुसार लीची की खेती ने ग्रामीण महिलाओं के लिए भी आर्थिक आत्मनिर्भरता के नए अवसर पैदा किए हैं। किसानों के अनुसार पिछले वर्ष इस क्लस्टर से लगभग 12 से 15 क्विंटल लीची का उत्पादन हुआ था, जबकि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण उत्पादन घटकर 4 से 5 क्विंटल रह गया। हालांकि उनका मानना है कि पौधों के परिपक्व होने के साथ आने वाले वर्षों में उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के तहत प्रथम चरण में एफएलडी तथा दूसरे चरण में पीआरएफ क्लस्टर विकसित किया गया है। उच्च घनत्व पद्धति से पौधरोपण, नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए की गई बाड़बंदी से किसानों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। डीसी बिलासपुर ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना प्रभावी क्रियान्वयन, आधुनिक तकनीक और किसानों की मेहनत का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचाकर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि और सतत विकास सुनिश्चित करना है।



### ◆ लीची की बागवानी से किसानों को आर्थिक समृद्धि की नई उम्मीद

# क्लस्टर सिस्टम में उलझा दिया प्राथमिक शिक्षक : नरेश ठाकुर

**भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी।** हिमाचल में लागू क्लस्टर सिस्टम का उद्देश्य विद्यालयों के बीच शैक्षणिक समन्वय स्थापित करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना बताया गया था, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह व्यवस्था प्राथमिक शिक्षकों के लिए कई नई प्रशासनिक व व्यावहारिक समस्याएं लेकर आई है। आज आवश्यकता है कि इस व्यवस्था की गंभीर समीक्षा की जाए।

हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम लागू होने से पहले प्राथमिक शिक्षक प्रशासनिक रूप से खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) तथा शिक्षा विभाग के अन्य सक्षम अधिकारियों के अधीन कार्य करते थे। क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद उन्हें इन अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य के अधीन भी कार्य करना पड़ रहा है। इससे प्राथमिक शिक्षकों के लिए दोहरी प्रशासनिक एवं निरीक्षण व्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि इस दोहरी व्यवस्था के कारण कई बार एक ही विषय पर अलग-अलग स्तरों से निर्देश जारी होते हैं। जवाबदेही भी अनेक स्तरों पर तय होने लगी है, जिससे शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। सबसे अधिक प्रभावित वह समय होता है, जो शिक्षक को विद्यार्थियों के साथ कक्षा में बिताना चाहिए। विडंबना यह भी है कि क्लस्टर सिस्टम का उद्देश्य प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित करना था, लेकिन व्यवहार में अपेक्षित समन्वय विकसित नहीं हो पाया। कई स्थानों पर प्राथमिक विद्यालयों की समस्याओं के समाधान की बजाय प्रशासनिक औपचारिकताओं पर अधिक जोर दिया जा रहा है। एक और महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक संख्या कम है, तब भी अन्य शिक्षक वर्ग आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक कक्षाएं लेने से बचता है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने के लिए डेप्युटेशन पर जाने से भी अक्सर परहेज़ किया जाता है। परिणामस्वरूप सीमित संख्या में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक ही अतिरिक्त दायित्वों का बोझ उठाने को विवश हो जाता है।

**उद्घाटन** एनआईटी में एनसीसी एयर विंग का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू, 550 कैडेट ले रहे भाग

# प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मनिर्भरता का करेगा विकास

**अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में आरंभ हो गया। 1एचपी एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी कुल्लू द्वारा 5 से 14 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे इस शिविर में इसमें प्रदेश भर के शिक्षण संस्थानों के लगभग 550 कैडेट्स और एनसीसी अफसर भाग ले रहे हैं।

शिविर का उद्घाटन 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर एवं कैंप कमांडेंट विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने किया। प्रतिभागी कैडेटों ने शानदार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ विंग कमांडर कुणाल शर्मा का अभिवादन किया।

इस अवसर पर विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, टीम भावना, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से कैडेटों को सैन्य जीवनशैली, भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली तथा एनसीसी के आदर्शों से व्यावहारिक रूप से परिचित करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कैडेटों को ड्रिल, एयरो मॉडलिंग, शस्त्र प्रशिक्षण, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व सामान्य विषयों पर व्याख्यान सहित अनेक व्यावहारिक व ज्ञानवर्धक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त समूह गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा साहसिक प्रशिक्षण भी शिविर का अभिन्न हिस्सा होंगे। सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के अंतर्गत डिग्री कालेज कुल्लू, डिग्री कालेज मंडी, एनआईटी हमीरपुर तथा आईआईटी मंडी के कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जूनियर डिवीजन व जूनियर विंग के अंतर्गत ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुल्लू, जीएसएसएस जरी, पनारसा, सैंज और पंडोह, जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, एलएमएस कलैहली, गर्ल्स स्कूल सुल्तानपुर, डीपीएस मनाली, केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज, डीएवी स्कूल मंडी, डीएवी मौहल, डीएवी मनाली, डीएवी लक्कड़ बाजार शिमला, सीआईएस कुल्लू व केंद्रीय विद्यालय रामशिला के कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर के सफल संचालन के लिए 10 एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) नियुक्त किए गए हैं, जिनमें फ्लाइंग ऑफिसर निश्छल शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, फर्स्ट ऑफिसर राम लाल, सेकंड ऑफिसर चंद्रशेखर, कर्म चंद, गौरव, विनय, हरदेव देश्टा, सुमन तथा उदय सिंह कंवर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कैडेटों के प्रशासन, अनुशासन एवं कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं के लिए सीटीओ नागेंद्र, रमेश, संजीव और अजय अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। परमानेंट इंस्ट्रक्टर स्टाफ में जूनियर वारंट ऑफिसर किरण कुमार, जूनियर वारंट ऑफिसर देवीलाल चौधरी सहित भारतीय वायु सेना के सार्जेंट एवं कोरपोरल अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, कैंप सीनियर कैडेट अभिषेक भी शिविर संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा कि 'एकता और अनुशासन' के एनसीसी आदर्श वाक्य को साकार करता यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नेतृत्व तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध होगा।



## 'लीआ पॉल' का खूबसूरत अंदाज

**लीआ पॉल** आयरलैंड की एक प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर हैं, जो बाएँ हाथ की बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आयरलैंड टीम का प्रतिनिधित्व करती हैं और अपनी ऑलराउंड क्षमता, तकनीक और स्थिर प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं।



# ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

## हार के बाद नेमार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा, नॉर्वे का अगला मुकाबला इंग्लैंड से

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड**

5 बार का चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को 2-1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एरलिंग हालैंड ने दागे। 34 साल नेमार ने कहा, 'मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो गया। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब खत्म हो चुका है।' उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था। ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी वीएआर के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया। नीलैंड ने गेब्रियल मार्टिनेली और विनीसियस जूनियर की कोशिशें नाकाम कीं और पहले हाफ में स्कोर 0-0 बनाए रखा।



### हालैंड ने 72वें मिनट में किया पहला गोल

**दूसरे** हाफ में ब्राजील के युवा स्ट्राइकर एंड्रिक ने आसान मौका गंवाया। इसके बाद नॉर्वे ने जवाबी हमला बोला। 72वें मिनट में एंड्रियास शेल्डरप ने बाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर हालैंड ने जोरदार हेडर लगाकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई। इंजरी टाइम से ठीक पहले हालैंड ने दूसरा गोल करते हुए डिफेंडर डेनिलो के पैरों के बीच से गेंद निकालकर गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में उनका छठा और सातवां गोल रहा। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी और किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए।

### इंग्लैंड लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में

**फीफा** वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड ने मेजबान मेक्सिको को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दूसरे हाफ में जरेल क्वांसा के रेड कार्ड के बाद इंग्लैंड ने करीब 35 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला, लेकिन बढ़त बरकरार रखी। जूड बेलिंगहैम ने 36वें और 38वें मिनट में लगातार दो गोल कर इंग्लैंड को 2-0 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम से पहले जूलियन क्विनोनेस ने मेक्सिको के लिए एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। 54वें मिनट में क्वांसा को रेड कार्ड मिला। इसके बावजूद 60वें मिनट में हैरी केन ने पेनल्टी पर गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 3-1 कर दी। 69वें मिनट में राउल जिमेनेज ने पेनल्टी पर गोल कर अंतर 3-2 किया, लेकिन मेक्सिको बराबरी नहीं कर सका। क्वांसा वर्ल्ड कप में रेड कार्ड पाने वाले इंग्लैंड के चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले 1986 में रे विल्किंस, 1998 में डेविड बेकहम और 2006 में वेन रूनी को वर्ल्ड कप में रेड कार्ड मिला था। 2006 के बाद यह पहला मौका है जब किसी इंग्लैंड खिलाड़ी को टूर्नामेंट में बाहर भेजा गया। वहीं, मैक्सिको 1986 के बाद आठवीं बार प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया।

# तीसरे टी20 में टीम इंडिया की नजर वापसी पर, प्लेइंग-11 में बदलाव तय



**एजेंसी, नॉटिंघम**

नॉटिंघम में मंगलवार रात इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम अंतिम एकादश में बदलाव कर सकती है। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिलने की संभावना है। दूसरे टी20 में बिश्नोई ने चार ओवर में 60 रन दिए और तीन बैक-फुट नो-बॉल फेंकी, जिससे उनकी जगह पर सवाल उठे हैं। ट्रेंट ब्रिज की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए टीम अतिरिक्त पेसर के साथ उतर सकती है।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मैच हार चुका है, जिसमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में तीसरा टी20 भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला होगा। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने दोनों मैचों में तेज अर्धशतक जैसी पारियां खेलकर प्रभावित किया है, जबकि युवा वैभव सूर्यवंशी से भी आक्रामक शुरुआत की उम्मीद रहेगी। इशान किशन, तिलक वर्मा और कप्तान अय्यर से बड़ी पारियों की अपेक्षा होगी।

इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक की कप्तानी में टीम आत्मविश्वास से भरी है। लियाम डॉसन, आदिल रशीद और विल जैक्स की स्पिन तिकड़ी भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बनी हुई है। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह बोले- स्वर्णिम युग में है महिला क्रिकेट

**एजेंसी, लंदन।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड को हराकर सातवां आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कहा कि महिला क्रिकेट अपने स्वर्णिम युग में चल रहा है।



ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसे चार विकेट पर 150 रन ही बनाने दिए। इसके बाद उसने 17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। बाद में शाह ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनी को ट्रॉफी प्रदान की। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, ''क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनके सातवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड क्रिकेट को भी उपविजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाई।'' उन्होंने कहा, ''इस टूर्नामेंट ने हमें याद दिलाया कि महिला क्रिकेट क्यों देखने लायक है। शुरू से अंत तक शक्ति, जुनून और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। दोनों टीमों और इस विश्व कप को इतना खास बनाने वाले सभी लोगों का आभार। महिला क्रिकेट स्वर्णिम युग में है।''

### महिला क्रिकेट: स्पेन का मिडफील्ड पुर्तगाल की सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी से बेहतर

**एजेंसी, डलास।** स्पेन की फुटबॉल टीम के कप्तान रोड्रिगो हर्नांडिज कैस्केन्टे ने कहा है कि उनकी टीम का मिडफील्डर पुर्तगाल के मिडफील्ड से कही बेहतर है , साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि उनके प्रतिद्वंद्वी की टीम में 'अब तक की सबसे बेहतरीन पीढ़ी' के खिलाड़ी हैं।



दोनों टीमें सोमवार को डलास में भिड़ेंगी, जिसमें स्पेन के ऑल-स्टार मिडफील्ड बैलन डी'ओर विजेता रोड्री, पेड्रि और दानी ओल्मो का सामना पुर्तगाल के विटिन्हा , जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस से होगा । कॉटन बाउल स्टेडियम में रविवार को प्रशिक्षण से पहले पत्रकारों से बातचीत में रोड्रिगो ने कहा, 'वे हमेशा एक कठिन प्रतिद्वंद्वी होते हैं। वे हमें अच्छी तरह जानते हैं, और हम भी उन्हें अच्छी तरह जानते हैं। मेरे हिसाब से, उनके पास अब तक की सबसे बेहतरीन पीढ़ी है। हम जानते हैं कि हमें आगे बढ़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### मैकिन्टोश ने 200 मीटर बटरफ्लाई में सुपर-सूट विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल।** समर मैकिन्टोश ने महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर कैनेडियन स्विमिंग ट्रायल्स 2026 में शानदार शुरुआत की। 19 साल की इस तैराक ने मॉन्ट्रियल ओलंपिक पूल में अपना दबदबा बनाए रखा और बाकी तैराकों से काफी आगे निकल गईं।



उन्होंने 2:01.65 के ऐतिहासिक समय के साथ रेस पूरी की। यह चीन की लियू ज़िगे द्वारा 2009 में बनाए गए 2:01.81 के विश्व रिकॉर्ड से 0.16 सेकंड बेहतर समय था। इस कैनेडियन सुपरस्टार ने अच्छी शुरुआत की और पहले 50 मीटर 27.45 सेकंड में पूरे किए। रेस के बीच में उन्होंने अपनी पकड़ बनाए रखी और आखिरी 50 मीटर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। घरेलू दर्शकों के उत्साह के बीच, उन्होंने बहुत कम अंतर से लियू का समय पीछे छोड़ दिया और अपने पसंदीदा इवेंट में विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

### शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड।** शाई होप (नाबाद 86) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 85) रनों की पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिये है।



वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 58 रन से आगे खेलना शुरु किया। जॉन कैंपबेल और केवम हॉज संभल कर खेलते हुए स्कोर को 112 रन तक ले गये। 48वें ओवर में फर्नांडो ने जॉन कैंबबेल (72) को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद प्रभात जयसूर्या ने आमिर जंगू (नौ) का शिकार कर लिया। 57वें ओवर में प्रभात ने केवम हॉज (31) रन को आउट कर वेस्टइंडीज को चौथा झटका दिया। शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स ने पारी को संभाला। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। स्टंप्स के समय वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 318 रन बना लिये थे और शाई होप (नाबाद 86) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 85) क्रीज पर मौजूद है।

## खराब प्रदर्शन का असर, एशियाई फुटबॉल में नेतृत्व और कोचिंग में बड़ी उथल-पुथल

**एजेंसी, सियोल**

फीफा विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) से जुड़े कई देशों में नेतृत्व और कोचिंग स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। दक्षिण कोरिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष चुंग मोंग-ग्यु ने टीम की विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। इससे पहले मुख्य कोच होंग म्यंग-बो भी पद छोड़ चुके थे। स्टार खिलाड़ी सोन ह्यांग-मिन ने भी प्रशंसकों से माफी मांगते हुए बेहतर वापसी का भरोसा दिलाया। सऊदी अरब में भी फुटबॉल संघ अध्यक्ष यासिर अल-मिसेहल ने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा दे दिया। पहली बार विश्व कप खेलने वाले जॉर्डन ने भी सभी मैच हारने के बाद मुख्य कोच जमाल सेलामी से अलग होने का फैसला किया। वहीं कतर और इराक के कोचों का भविष्य भी अनिश्चित बना हुआ है। हालांकि उज्बेकिस्तान के कोच फैबियो कान्नावारो के पद पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव भविष्य में टीम के लिए सीख साबित होगा।

### शीर्ष स्तर तक पहुंचने के लिए और मेहनत जरूरी

**48** टीमों वाले विस्तारित विश्व कप में एएफसी की नौ टीमों ने कुल 29 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज कीं। केवल ऑस्ट्रेलिया और जापान ही ग्रुप चरण से आगे बढ़ सके। ईरान अपराजित रहने के बावजूद तीन ड्रॉ के कारण नॉकआउट में जगह नहीं बना पाया। जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप चरण पार किया, लेकिन ब्राजील के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल खाकर बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया अंतिम-32 में पेनल्टी शूटआउट में मिस्र से हार गया। एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा ने कहा कि एशियाई टीमें लगातार प्रगति कर रही हैं, लेकिन विश्व फुटबॉल के शीर्ष स्तर तक पहुंचने के लिए अभी काफी मेहनत करनी होगी। उल्लेखनीय है कि 2002 विश्व कप में दक्षिण कोरिया का सेमीफाइनल तक पहुंचना अब भी किसी एशियाई टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## अंडर-20 एशियन रेसलिंग में भारत का दमदार प्रदर्शन

### एक स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते, ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप-2026 में भारतीय अंडर-20 फ्रीस्टाइल रेसलिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल सात पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान हासिल किया।

भारतीय टीम के लिए 70 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। 61 किलोग्राम में पुष्प, 79 किलोग्राम में सौरभ यादव और 125 किलोग्राम में रोनक ने रजत पदक हासिल किए। वहीं 57 किलोग्राम में रोहित, 74 किलोग्राम में आदर्श युराज पाटिल तथा 97 किलोग्राम में लकी ने कांस्य पदक जीतकर भारत की झोली में कुल सात पदक डाले। भारतीय अंडर-20 फ्रीस्टाइल टीम के लीड कोच जॉनी चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए




कहा कि सभी पहलवानों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिचय देते हुए भारत का नाम पूरे एशिया में गौरवान्वित किया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यही युवा खिलाड़ी भविष्य में विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर भी देश के लिए पदक जीतेंगे। जॉनी चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और भारतीय दल को बधाई दी।

उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारतीय कुश्ती लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। साथ ही हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, मंडी जिला रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित जमवाल तथा महासचिव सुरेंद्र चौधरी के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए भी आभार व्यक्त किया।

## 'टीएमसी' विवाद: ममता धड़े ने चुनाव आयोग के सामने रखा पक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस का धड़ा सोमवार को चुनाव आयोग से मिला और बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से किए गए दावों का जबाव दिया। तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का कार्यकाल पांच साल का होता है और यह 2027 तक चलेगा। ऋतब्रत ने दावा किया था कि कार्यकाल 3 वर्ष का होता है और यह 2025 में समाप्त हो चुका है।

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सांसद कल्याण बनर्जी, महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष शामिल थीं। वर्तमान में ममता और ऋतब्रत के नेतृत्व वाले धड़े के बीच असली तृणमूल होने का संघर्ष चल रहा है। दोनों ही धड़े अपने-अपने आधारों पर दावा कर रहे हैं। आयोग से मुलाकात का बाद कल्याण बेनर्जी ने कहा, 'चुनाव आयोग द्वारा कथित तृणमूल सचिव ऋतुब्रत बनर्जी के एक अभ्यावेदन के आधार पर मांगे गए जवाब को दाखिल कर दिया है। हमने उस पर विस्तृत जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि ऋतब्रत का रुख था कि तृणमूल की कार्यकारी समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का कार्यकाल केवल तीन वर्ष का होता है। इसलिए 2022 में अंतिम तृणमूल समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का गठन हुआ था और इसका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो गया। बनर्जी ने आगे बताया कि पार्टी के संविधान में बदलाव कर इसे पांच वर्ष का कर दिया गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों का परिचय-पत्र किया स्वीकार



**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों से उनके परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने मोजाम्बिक के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ की राजदूत नदेस्का इमारा कथबर्ट कार्लसन, सूरीनाम की राजदूत हनीशा जयराम, गैबोनीज के उच्चायुक्त ऑरेलियन-मार्सेल मिंट्सा न्गुएमा, मंगोलिया के राजदूत डॉ. उल्जीत लुव्सानजाव तथा बहामास के उच्चायुक्त पीटर निकोलस साइमोनेट से उनके परिचय-पत्र स्वीकार किए।

प्ररिचय-पत्र प्रस्तुत करने की यह औपचारिक प्रक्रिया भारत और संबंधित देशों के बीच राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने तथा नवनियुक्त राजनयिकों को भारत में आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभालने की मान्यता प्रदान करती है।

## बांग्लादेश में खसरे का कहर 24 घंटे में 7 बच्चों की मौत

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का संक्रमण अनियंत्रित होता जा रहा है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अनुसार, पिछले 24 घंटों में खसरे के लक्षणों वाले 7 और बच्चों ने दम तोड़ दिया है, जिससे देश में इस वर्ष कुल मौतों की संख्या 738 तक पहुंच गई है। वर्तमान में देशभर में संदिग्ध खसरे के कुल मामले 1,05,618 दर्ज किए गए हैं, जबकि लैब में पुष्टि किए गए मामलों की संख्या 12,632 हो गई है। 15 मार्च के बाद से हजारों मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

मई माह में 1.84 करोड़ बच्चों के टीकाकरण का व्यापक अभियान चलाए जाने के बावजूद संक्रमण के मामलों में कमी नहीं आई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि टीकाकरण का लक्ष्य 95 प्रतिशत तक पूरा न हो पाना और संक्रमण रोकने के नियमों में ढिलाई बरतना इस आपदा का मुख्य कारण है। जानकारों का कहना है कि आइसोलेशन और क्वारंटीन जैसी बुनियादी सावधानियों को नजरअंदाज करने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।

विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने चेतावनी दी है कि टीकाकरण अभियान की योजना में रही खामियों के कारण कई बच्चे अभी भी असुरक्षित हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए घर-घर जाकर नया विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करना अनिवार्य है। इसके अलावा, डेंगू के आगामी मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रमण नियंत्रण के उपायों को तुरंत सख्ती से लागू करने की अपील की है, ताकि भविष्य में और मौतों को रोका जा सके।

### मोदी सरकार की नीतियों से भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा : खरगे

एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। श्री खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत के दावे वास्तविक आंकड़ों से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग के अनुसार भारत 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि एक अन्य वैश्विक पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 2026 में 125वें स्थान पर है। उन्होंने दावा किया कि इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय पासपोर्ट की स्थिति मजबूत होने के बजाय कमजोर हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सेवाओं में सुधार करने के बजाय पासपोर्ट बनवाना महंगा कर दिया है। उनके अनुसार, सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, जबकि तत्काल पासपोर्ट शुल्क 5,000 तक पहुंच गया है।

## 'सपा' सरकार के कामों को अपना बताकर भाजपा सरकार कर रही उद्घाटन: अखिलेश

**एजेंसी, लखनऊ**

समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों का ये भाजपा सरकार आज भी उद्घाटन कर रही है। सपा सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनवाया। लखनऊ मेट्रो जितनी बनी थी उतनी है, वो आगे नहीं बढ़ पाई।

यह आरोप समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगाए। वे सोमवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में बना अमूल का प्लांट है, पराग का प्लांट है, एचसीएल है, आईआईआईटी है, डायल 100 है, पुलिस का हेडक्वार्टर, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम इकाना हमारी सरकार में बनवाया गया। मेदांता हम लोग लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किया। ग्रीन कॉरीडोर लखनऊ का हम लोगों ने बढ़ाया, रिवरफ्रंट बनाया। लेकिन उसे भी इस सरकार ने बर्बाद कर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उप्र में किसान बाजार, आम के लिए विशेष मंडी बनाई गई, किसानों के रुकने की जगह-जगह थ्री स्टार होटल बनाए। हरदोई के संडीला में पेप्सी का सबसे बड़ा प्लांट लगा था, सबसे बेहतर सस्ता कैंसर अस्पताल इलाज के लिए बनाया था, शिल्प ग्राम भाजपा सरकार की अनदेखी के चलते जर्जर और बर्बाद हो गई। देश में सबसे ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज कहीं बंद हुए हैं तो उत्तर प्रदेश में हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सपा सरकार में बने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को बर्बाद कर दिया है। इतना बड़ा पार्क देश में नहीं देखने को मिलेगा, जितना जनेश्वर मिश्र पार्क था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को महापुरुष के नाम पर बने जेपीएनआईसी से नफरत है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन हुआ था, तो उन्होंने तय किया था कि उनका रास्ता समाजवादी होगा, सेक्युलर होगा। उन्होंने कहा कि जो लखनऊ में भाजपा के विधायक है वो क्षेत्र बदलने की तैयारी में हैं। हम लोग क्षेत्र नहीं बदलने देंगे, विधायक बदल देंगे। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में अन्याय, अत्याचार हर सीमा को लांघ गया है, इस सरकार का यही तो मॉडल है।

**सुरक्षा** विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी फ्रिगेट

# भारतीय नौसेना को मिलेगा नया ताकतवर युद्धपोत 'महेंद्रगिरि'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, 'महेंद्रगिरि' 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगा। महेंद्रगिरि 'प्रोजेक्ट 17ए' का छठा और अंतिम युद्धपोत है जो कमीशन के लिए तैयार है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की महेंद्रगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है और यह मज़बूती, ताकत और अटूट संकल्प का प्रतीक है। 'महेंद्रगिरि' भारत के समुद्री इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने के लिए तैयार है।

भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया और मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा बनाया गया 'महेंद्रगिरि' स्वदेशी युद्धपोत डिज़ाइन और निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण है।



उन्नत स्टील्थ फीचर्स, अत्यधिक टिकाऊ , कम रडार सिग्नेचर और हाई-लेवल ऑटोमेशन से लैस यह फ्रिगेट आधुनिक 'कंबाइंड डीज़ल या गैस' प्रोपल्शन सिस्टम से चलता है। यह सिस्टम इसे सभी तरह के समुद्री मिशनों में बेहतरीन क्षमता के साथ तेज़ गति से काम करने में सक्षम बनाता है। महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और यह सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके निर्माण में भारतीय उद्योगों का एक बड़ा नेटवर्क शामिल रहा है, जिसमें कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भी शामिल हैं। इससे रोज़गार के अवसर पैदा हुए हैं और देश का रक्षा औद्योगिक आधार मज़बूत हुआ है।

यह फ्रिगेट स्वदेशी और अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस है। इनमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टम, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमताएं, व्यापक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और एक इंटीग्रेटेड कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं।